<u>भारत के राजपत्र असाधारण के भाग-I खंड-I में प्रकाशनार्थ</u>

फाइल सं. 6/03/2024-डीजीटीआर
भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
व्यापार उपचार महानिदेशालय
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग,
5, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

दिनांक:12 फरवरी, 2025

मामला सं.-एडी (ओआई) -03/2024

<u>अंतिम जांच परिणाम</u>

विषय: चीन पीआर से उत्पन्न या निर्यातित "टाइटेनियम डाइऑक्साइड (TiO2)" के आयातों से संबन्धित पाटनरोधी जांच ।

फा.सं. 6/03/2024-डीजीटीआर - समय-समय पर यथासंशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 और समय समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति का निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे आगे यहां "नियमावली" कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए।

क. <u>मामले की पृष्ठभूमि</u>

1. जबकि, केरल मिनरल्स एंड मेटल्स लिमिटेड, त्रावणकोर टाइटेनियम प्रोडक्ट्स लिमिटेड, और वीवी टाइटेनियम पिग्मेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (जिसे आगे "आवेदक" अथवा "घरेलू उद्योग" अथवा "डीआई" कहा गया है) ने चीन जन.गण. (जिसे आगे "संबद्ध देश" कहा गया है) के के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "टाइटेनियम डाइऑक्साइड" (जिसे आगे "संबद्ध सामान" अथवा "विचाराधीन उत्पाद" अथवा "पीयूसी" कहा गया है) के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरु करने के लिए अधिनियम तथा नियमावली के अनुसार घरेलू उद्योग की ओर से निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे आगे यहां "प्राधिकारी" कहा गया है) के समक्ष एक आवेदन पत्र दायर किया है।

2. और जबकि, प्राधिकारी ने आवेदकों द्वारा प्रस्तुत पर्याप्त *पृथमदृष्टया साक्ष्य के आधार पर* संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां निर्यातित संबद्ध सामानों के तथाकथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव निर्धारित करने और पाटनरोधी शुल्क की राशि, जो यदि लगाई जाए और घरेलू उद्योग को तथाकथित क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगी, की सिफारिश करने के लिए नियमावली के नियम 5 के साथ पठित सीमा प्रशुल्क अधिनियम की धारा 9क के अनुसार पाटनरोधी जांच शुरु करते हुए भारत के राजपत्र, असाधारण के भाग-I खंड- I में प्रकाशित 28 मार्च, 2024 की अधिसूचना संख्या 6/03/2024-डीजीटीआर के माध्यम से एक सार्वजनिक सूचना जारी की।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

3. जांच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया अपनाई गई है:

क. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 5(5) के अनुसार जांच शुरु करने की कार्यवाही से पूर्व वर्तमान आवेदन-पत्र की प्राप्ति के संबंध में भारत में संबद्ध देश के दूतावास को अधिसूचित किया।

ख. प्राधिकारी ने संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के आयातों के संबंध में जांच शुरु करते हुए भारत के राजपत्र, असाधारण के भाग I खंड I में प्रकाशित दिनांक 28 मार्च, 2024 को सार्वजनिक अधिसूचना जारी की।

ग. नियम 6(2) के अनुसार प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध देश के दूतावास और ज्ञात उत्पादकों तथा संबद्ध देश के निर्यातकों, संबद्ध सामानों के ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं तथा आवेदक द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार अन्य हितबद्ध पक्षकारों को जांच की शुरुआत की अधिसूचना की प्रति भेजी। हितबद्ध पक्षकारों से अनुरोध किया गया था कि वे जांच की शरुआत की अधिसूचना में निर्धारित स्वरूप और तरीके में संगत सूचना उपलब्ध कराएं तथा जांच की शुरुआत में निर्धारित समय सीमा के भीतर लिखित में अपने ज्ञात अनुरोध दें।

घ. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों तथा संबद्ध देश के दूतावास को आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर की प्रति उपलब्ध

कराई। आवेदन पत्र के अगोपनीय रूपांतर की प्रति अन्य हितबद्ध पक्षकारों को परिचालित की गई थी।

ड. भारत में संबद्ध देश के दूतावास से यह भी अनुरोध किया गया था कि वे अपने देश के निर्यातकों/उत्पादकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह दें। उत्पादकों/निर्यातकों को भेजे गए पत्र और प्रश्नावली की प्रति भी उन्हें संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों के नामों और पतों के साथ भेजी गई थी।

च. हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के संबंध में अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए और यदि अपेक्षित हो तो उत्पाद नियंत्रण संख्या (पीसीएन) का प्रस्ताव अगोपनीय आवेदन-पत्र के परिचालन की तारीख से 15 दिन की अवधि के भीतर देने का अवसर दिया गया था।

छ. हितबद्ध पक्षकारों को प्राधिकारी के समक्ष दायर दस्तावेज के अगोपनीय रूपांतर के परिचालन के 7 दिनों के भीतर घरेलू उद्योग द्वारा दावा किए गए गोपनीयता के मुद्दों के संबंध में अपनी टिप्पणियां देने का अवसर दिया गया था।

ज. प्राधिकारी ने प्रस्तावित शुल्कों के आर्थिक प्रभाव संबंधी इनपुट की मांग करते हुए हितबद्ध पक्षकारों को एक आर्थिक हित प्रश्नावली(जिसे आगे यहां 'ईआईक्यू' कहा गया है) भी जारी की।

झ. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना मंगाते हुए, संबद्ध देश के निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को प्रश्नावलियां भेजी:

i. लोमोन बिलियन्स ग्रुप (चीन)
ii. सीएनएनसी हुआ युआन टाइटेनियम डाइऑक्साइड कंपनी लिमिटेड (चीन)
iii. शेडोंग डोगाइड ग्रुप कंपनी लिमिटेड (चीन)
iv. जिनान यूक्सिंग केमिकल कंपनी लिमिटेड (चीन)
v. शेडोंग डॉन ग्रुप कंपनी लिमिटेड (चीन)
vi. जिलिन जीपीआरओ टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड (चीन)
vii. निंगबो शिनफू टाइटेनियम डाइऑक्साइड कंपनी लिमिटेड (चीन)
viii. पैंगांग ग्रुप टाइटेनियम रिसोर्सेज कंपनी लिमिटेड (चीन)

ix. अनहुई अन्नाडा टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड (चीन)

x. पंजिहुआ डोंगफैंग टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड (चीन)

xi. जियांग्शी टिकॉन टाइटेनियम कंपनी लिमिटेड (चीन)

xii. गुआंग्शी जिनमाओ टाइटेनियम कंपनी लिमिटेड (चीन)

xiii. शंघाई यूजियांग टाइटेनियम केमिकल मैन्युफैक्चरर कंपनी लिमिटेड (चीन)

xiv. जियांग्सू जीपीआरओ ग्रुप (चीन)

xv. शेडोंग जिन्हाई (लुबेई) (चीन)

xvi. चाइना नेशनल ब्लू स्टार ग्रुप कंपनी (चीन)

xvii. पंजिहुआ ताइहाई (चीन)

xviii. अनहुई अन्नदा टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड (चीन)

xix. पंजिहुआ हाइफैंगक्सिन रसायन। कंपनी लिमिटेड (चीन)

xx. कांगवू शुनफैंग टाइटेनियम डाइऑक्साइड कंपनी लिमिटेड (चीन)

xxi. केमोर्स चेंगुआंग (चीन)

xxii. जियांग्शी तिकोन टाइटेनियम कंपनी लिमिटेड (चीन)

xxiii. गुआंग्शी जिनमाओ (चीन)

xxiv. गुआंग डोंग हुई यूं टाइटेनियम उद्योग (चीन)

xxv. जियांग्सू ताइबाई ग्रुप कंपनी लिमिटेड (चीन)

xxvi. तियानयुआन समूह (चीन)

xxvii. युन्नान दाहुतोंग (चीन)

xxviii. पंजिहुआ ज़िंगज़ोंग (चीन)

ञ. उपर्युक्त अधिसूचना के उत्तर में संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकरण किया है।

i. हेनान बिलियन एडवांस्ड मटेरियल कं, लिमिटेड

ii. एलबी ग्रुप कं, लिमिटेड

iii. एलबी लुफेंग टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड

iv. एलबी सिचुआन टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड

v. एलबी जियांगयांग टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड

vi. बिलियन (हांगकांग) कॉर्पोरेशन लिमिटेड

vii. अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड (ग्रुप) कं, लिमिटेड

viii. अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड ट्रेडिंग कं, लिमिटेड

ix. यिबिन तियानयुआन हैफेंग हेताई कं, लिमिटेड

x. यिबिन तियानयुआन ग्रुप कं, लिमिटेड

xi. एफॉन (हांगकांग) कंपनी लिमिटेड

xii. शेडोंग जियांगहाई टाइटेनियम कं, लिमिटेड

xiii. शेडोंग जिनहाई टाइटेनियम रिसोर्सेज टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड

xiv. पैंगांग समूह की चोंगकिंग टाइटेनियम उद्योग कं, लिमिटेड

xv. पैंगांग समूह टाइटेनियम उद्योग कं, लिमिटेड

xvi. पैंगांग समूह चेंगदू वैनेडियम और टाइटेनियम संसाधन विकास कं, लिमिटेड

xvii. पैंगांग समूह चोंगकिंग वैनेडियम और टाइटेनियम प्रौद्योगिकी कं, लिमिटेड

xviii. जियांग्शी टिकॉन टाइटेनियम उत्पाद कं लिमिटेड (एक ट्रोनॉक्स कंपनी)

xix. कुनमिंग डोंगहाओ टाइटेनियम कं, लिमिटेड

xx. इंटर चाइना केमिकल कं, लिमिटेड

xxi. अनहुई अन्नाडा टाइटेनियम उद्योग कं, लिमिटेड

xxii. शेडोंग डोगाइड समूह कं, लिमिटेड

xxiii. कियानजियांग फैंगयुआन टाइटेनियम उद्योग कं, लिमिटेड

xxiv. जिनान यूक्सिंग केमिकल कं, लिमिटेड

xxv. निंगबो शिनफू टाइटेनियम डाइऑक्साइड कं, लिमिटेड

xxvi. निंगबो शिनफू केमिकल मार्केटिंग कं, लिमिटेड

xxvii. शेडोंग डॉन टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड

ट. संबद्ध जांच की शुरुआत की अधिसूचना के उत्तर में संबद्ध देश से निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली के उत्तर दायर कर, उत्तर दिया है:

i. हेनान बिलियन एडवांस्ड मटेरियल कं, लिमिटेड

ii. एलबी ग्रुप कं, लिमिटेड

iii. एलबी लुफेंग टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड

iv. एलबी सिचुआन टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड

v. एलबी जियांगयांग टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड

vi. बिलियन (हांगकांग) कॉर्पोरेशन लिमिटेड

vii. अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड (ग्रुप) कं, लिमिटेड

viii. अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड ट्रेडिंग कं, लिमिटेड

ix. यिबिन तियानयुआन हैफेंग हेताई कं, लिमिटेड

x. यिबिन तियानयुआन ग्रुप कं, लिमिटेड

xi. एफॉन (हांगकांग) कंपनी लिमिटेड

xii. शेडोंग जियांगहाई टाइटेनियम कं, लिमिटेड

xiii. शेडोंग जिनहाई टाइटेनियम रिसोर्सेज टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड

xiv. पैंगांग समूह की चोंगकिंग टाइटेनियम उद्योग कं, लिमिटेड

xv. पैंगांग समूह टाइटेनियम उद्योग कं, लिमिटेड

xvi. पैंगांग समूह चेंगदू वैनेडियम और टाइटेनियम संसाधन विकास कं, लिमिटेड

xvii. पैंगांग समूह चोंगकिंग वैनेडियम और टाइटेनियम प्रौद्योगिकी कं, लिमिटेड

xviii. जियांग्शी टिकॉन टाइटेनियम उत्पाद कं लिमिटेड (एक ट्रोनॉक्स कंपनी)

xix. कुनमिंग डोंगहाओ टाइटेनियम कं, लिमिटेड

xx. इंटर चाइना केमिकल कं, लिमिटेड

xxi. अनहुई अन्नाडा टाइटेनियम उद्योग कं, लिमिटेड

xxii. शेडोंग डोगाइड समूह कं, लिमिटेड

xxiii. कियानजियांग फैंगयुआन टाइटेनियम उद्योग कं, लिमिटेड

xxiv. जिनान यूक्सिंग केमिकल कं, लिमिटेड

xxv. निंगबो शिनफू टाइटेनियम डाइऑक्साइड कं, लिमिटेड

xxvi. निंगबो शिनफू केमिकल मार्केटिंग कं, लिमिटेड

xxvii. शेडोंग डॉन टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड

ठ. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना मंगाते हुए, भारत में संबद्ध सामानों के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को प्रश्नावली भेजी:

i. एशियन पेंट्स इंडिया लिमिटेड

ii. जेसीटी लिमिटेड

iii. बर्जर पेंट्स लिमिटेड

iv. शुलमैन प्लास्टिक इंडिया लिमिटेड

v. बर्जर बेकर कोटिंग्स प्राइवेट लिमिटेड

vi. हैंसन पेंट्स

vii. कंसाई नेरोलैक पेंट्स लिमिटेड

viii. कामधेनु पेंट्स

ix. अक्जो नोबेल

x. यूफ्लेक्स लिमिटेड

xi. जोटुन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

xii. अपोलो पाइपिंग सिस्टम्स

xiii. इंडिगो पेंट्स

xiv. यानसेफू इंक्स एंड कोटिंग्स प्राइवेट लिमिटेड

xv. क्लेरिएंट केमिकल्स

xvi. मुंद्रा मास्टरबैचेज

xvii. एससीजे प्लास्टिक्स

xviii. पैरामाउंट पाउडर

xix. आशीर्वाद पाइप्स

xx. भाविन इंडस्ट्रीज

xxi. हाई-टेक इंक्स प्राइवेट लिमिटेड

ड. निम्नलिखित आयातक/प्रयोक्ता ने हितबद्ध पक्षकार के रूप में खुद को पंजीकृत किया है:

i. केमको कॉरपोरेशन

ii. संदीप ऑर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड

iii. सोलटेक्स पेट्रोप्रोडक्ट्स लिमिटेड

iv. श्री अंबिका पॉलीफिल

v. मेरिट पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड

vi. प्लास्टेक इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड

vii. पॉलीवर्ल्ड

viii. के टी क्वालिटी कंट्रोल प्राइवेट लिमिटेड

ix. कंडुई इंडस्ट्रीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

ढ. निम्नलिखित आयातकों/प्रयोक्ताओं ने प्राधिकारी को प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत किए हैं:

i. केमको कॉर्पोरेशन

ii. इंडियन पेंट एसोसिएशन के माध्यम से निप्पॉन पेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

ण. निम्नलिखित आयातक/प्रयोक्ता ने खुद को हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकृत नहीं किया है, परंतु जांच प्रक्रिया के दौरान लिखित अनुरोध किए हैं:

i. क्लासिक सॉल्वैंट्स

त. निम्नलिखित प्रयोक्ता एसोसिएशनों ने स्वयं को हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकृत किया है:

i. इंडियन पेंट एसोसिएशन (आईपीए)

ii. ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एआईपीएमए)

iii. एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम)

iv. पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई)

थ. चीन जन.गण. से निम्नलिखित उत्पादक/निर्यातक एसोसिएशन ने खुद को हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकृत किया है और लिखित अनुरोध किए हैं:

i. चाइना नेशनल कोटिंग्स इंडस्ट्री एसोसिएशन (सीएनसीआईए)

द. निम्नलिखित प्रयोक्ता एसोसिएशनों ने जांच प्रक्रिया के दौरान लिखित अनुरोध किए हैं:

i. इंडियन पेंट एसोसिएशन (आईपीए)

ii. ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एआईपीएमए)

iii. एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम)

iv. पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई)

ध. निम्नलिखित प्रयोक्ता एसोसिएशन ने स्वयं को हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकृत नहीं किया है परंतु जांच प्रक्रिया के दौरान लिखित अनुरोध किए हैं:

i. इंडियन पेंट एंड कोटिंग एसोसिएशन (आईपीसीए)

न. वर्तमान जांच के लिए जांच की अवधि (पीओआई) 1 अक्टूबर 2022 से 30 सितंबर 2023 (12 महीने) है। क्षति जांच अवधि में 1 अप्रैल 2020 - 31 मार्च 2021, 1 अप्रैल 2021 - 31 मार्च 2022, 1 अप्रैल 2022 - 31 मार्च 2023 और जांच की अवधि शामिल है।

प. डीजी सिस्टम से क्षति अवधि और जांच की अवधि के लिए संबद्ध सामानों के आयात का लेन-देन-वार विवरण प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। वे प्राधिकारी को प्राप्त हुए थे और जांच की शुरुआत के चरण में तथा वर्तमान प्रकटन विवरण के लिए उन पर विचार किया गया था।

फ. हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पद्धति के संबंध में अपनी टिप्पणियां दायर करने के लिए आवेदन पत्र के अगोपनीय रूपांतर के परिचालन की तारीख 15 दिन का समय दिया गया था, जो हितबद्ध पक्षकों के अनुरोध पर प्राधिकारी द्वारा दिए गए समय विस्तार के बाद 6 मई, 2024 को समाप्त हो गया। कुछ हितबद्ध पक्षकारों से अनुरोध प्राप्त हुए थे, जिनकी प्राधिकारी द्वारा विधिवत जाँच की गई।

ब. प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद और प्रस्तावित उत्पाद नियंत्रण संख्या (पीसीएन) के संबंध में चर्चा करने के लिए सभी हितबद्ध पक्षकारों के साथ 3 जून 2024 को विचार-विमर्श आयोजित किया। हितबद्ध पक्षकारों से इनपुट प्राप्त होने के बाद, प्राधिकारी ने 16 जुलाई 2024 की अधिसूचना के माध्यम से विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पद्धति को अंतिम रूप दिया। प्राधिकारी ने प्रश्नावली के उत्तर दायर करने के लिए हितबद्ध पक्षकारों को 16 जुलाई, 2024 से 30 दिन का समय दिया।

भ. उत्पादकों और निर्यातकों/व्यापारियों, जिन्होंने जांच में उत्तर दिया, की भारी संख्या के मद्देनजर, प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 17(3) के अनुसरण में और हितबद्ध पक्षकारों की टिप्पणियों की जांच करने के बाद, जांच अवधि के दौरान चीन जन.गण. से भारत को निर्यात की मात्रा की भारी प्रतिशतता के आधार पर पाटन मार्जिन के निर्धारण के लिए निम्नलिखित तीन (3) उत्पादकों का उनके संबद्ध निर्यातकों के साथ चयन किया, जिनकी सूची नीचे दी गई है:

क. **एलबी ग्रुप** जिसमें निम्नलिखित उत्पादक/निर्यातक शामिल हैं - हेनान बिलियन्स एडवांस्ड मैटेरियल कं, लिमिटेड, एलबी ग्रुप कं, लिमिटेड, एलबी लुफेंग टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड, एलबी सिचुआन टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड, एलबी जियांगयांग टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड, बिलियन्स (हांगकांग) कॉर्पोरेशन लिमिटेड और बिलियन्स यूरोप लिमिटेड, यूके

ख. **गोल्ड स्टार ग्रुप** जिसमें उत्पादक/निर्यातक शामिल हैं- अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड (ग्रुप) कं, लिमिटेड और अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड ट्रेडिंग कं, लिमिटेड

ग. **डोंग ग्रुप** में उत्पादक/निर्यातक- शेडोंग जियांगहाई टाइटेनियम कंपनी लिमिटेड और शेडोंग जिनहाई टाइटेनियम रिसोर्सेज टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड शामिल हैं।

म. प्राधिकारी ने चीन जन.गण. से नमूनाकृत उत्पादकों के पाटन मार्जिन के आधार पर और नियमावली के प्रावधानों के अनुसार चीन जन.गण. से गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन का निर्धारित किया।

य. नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने 29 अक्टूबर, 2024 को आयोजित सार्वजनिक सुनवाई के माध्यम से संबद्ध जांच के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों को उनके विचार मौखिक रूप से प्रस्तुत करने के लिए अवसर प्रदान किया। जिन हितबद्ध पक्षकारों ने मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत किए, उनसे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों के लिखित अनुरोध दायर करने उसके बाद प्रत्युत्तर अनुरोध, यदि कोई है, दायर करने का अनुरोध किया गया था। हितबद्ध

पक्षकारों को अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ लिखित अनुरोधों का अगोपनीय रूपांतर साझा करने का भी निर्देश दिया गया था।

कक. क्षति रहित कीमत (जिसे इसके पश्चात 'एनआईपी' कहा गया है) का निर्धारण, सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा सिद्धांतों (जीएएपी) और पाटनरोधी नियमावली, 1995 के अनुबंध III के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना के आधार पर, भारत में संबद्ध सामानों के लिए उत्पादन की लागत और नियोजित पूंजी पर उपयुक्त आय के आधार पर किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को हुई क्षति को को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होंगे।

खख. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना की जांच की गई है और आवश्यक समझी गई सीमा तक स्थल सत्यापन के दौरान सत्यापित की गई है तथा वर्तमान प्रकटीकरण विवरण के लिए उस पर विश्वास किया गया है।

गग. संबद्ध देश के सहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत सूचना की जांच और सत्यापन भी, आवश्यक समझी गई सीमा तक किया गया है तथा वर्तमान प्रकटन विवरण के लिए उस पर विश्वास किया गया है।

घघ. प्राधिकारी ने व्यापार सूचना सं. 01/2020 दिनांक 10 अप्रैल 2020 के माध्यम से निर्धारित तरीके में पारस्परिक आधार पर विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य का अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराया। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना/अनुरोधों की जांच उन गोपनीयता के दावों की पर्याप्तता के संबंध में की गई थी।

ङ.ङ. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए सभी तर्कों और दी गई सूचना पर उस सीमा तक विचार किया है, जहां तक वे साक्ष्य से समर्थित हैं और वर्तमान जांच में संगत माने गए हैं।

चच. जहां भी किसी हितबद्ध पक्ष ने वर्तमान जांच के दौरान आवश्यक सूचना देने से इनकार किया है, अन्यथा आवश्यक सूचना नहीं दी है, अथवा जांच में काफी बाधा डाली है, वहां प्राधिकारी ने उन पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर प्रकटन विवरण में रिकॉर्ड किया है।

छछ. इस प्रकटन विवरण में '***' किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना तथा पाटनरोधी नियमावली, 1995 के नियम 7 के तहत प्राधिकारी द्वारा मांगी गई सूचना दर्शाता है।

जज. संबद्ध जांच के लिए प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = 83.21 रुपए है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

4. जांच की शुरुआत के स्तर पर विचाराधीन उत्पाद (जिसे इसके बाद "पीयूसी" अथवा "संबद्ध सामान" भी कहा गया है), निम्नलिखित था:

> *3.* वर्तमान आवेदन पत्र में विचाराधीन उत्पाद ***"टाइटेनियम डाइऑक्साइड है, जिसमें खाद्य, फार्मा, त्वचा-देखभाल, कपड़ा और फाइबर अनुप्रयोग और नैनो या अल्ट्राफाइन टाइटेनियम डाइऑक्साइड शामिल नहीं है, जिसका कण आकार 100 एनएम से कम है"***
>
> ***<u>उत्पाद के क्षेत्र से विशिष्ट रूप से हटाना</u>***
>
> *4. विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से विशेष रूप से निम्नलिखित अनुप्रयोगों या विनिर्देशन के लिए टाइटेनियम डाइऑक्साइड को बाहर रखा गया है:*
>
> *i. खाद्य*
> *ii. फार्मा*
> *iii. त्वचा-देखभाल*
> *iv. कपड़ा*

v. फाइबर अनुप्रयोग

vi. नैनो या अल्ट्राफाइन टाइटेनियम डाइऑक्साइड जिसका कण आकार 100 एनएम से कम है

<u>उत्पाद के सामान्य गुण-धर्म</u>

5. *टाइटेनियम डाइऑक्साइड (टीआई02) एक सफेद अकार्बनिक यौगिक है जिसे मुख्य रूप से खनिज अयस्कों से निकाला जाता है और इसका उपयोग विभिन्न प्रकार के उत्पादों में किया जाता है। टीआई02 का मुख्य प्राकृतिक स्रोत इल्मेनाइट अयस्क है जिसमें 30- 60% टीआई02 होता है। शुद्ध टीआई02 का उत्पादन इल्मेनाइट अयस्क से क्लोराइड या सल्फेट प्रक्रिया का उपयोग करके किया जाता है।*

6. *वर्तमान जांच में संबद्ध सामान यानी टीआई02 वर्णक हैं। टाइटेनियम डाइऑक्साइड को इसके कण आकार के आधार पर मोटे तौर पर पिगमेंटरी टीआई02 और नैनो/अल्ट्राफाइन टीआई02 में वर्गीकृत किया जा सकता है। पिगमेंटरी टाइटेनियम डाइऑक्साइड का आयाम लगभग 200 - 350 एनएम है जो कुल उत्पादन का 98% बनाता है और इसका उपयोग मुख्य रूप से इसके उच्च अपवर्तक सूचकांक और परिणामस्वरूप दृश्य प्रकाश के बिखराव और उच्च अपारदर्शिता के लिए किया जाता है। दूसरे शब्दों में, टाइटेनियम डाइऑक्साइड के वैश्विक उत्पादन का 98% वर्णक के रूप में उपयोग किया जाता है।*

<u>टाइटेनियम डाइऑक्साइड के ग्रेड- रूटाइल और एनाटेस ग्रेड</u>

7. *याचिकाकर्ता/आवेदक टाइटेनियम डाइऑक्साइड के **रूटाइल और एनाटेस ग्रेड** का निर्माण कर रहे हैं जो कि क्रिस्टल संरचना के आधार पर टाइटेनियम डाइऑक्साइड के दो रूप हैं।*

8. *रूटाइल एक खनिज है जो मुख्य रूप से टाइटेनियम डाइऑक्साइड से बना है। रूटाइल इल्मेनाइट से उत्पादित किया जाता है, जो कि टाइटेनियम, फेरस आयरन और फेरिक आयरन का मिश्रण है। रूटाइल टीआई02 का सबसे आम प्राकृतिक रूप है। रूटाइल में किसी भी ज्ञात खनिज के उच्चतम अपवर्तक सूचकांक होते हैं और यह उच्च फैलाव*

प्रदर्शित करता है। प्राकृतिक रूटाइल में 10% तक लोहा और महत्वपूर्ण मात्रा में नियोबियम और टैंटलम हो सकते हैं।

9. *टीआई02 का एनाटेस ग्रेड इल्मेनाइट से निर्मित होता है, जो कि टाइटेनियम, फेरस आयरन और फेरिक आयरन का मिश्रण है। इसमें बहुत अधिक मात्रा में सफेदी होती है। इल्मेनाइट में टाइटेनियम को सल्फ्यूरिक एसिड के साथ इस कच्चे माल की प्रतिक्रिया करके निकाला जाता है। टाइटेनियम टाइटेनियम ऑक्सी सल्फेट के रूप में घोल में जाता है। टाइटेनियम डाइऑक्साइड एनाटेस को टाइटेनियम ऑक्सी सल्फेट से लाइव स्टीम इंजेक्ट करके और उपचारित पल्प को डीवाटर करके प्राप्त किया जाता है।*

<u>प्रयोग</u>

10. *टाइटेनियम डाइऑक्साइड ज्ञात पिगमेंट में सबसे चमकीला और सफ़ेद है और अपने उच्च अपवर्तक सूचकांक और यूवी प्रतिरोध के कारण पेंट और कोटिंग्स, प्लास्टिक, कागज़, रबड़ और स्याही जैसे अनुप्रयोगों में सबसे अधिक मांग वाला सफ़ेद पिगमेंट है। उच्च अपवर्तक सूचकांक अंतिम उत्पादों को उच्च सफ़ेदी और छिपाने की शक्ति (अपारदर्शिता) प्रदान करता है। टीआई02 पिगमेंट ऊर्जा बचाने वाले के रूप में भी उपयोग किया जाता है क्योंकि गर्म जलवायु में इमारतों के बाहर पेंट कोटिंग्स में उपयोग किए जाने पर प्रकाश परावर्तक गुणों के कारण यह एयर कंडीशनिंग की आवश्यकता को कम करता है।*

<u>टैरिफ वर्गीकरण</u>

11. *विचाराधीन उत्पाद को सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के अध्याय 28 और 32 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जा सकता है। अध्याय 28 के अंतर्गत उत्पाद के लिए समर्पित कोड 28230010 है। हालाँकि, चूँकि यह एक रंगद्रव्य है, इसलिए आयात 32061110 और 32061190 के अंतर्गत भी रिपोर्ट सूचित किए जा रहे हैं। हालाँकि, यह संभव है कि*

संबद्ध सामनों को अन्य शीर्षकों के अंतर्गत आयात किया जा सकता है और इसलिए, सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक हैं और वर्तमान जाँच के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं हैं।"

5. घरेलू उद्योग ने शुरू में क्रिस्टलीय संरचना यानी एनाटेस और रूटाइल पर आधारित पीसीएन पद्धति का प्रस्ताव रखा था।
6. विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पद्धति पर हितबद्ध पक्षकारों से विभिन्न टिप्पणियां प्राप्त हुईं थी। उन पर चर्चा करने के लिए 3 जून 2024 को एक बैठक आयोजित की गई। विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पद्धति के संबंध हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त टिप्पणियाँ निम्नलिखित हैं।

ग.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

7. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. टाइटेनियम डाइऑक्साइड (टीआई02) के विभिन्न ग्रेड और प्रकारों की भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, उपयोग, मूल्य निर्धारण और उत्पादन लागत में अंतर के कारण निष्पक्ष तुलना सुनिश्चित करने के लिए जांच में पीसीएन वार मूल्यांकन महत्वपूर्ण है। उत्पादन प्रक्रिया और क्रिस्टलीय संरचना के आधार पर पीसीएन वर्गीकरण: एनाटेस-सल्फेट (ए-एस), रूटाइल-सल्फेट (आर-एस), और रूटाइल-क्लोराइड (आर-सी) कई हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तावित किए गए हैं।

ii. टीआई02 दो क्रिस्टलीय रूपों में मौजूद है: रूटाइल और एनाटेस। रूटाइल में अधिक कॉम्पैक्ट और सममित क्रिस्टल जाली के कारण उच्च अपवर्तक सूचकांक, अधिक रासायनिक स्थिरता और बेहतर स्थायित्व होता है। एनाटेस में कम अपवर्तक सूचकांक, कम स्थिरता और कम घनापन, अनियमित क्रिस्टल संरचना होती है। ये अंतर उनके अलग-अलग अनुप्रयोगों और गुणों को प्रभावित करते हैं।

iii. टीआई02 का उत्पादन क्लोराइड या सल्फेट मार्ग से होता है, जो इसके गुणों और ग्रेड को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है। क्लोराइड प्रक्रिया उच्च-शुद्धता वाले टीआई02 का उत्पादन करती है जो ऑटोमोबाइल और वास्तुकला के लिए पेंट और कोटिंग्स जैसे उच्च-गुणवत्ता वाले अनुप्रयोगों के लिए उपयुक्त है, लेकिन यह अधिक

महंगा है। सल्फेट प्रक्रिया कम-शुद्धता वाले टीआई02 का उत्पादन करती है, जो कागज, प्लास्टिक और रबड़ में अनुप्रयोगों के लिए लागत प्रभावी है। एनाटेस पिगमेंट आमतौर पर सल्फेट प्रक्रिया के माध्यम से उत्पादित किया जाता है, जबकि रूटाइल पिगमेंट क्लोराइड और सल्फेट दोनों प्रक्रियाओं के माध्यम से उत्पादित किया जा सकता है।

iv. सल्फेट-एनाटेस और सल्फेट-रूटाइल के बीच 20% से अधिक कीमत अंतर है और सल्फेट-एनाटेस और क्लोराइड-रूटाइल के बीच 40% से अधिक कीमत अंतर है।

v. "सल्फेट मार्ग के माध्यम से निर्मित रूटाइल-ग्रेड टीआई02" को विचाराधीन उत्पाद से बाहर करने का अनुरोध किया गया है क्योंकि कोई भी आवेदक इस विशिष्ट ग्रेड का उत्पादन नहीं करता है। इसके अतिरिक्त, तकनीकी मापदंडों, उत्पादन लागत, अंतिम उपयोग और मूल्य निर्धारण में महत्वपूर्ण अंतर के कारण "क्लोराइड प्रक्रिया के माध्यम से उत्पादित रूटाइल-ग्रेड टीआई02 को पीयूसी के क्षेत्र से बाहर करने का अनुरोध किया गया है।

vi. टीआई02 के एनाटेस और रूटाइल ग्रेड को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में मिलाना त्रुटिपूर्ण होगा। वे अपनी उत्पादन प्रक्रिया, भौतिक, तकनीकी और रासायनिक गुणों के साथ-साथ अंतिम उपयोग में भिन्न हैं। इन ग्रेडों को विभिन्न टैरिफ शीर्षकों के अंतर्गत भी वर्गीकृत किया गया है।

vii. यह कहा गया है कि घरेलू उद्योग ने स्वयं स्वीकार किया है कि एनाटेस और रूटाइल ग्रेड शुद्धता, अपवर्तक सूचकांक, विशिष्ट गुरुत्व, कठोरता और क्रिस्टल संरचना जैसे गुणों में काफी भिन्न हैं। इसके अतिरिक्त, उत्पादन तकनीक और अनुप्रयोग में अंतर के कारण उन्हें एक दूसरे के स्थान पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।

viii. अधिकतर चीनी उत्पादक सल्फेट प्रक्रिया के माध्यम से रूटाइल-ग्रेड टीआई02 का निर्माण करते हैं लिमिटेड सल्फेट प्रक्रिया के माध्यम से एनाटेज-ग्रेड टीआई02 का उत्पादन करता है। कोई भी घरेलू उत्पादक सल्फेट प्रक्रिया के माध्यम से रूटाइल-ग्रेड टीआई02 का निर्माण नहीं करता है। इसलिए, सल्फेट प्रक्रिया के माध्यम से निर्मित रूटाइल ग्रेड को विचाराधीन उत्पाद से बाहर रखा जाना चाहिए।

ix. यह अनुरोध किया गया है कि घरेलू उद्योग ने पिगमेंटरी टीआई02 को 200-350एनएम के कण आकार की सीमा के रूप में परिभाषित किया है। 200एनएम से कम और 350एनएम से अधिक कण आकार वाले उत्पादों को जांच से बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि वे पिगमेंटरी टीआई02 के परिभाषित क्षेत्र से बाहर हैं।

x. इंडियन पेंट एसोसिएशन (आईपीए) ने यह तर्क दिया है कि जांच की शुरुआत की अधिसूचना में परिभाषित विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र अत्यधिक व्यापक है, जिसमें ऐसे ग्रेड शामिल हैं जो न तो घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित किए जाते हैं और न ही घरेलू स्तर पर आपूर्ति किए जाते हैं। भिन्न तकनीकी और वाणिज्यिक गुण-धर्मों वाले इन ग्रेडों को बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि वे संगत पाटनरोधी नियमों के तहत "समान उत्पाद" अथवा "समान वस्तु" की परिभाषा को पूरा नहीं करते हैं। आईपीए का तर्क है कि उपभोक्ता धारणा, भौतिक और रासायनिक गुण, उपयोग और अनुप्रयोग अंतर जैसे मापदंड गैर-प्रतिस्थापनीयता स्थापित करते हैं।

xi. चमकीले और नीले रंग के रूटाइल ग्रेड को इसके बेहतर भौतिक गुणों से पहचाना जाता है, जिसमें उच्च चमक, बढ़ा हुआ यूवी प्रतिरोध और घरेलू उद्योग के उत्पाद की तुलना में बेहतर समग्र प्रदर्शन शामिल है। ये गुण-धर्म इसे अंतिम उपभोक्ताओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प बनाते हैं, विशेष रूप से उच्च गुणवत्ता वाले फिनिश और स्थायित्व की मांग करने वाले अनुप्रयोगों में।

xii. निष्पादन ग्रेड बीएलआर 895 या एलआर 961 असाधारण फिनिश, उच्च चमक, बेहतर स्थायित्व और छवि की उच्च विशिष्टता (डीओआई) देने की उनकी क्षमता के कारण औद्योगिक और सजावटी पेंट में व्यापक रूप से उपयोग किए जाते हैं। हालाँकि, घरेलू उद्योग के ग्रेड इन महत्वपूर्ण पहलुओं में कम पड़ते हैं। औद्योगिक और सजावटी पेंट निर्माताओं ने उच्च अंत अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक निष्पादन मानकों को पूरा करने में असमर्थता का हवाला देते हुए घरेलू उद्योग के ग्रेड को लगातार अस्वीकार कर दिया है।

xiii. सल्फेट ग्रेड बीएलआर 698 या बीएलआर 601 उच्च कवरेज, बेहतर फिनिश गुणवत्ता और देखने में आकर्षक चमकदार सफेद दिखावट प्रदान करने में उत्कृष्ट हैं। दूसरी ओर, घरेलू उद्योग के ग्रेड, जो क्लोराइड प्रक्रिया के माध्यम से निर्मित होते हैं, अक्सर कम कवरेज, घटिया फिनिश और पीला रंग प्रदर्शित करते हैं। ये कमियां घरेलू

उद्योग के उत्पादों को उच्च अंत अनुप्रयोगों में सटीक और सुसंगत परिणाम चाहने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए अनुपयुक्त बनाती हैं।

xiv. इसके अतिरिक्त, औद्योगिक पेंट के लिए, घरेलू उद्योग के उत्पादों को अक्सर अतिरिक्त रेत मिलिंग की आवश्यकता होती है, जिससे क्षमता और थ्रूपुट कम हो जाता है। सजावटी उपयोग के लिए भी इसी तरह की समस्याएं देखी जाती हैं। आयातित ग्रेड को रेत मिलिंग की आवश्यकता नहीं होती है, जिससे वे घरेलू उद्योग के उत्पाद की तुलना में काफी अधिक लागत प्रभावी और आर्थिक रूप से लाभप्रद हो जाते हैं।

xv. आईपीए आगे तर्क देता है कि घरेलू उद्योग विचाराधीन उत्पाद के निर्माण के लिए क्लोराइड प्रक्रिया का उपयोग करता है इसलिए, घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित नहीं किए जाने वाले ग्रेड को पीयूसी के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि घरेलू उद्योग को जांच की अवधि के दौरान ऐसे ग्रेड के लिए भौतिक क्षति नहीं हो सकती है, और वे आयातित ग्रेड के समान वस्तु नहीं हैं।

xvi. पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) और एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) ने फाइबर और टेक्सटाइल में इस्तेमाल होने वाले टीआई02 को बाहर रखने के संबंध में कुछ स्पष्टीकरण मांगे हैं।

xvii. पीएचडीसीसीआई ने तर्क दिया है कि कागज और पेपरबोर्ड उद्योग डेकोर पेपर के उत्पादन के लिए सालाना लगभग 6,000 एम.टी. रूटाइल टीआई02 का उपभोग करता है जिसका मुख्य रूप से फर्नीचर और आवास के लिए लेमिनेट में किया जाता है। उच्च अपवर्तक सूचकांक, प्रभावी प्रकाश बिखराव और यूवी अवशोषण गुणों के कारण डेकोर पेपर में वांछित अपारदर्शिता, सफेदी और चमक प्राप्त करने के लिए टीआई02 आवश्यक है। सल्फेट प्रक्रिया रूटाइल टीआई02, अधिक किफायती होने के कारण, डेकोर पेपर उद्योग द्वारा मुख्य रूप से उपयोग किया जाने वाला प्रकार है।

xviii. टीआई02 का उपयोग सजावटी कागज के लिए कागज निर्माण के पल्प या फाइबर चरण में किया जाता है, न कि निर्माण के बाद। घरेलू उद्योग का टीआई02 सजावटी कागज उद्योग की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग द्वारा सजावटी कागज उद्योग को टीआई02 की कोई बिक्री नहीं की गई है, जो इस अनुप्रयोग के लिए उनके उत्पाद की अनुपयुक्तता की पुष्टि करता है।

इसलिए, सजावटी कागज के निर्माण के लिए पल्प या फाइबर चरण में उपयोग किए जाने वाले टीआई02 को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए।

xix. एसोचैम ने अनुरोध किया है कि सजावटी कागज (फाइबर/लुगदी चरण में प्रयुक्त) के अलावा कागज बनाने के लिए एनाटेस ग्रेड टीआई02 को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए।

xx. प्लास्टिक और पीवीसी अनुप्रयोग में उपयोग किए जाने वाले टीआई02 को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाए।

xxi. रूटाइल क्लोराइड प्रक्रिया द्वारा टीआई02 के लिए उच्च श्रेणी के कच्चे माल जैसे बेहतर टीआई02 अयस्क की आवश्यकता होती है, जो रूटाइल सल्फेट प्रक्रिया द्वारा टीआई02 की तुलना में अधिक महंगा और दुर्लभ है, जिसके लिए इल्मेनाइट अयस्क की आवश्यकता होती है जो प्रचुर मात्रा में पाए जाने के कारण कच्चे माल की लागत कम करता है और कम महंगा होता है। इसके अतिरिक्त, क्लोराइड प्रक्रिया के माध्यम से उत्पादित रूटाइल में क्लोरीन और टाइटेनियम टेट्राक्लोराइड जैसे रसायनों को संभालने के लिए विशेष संक्षारक प्रतिरोधी उपकरणों की आवश्यकता होती है, जिससे उत्पादन लागत और जटिलता बढ़ जाती है, जबकि रूटाइल सल्फेट प्रक्रिया में सरल उपकरणों का उपयोग किया जाता है और सुरक्षा आवश्यकताएं कम होती हैं।

xxii. अलग-अलग कण आकारों वाले टीआई02 के अलग-अलग लागत पैटर्न होते हैं, महीन कण आकारों के लिए अधिक जटिल उत्पादन प्रक्रियाओं की आवश्यकता होती है

xxiii. केएमएमएल का रूटाइल क्लोराइड- आरसी 822, जिसमें 91.5% टीआई02 की मात्रा है, उच्च टीआई02 सामग्री वाले आयातित ग्रेड की तुलना में गुणवत्ता में कम है।

ग.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

8. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और समान वस्तु के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. रूटाइल ग्रेड को पूरी तरह से बाहर रखा जाना स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि घरेलू उत्पादन और आयात का अधिकांश हिस्सा रूटाइल ग्रेड का है और केएमएमएल विशेष रूप से रूटाइल-ग्रेड टीआई02 का उत्पादन करता है।

ii. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि घरेलू उद्योग द्वारा घरेलू स्तर पर टीआई02 के एनाटेस ग्रेड का उत्पादन किया जाता है। इसके अलावा, सल्फेट प्रक्रिया के माध्यम से रूटाइल टीआई02 को बाहर करने के संबंध में, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि उत्पादन प्रक्रिया के परिणामस्वरूप कोई अलग उत्पाद नहीं बनता है। इसके अलावा, सल्फेट और क्लोराइड प्रक्रियाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों के बीच कीमत या विनिमेयता में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है। आयातित और घरेलू स्तर पर उत्पादित रूटाइल थ्रू क्लोराइड के बीच तुलना से पता चलता है कि घरेलू उद्योग के रूटाइल थ्रू क्लोराइड का निष्पादन आयातित के साथ काफी हद तक तुलनीय है।

iii. केवल उत्पादन प्रक्रियाओं में अंतर के आधार पर बाहर करने को व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) द्वारा तब तक स्वीकार नहीं किया गया है जब तक कि वे विभिन्न उत्पादों के परिणामस्वरूप न हों।

iv. घरेलू उद्योग 200एनएम से कम और 350 एनएम अधिक कण आकार वाले टीआई02 को बाहर करने के उत्तरदता के तर्क का भी विरोध करता है, जिसमें कहा गया है कि इन आकारों का उत्पादन और आपूर्ति घरेलू स्तर पर की जा रही है। हितबद्ध पक्षकारों ने इन कण आकारों को प्रतिबंधित करने के लिए कोई वैध औचित्य नहीं दिया है।

v. भारतीय पेंट एसोसिएशन (आईपीए) द्वारा चमकीले और नीले रंग के अंडरटोन रूटाइल टीआई02 के संबंध में तर्क का भी घरेलू उद्योग द्वारा इस आधार पर विरोध किया जाता है कि कोई भी विशिष्ट रूप से अलग उत्पाद प्रदर्शित नहीं किया गया है, और उत्तरदाताओं द्वारा उल्लिखित मापदंडों को डेटा से पुष्ट नहीं किया गया है। रूटाइल टीआई02 के लिए बीआईएस 'उज्ज्वल' या 'नीला' या 'चमकीले और नीले' अंडरटोन जैसी विशेषताओं को नहीं बताता है। टीआई02 उत्पाद का अंडरटोन स्वाभाविक रूप से व्यक्तिपरक होता है और इसमें मापने योग्य विशेषताएं नहीं होती हैं। कोई भी दो टीआई02 उत्पादक चमक और अंडरटोन के मामले में सटीक एकरूपता प्रदान नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा, घरेलू उद्योग चमकीले और नीले अंडरटोन वाले उत्पाद प्रदान करता है, जिसका आकलन कार्बन ब्लैक अंडरटोन (सीबीयू) मूल्य सीमा के माध्यम से किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, घरेलू

उद्योग के उत्पादों की अपारदर्शिता, चमक और चमक के मूल्य आयातित उत्पादों के बराबर या कुछ मामलों में उनसे बेहतर हैं।

vi. घरेलू उद्योग निष्पादन-ग्रेड टीआई02, जैसे बीएलआर 895 या एलआर 961 को बाहर करने का विरोध करता है क्योंकि बीएलआर 895 ग्रेड घरेलू उद्योग के आरसी 822 के समान नहीं है, लेकिन संरचना, सतह कोटिंग और निष्पादन विशेषताओं में घरेलू उद्योग के आरसी 808 से काफी तुलनीय है। घरेलू उद्योग के आरसी 822 और आरसी 822+ क्रमशः आयातित बीएलआर 896 और बीएलआर 896+ के बराबर हैं घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित आर-सी में पीएच, अपारदर्शिता, चमक, स्थायित्व आदि सहित भौतिक और प्रदर्शन विशेषताएँ आयातित आर-सी के बराबर हैं और यह सजावटी और औद्योगिक अनुप्रयोगों जैसे विशिष्ट अंतिम उपयोगों की आवश्यकता को पूरा करता है। नीचे घरेलू उद्योग द्वारा पेश किए जाने वाले आर-सी ग्रेड दिए गए हैं जो अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उनके अनुरोध में उल्लिखित आर-सी आयातित ग्रेड के बराबर हैं:

आर-सी आयातित	**घरेलू उद्योग द्वारा तुलनीय आर-सी डीआई**
बीएलआर 895	आरसी 808
बीएलआर 896	आरसी 822
बीएलआर 896+	आरसी 822+
एलआर 961	आरसी 800

vii. सल्फेट ग्रेड, जैसे कि बीएलआर 698 या आर 868 या बीएलआर 601/आर 216 को बाहर करने के संबंध में, घरेलू उद्योग का अनुरोध है कि उन्हें किसी विशिष्ट उत्पादक के ग्रेड नाम के आधार पर बाहर नहीं रखा जा सकता क्योंकि वे केवल नाम हैं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय मानक नहीं हैं जिनका पालन किया जाना है।

viii. घरेलू उद्योग यह भी अनुरोध करता है कि रेत मिलिंग प्रक्रिया आयातित उत्पादों और घरेलू उत्पादों दोनों के लिए आवश्यक है क्योंकि यह पेंट उत्पादन के लिए कच्चे माल

को मिलाने में एक आवश्यक कदम है। औद्योगिक अनुप्रयोगों में उत्पाद की एकरूपता और उचित फैलाव सुनिश्चित करने के लिए यह प्रक्रिया आवश्यक है। अतिरिक्त रेत मिलिंग की आवश्यकता केवल तब होती है जब टीआई02 का संचयन स्तर अधिक होता है, जबकि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित ग्रेड उच्च स्तर का फैलाव और कम संचयन प्रदान करता है। क्लोराइड प्रक्रिया के माध्यम से घरेलू उद्योग के रूटाइल का कवरेज आयात से कम नहीं है, जैसा कि बिखरने की क्षमता, उच्च रूटाइल प्रतिशत और बेहतर टिंट शक्ति मूल्यों से स्पष्ट है।

ix. पीएचडीसीसीआई और एसोचैम के उत्तर में, घरेलू उद्योग अनुरोध करता है कि वस्त्र बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला टीआई02 (फाइबर/लुगदी चरण में उपयोग किया जाता है इसके अतिरिक्त, त्वचा की देखभाल, दवा अनुप्रयोगों और 100एनएम से कम कण आकार वाले नैनो या अल्ट्राफाइन टीआई02 बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले टीआई02 को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जा सकता है क्योंकि घरेलू उद्योग इन वस्तुओं का उत्पादन नहीं करता है।

x. तथापि, घरेलू उद्योग सजावटी कागज (फाइबर/लुगदी चरण में प्रयुक्त) को छोड़कर कागज बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले टीआई02 एनाटेस ग्रेड को बाहर रखने के एसोचैम के तर्क पर इस आधार पर आपत्ति जताता है कि घरेलू उद्योग इस उत्पाद का उत्पादन और बिक्री कर रहा है।

xi. इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग का अनुरोध है कि पीवीसी अनुप्रयोग को भी प्लास्टिक अनुप्रयोग के रूप में माना जाना चाहिए, क्योंकि पीवीसी इस अर्थ में प्लास्टिक का एक प्रकार है। टीआई02 का उपयोग मास्टरबैच बनाने में किया जाता है जिसका उपयोग प्लास्टिक उद्योग में प्लास्टिक में रंग जोड़ने के लिए किया जाता है।

xii. भारत में टीआई02 की मांग में प्लास्टिक उद्योग का योगदान लगभग 25% है और घरेलू उद्योग प्लास्टिक उद्योग द्वारा खपत किए जाने वाले ग्रेड का निर्माण करता है। टीआई02 की एक बड़ी खपत होने के कारण, अनुप्रयोग की पूर्ति घरेलू उद्योग द्वारा की जाती है। इसलिए, पीवीसी अनुप्रयोग को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में शामिल किया जाना चाहिए।

xiii. केवल उत्पादन प्रक्रियाओं में अंतर के आधार पर रूटाइल के माध्यम से सल्फेट को बाहर रखना अनुचित है, क्योंकि तरीकों में भिन्नता स्वाभाविक रूप से मौलिक रूप से

अलग उत्पाद नहीं बनाती है। सल्फेट के माध्यम से रूटाइल और क्लोराइड के माध्यम से रूटाइल दोनों ही अदला-बदली के उपयोग साझा करते हैं और केवल रूटाइल क्रिस्टल की विशेषताओं को प्रदर्शित करते हैं। उपभोक्ता अक्सर दोनों प्रकार खरीदते हैं, जो उनकी कार्यात्मक समानता को रेखांकित करता है। इसके अतिरिक्त, कच्चे माल में अंतर के बावजूद, दोनों प्रक्रियाओं के लिए उत्पादन की लागत तुलनीय है। उल्लेखनीय रूप से, आवेदकों में से एक, टीटीपीएल के पास सल्फेट मार्ग के माध्यम से रूटाइल का उत्पादन करने के लिए आवश्यक तकनीक और सेटअप है और इस प्रक्रिया का उपयोग करके रूटाइल टीआई02 का सक्रिय रूप से निर्माण करता है।

ग.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

9. डीजी सिस्टम से मंगाए गए आयात संबंधी लेन-देन आंकड़ों और हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों की जांच करने के बाद, प्राधिकारी ने रूटाइल क्लोराइड (आर-सी) और रूटाइल सल्फेट (आर-एस) के आयात मूल्यों और उत्पादन की लागत में महत्वपूर्ण अंतर पाया है। तदनुसार, प्राधिकारी इस जांच के उद्देश्य से दोनों उत्पादों की निष्पक्ष तुलना के लिए अलग-अलग पीसीएन स्थापित करना आवश्यक समझते हैं।

10. प्राधिकारी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उससे बाहर किए जाने के अनुरोधों और व्यक्त की गई चिंताओं के संबंध में निम्नानुसार विचार करते हैं:

    क. <u>रूटाइल सल्फेट टीआई02 को बाहर रखा जाना चाहिए</u>- घरेलू उद्योग द्वारा सल्फेट प्रक्रिया के माध्यम से रूटाइल का उत्पादन नहीं करने का आरोप लगाने वाले अनुरोधों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारतीय उद्योग सल्फेट प्रक्रिया के साथ-साथ क्लोराइड प्रक्रिया के माध्यम से रूटाइल ग्रेड का उत्पादन करता है। इसके अलावा, यह नोट किया जाता है कि टीटीपीएल के पास सल्फेट मार्ग से रूटाइल का उत्पादन करने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी और सेटअप है और उसने जांच अवधि के दौरान सल्फेट प्रक्रिया का उपयोग करके उत्पादित रूटाइल टीआई02 का निर्माण और बिक्री की है। अत:, प्राधिकारी इस उत्पाद किस्म को बाहर करने के लिए की गई मांग से असहमत हैं।

    ख. <u>200 एनएम से कम और 350 एनएम से अधिक कण आकार वाले</u> टीआई02- हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि 200 एनएम से कम और 350 एनएम से

अधिक कण आकार वाले टीआई02को बाहर रखा जाना चाहिए। यह नोट किया जाता है कि 100 एनएम से कम कण आकार वाले संबद्ध सामान को पहले से ही विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से छूट दी गई है। इसके अलावा, रिकार्ड में उपलब्ध सूचना से यह पता चलता है कि 100 एनएम से अधिक कण आकार वाले टीआई02 के सभी ग्रेड आवेदकों द्वारा उत्पादित और बेचे जा रहे हैं। इस प्रकार, प्राधिकारी का मानना है कि उत्पाद क्षेत्र 100 एनएम से कम कण आकार को ही बाहर रखता है।

ग. <u>चमकीले और नीले रंग की आभा वाला टीआई02 रूटाइल, प्रदर्शन ग्रेड टीआई02 (बीएलआर 895 या एलआर 961) और सल्फेट ग्रेड (बीएलआर698/आर 868 या बीएलआर 601/आर 216)</u> - हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि चमकीले और नीले रंग की आभा वाला टीआई02 रूटाइल ग्रेड, प्रदर्शन ग्रेड और विशिष्ट सल्फेट ग्रेड सहित कुछ ग्रेड को बाहर रखा जाए। हालांकि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि ये अनुरोध घरेलू उत्पादों की तुलना में भौतिक या रासायनिक विशेषताओं या अंतिम उपयोगों में अंतर दिखाने वाले विश्वसनीय वैज्ञानिक आंकड़ों द्वारा समर्थित नहीं हैं। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि वह तुलनीय उत्पाद प्रदान करता है और तर्क देता है कि बाहर किया जाना केवल व्यक्तिगत उत्पादकों द्वारा बनाए गए ग्रेड नामों पर आधारित नहीं होना चाहिए। ये ग्रेड नाम उत्पादकों से विशिष्ट हैं और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं हैं। चूंकि उपभोक्ता इन उत्पादों का प्रयोग परस्पर परिवर्तनीय रूप से करते हैं, अत: इन उत्पाद किस्मों को बाहर करने का औचित्य बनाने वाला कोई साक्ष्य नहीं है।

घ. <u>सजावट को छोड़कर कागज बनाने के लिए टीआई02 एनाटेस ग्रेड (फाइबर/लुगदी चरण में प्रयुक्त)-</u> हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि कागज बनाने के लिए एनाटेस ग्रेड को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखा जाए। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि घरेलू उद्योग कागज (सजावट के कागज के अलावा) के उत्पादन के लिए सामग्री का उत्पादन करता है और उपभोक्ताओं को बेचता है। चूंकि घरेलू उद्योग इस उत्पाद का उत्पादन करता है, इसलिए प्राधिकारी इसे बाहर रखने के अनुरोध से असहमत है।

ड. <u>कुछ अनुप्रयोगों के लिए टीआई02- सजावटी कागज बनाने के लिए रूटाइल ग्रेड और वस्त्र, खाद्य के उत्पादन में प्रयुक्त टीआई02-</u> हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि वस्त्र और खाद्य के उत्पादन में प्रयुक्त टीआई02 और सजावट के कागज के उत्पादन में प्रयुक्त रूटाइल ग्रेड को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाए। घरेलू उद्योग उसे बाहर रखने के ऐसे अनुरोध से सहमत है क्योंकि इन अनुप्रयोगों में टीआई02 का उपयोग वर्णक के रूप में नहीं किया जाता है। प्राधिकारी इन अनुप्रयोगों के लिए टीआई02 को बाहर रखते हैं।

च. <u>नैनो या अल्ट्राफाइन</u>- घरेलू उद्योग और हितबद्ध पक्षकार नैनो या अल्ट्राफाइन को बाहर रखने पर सहमत हो गए हैं क्योंकि घरेलू उद्योग इस वस्तु का उत्पादन नहीं करता है और इस उत्पाद की मांग कम है। तदनुसार, प्राधिकारी इस उत्पाद प्रकार को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखते हैं।

छ. <u>त्वचा देखभाल और फार्मास्युटिकल अनुप्रयोगों के लिए टीआई02</u>- हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि त्वचा देखभाल और फार्मास्युटिकल अनुप्रयोगों के लिए उपयोग किए जाने वाले टीआई02 को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाए। घरेलू उद्योग ने बाहर करने के ऐसे अनुरोध पर सहमति व्यक्त की है क्योंकि इन अनुप्रयोगों के लिए टीआई02 का उत्पादन घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जा रहा है। इस प्रकार विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र त्वचा देखभाल और फार्मास्युटिकल अनुप्रयोगों के लिए टीआई02 को बाहर रखता है।

11. उपर्युक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद और उत्पाद नियंत्रण संख्या (पीसीएन) को निम्नानुसार मानते हैं:

12. वर्तमान आवेदन में विचाराधीन उत्पाद ***"टाइटेनियम डाइऑक्साइड है, जिसमें खाद्य, फार्मा, त्वचा-देखभाल, वस्त्र और फाइबर अनुप्रयोग और नैनो या अल्ट्राफाइन टाइटेनियम डाइऑक्साइड शामिल नहीं है, जिसका कण आकार 100 एनएम से कम है"***

<u>उत्पाद के क्षेत्र से विशिष्ट रूप से बाहर रखना</u>

13. विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से विशेष रूप से निम्नलिखित अनुप्रयोगों या विनिर्देशों के लिए टाइटेनियम डाइऑक्साइड को बाहर रखा गया है:

क्र.सं.	***बाहर रखे गए उत्पाद***	***बाहर रखे गए उत्पाद का वर्णन और विवरण***
1	खाद्य	रंग जैसे खाद्य योजकों में उपयोग किया जाने वाला खाद्य टीआई02
2	फार्मा	*टेबलेट फिल्म कोटिंग में भाग के रूप में प्रयुक्त* टीआई02
3	*त्वचा देखभाल*	*टीआई02 का उपयोग यूवी- अवशोषक और फोटोकैटेलिस्ट अनुप्रयोगों के लिए कॉस्मेटिक्स और सनस्क्रील लोशन में में किया जाता है*
4	वस्त्र	*फाइबर के उत्पादन में उपयोग किया जाने वाला कपड़ा टीआई02। टीआई02 जिसका उपयोग मुख्य रूप से उसकी फोटो-कैटेलिटिक स्व-सफाई, यूवी-सुरक्षा और डिलस्टरिंग क्षमताओं आदि के कारण वस्त्र और रेशों के उत्पादन में किया जाता है, को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा गया है।* ***हालाँकि, इस प्रकार उसे बाहर रखा जाना टीआई02 पर लागू नहीं होता है जिसका उपयोग वस्त्र/परिधान/कपड़े/फैब्रिक पर छपाई के लिए वर्णक के रूप में किया जाता है।***
5	*फाइबर*	*फाइबर टीआई02 का उपयोग कृत्रिम फाइबर को डिलस्टर करने के लिए किया जाता है और इस फाइबर का उपयोग वस्त्रों के उत्पादन के लिए किया जाता है। फाइबर ग्रेड सामग्री का उपयोग फाइबर धागे के साथ मिश्रण करने के लिए किया जाता है ताकि कपड़ा खुद बनाया जा सके। टीआई02 रूटाइल ग्रेड डेकोर पेपर बनाने के लिए (फाइबर/पल्प स्टेज पर उपयोग किया जाता है)।*

6	*नैनो या अल्ट्राफाइन*	*नैनो या अल्ट्राफाइन टाइटेनियम डाइऑक्साइड जिसका कण आकार 100 एनएम से कम है, का उपयोग कपड़ा/पेंट उद्योग में धूल मुक्त कपड़ा/पेंट जैसी विशेषताएं देने के लिए किया जाता है।*

<u>पीसीएन पद्धति</u>

पीसीएन	***पीसीएन कोड***
रूटाइल-क्लोराइड	*आर-सी*
रूटाइल-सल्फेट	*आर-एस*
एनाटेस-सल्फेट	*ए-एस*

12. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदकों द्वारा उत्पादित उत्पाद और संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, कार्यों और उपयोगों, उत्पाद विनिर्देशों, मूल्य निर्धारण, वितरण और विपणन, तथा माल के प्रशुल्क वर्गीकरण के संदर्भ में तुलनीय है। प्राधिकारी का मानना है कि आवेदकों की कंपनियों द्वारा उत्पादित संबद्ध सामान पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(घ) के दायरे और अर्थ के भीतर संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद के समान वस्तु है।

घ. <u>घरेलू उद्योग का क्षेत्र और आधार</u>

घ.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

13. घरेलू उद्योग के क्षेत्र और उसके आधार के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई अनुरोध नहीं किए गए हैं।

घ.2. <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

14. आवेदकों ने घरेलू उद्योग के क्षेत्र और उसके आधार के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. यह आवेदन पत्र मेसर्स केरल मिनरल्स एंड मेटल्स लिमिटेड, मेसर्स त्रावणकोर टाइटेनियम प्रोडक्ट्स लिमिटेड और मेसर्स वीवी टाइटेनियम पिगमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है।

ii. आवेदकों में भारत में विचाराधीन उत्पाद के विनिर्माण में शामिल सभी उत्पादक शामिल हैं। आवेदकों ने न तो आयात किया है और न ही वे संबद्ध सामानों के किसी आयातक या निर्यातक से संबंधित हैं।

iii. आवेदकों का कुल भारतीय उत्पादन में प्रमुख अनुपात है पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) और नियम 5(3) की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

घ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

15. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में "घरेलू उद्योग" निम्नलिखित रूप में परिभाषित हैः

"(ख) "घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।"

16. वर्तमान आवेदन पत्र मेसर्स केरल मिनरल्स एंड मेटल्स लिमिटेड, मेसर्स त्रावणकोर टाइटेनियम प्रोडक्ट्स लिमिटेड और मेसर्स वीवी टाइटेनियम पिगमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। आवेदक देश में जांच की अवधि में संबद्ध सामानों के एकमात्र उत्पादक हैं। संबद्ध सामानों के कोई अन्य घरेलू उत्पादक नहीं हैं।

17. आवेदकों ने संबद्ध सामानों का आयात नहीं किया है और वे संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के आयातक या निर्यातक से संबंधित नहीं हैं। रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना से पता चलता है कि आवेदकों ने जांच की अवधि में भारतीय उत्पादन का 100% हिस्सा बनाया है। इस प्रकार, आवेदन पत्र नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार आधार के मानदंडों को पूरा करता है। अत:, प्राधिकारी आवेदकों/याचिकाकर्ताओं को पात्र घरेलू उद्योग मानते हैं। इसके अतिरिक्त, आवेदक घरेलू उद्योग हैं।

ड. <u>गोपनीयता</u>

ड.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

18. गोपनीयता के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. घरेलू उद्योग ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 7 और 9 दिसंबर, 2013 के व्यापार सूचना 1/2013 और 7 सितंबर, 2018 की व्यापार सूचना 10/2018 का उल्लंघन करते हुए अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है। याचिका का अगोपनीय रूपांतर आरोपों की उचित समझ प्रदान करने में विफल रहा है और प्रकटन के लिए निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करता है।

ii. नियम 7 में यह अधिदेशित है कि गोपनीयता के दावों के लिए एक अच्छे कारण विवरण के साथ गोपनीय आंकड़ों का अगोपनीय सार दिया जाना चाहिए। घरेलू उद्योग अपने दावों को सही ठहराने या सार्थक अगोपनीय सार प्रदान करने में विफल रहा है। लागत संबंधी जानकारी और क्षति संकेतकों सहित महत्वपूर्ण आंकड़े को या तो पूरी तरह से रोक दिया गया है या वास्तविक आंकड़ों के बजाय रुझानों में दिया गया है, जिससे हितबद्ध पक्षकारों के लिए विश्लेषण करना और प्रभावी ढंग से उत्तर देना असंभव हो गया है।

iii. बिक्री मात्रा, बिक्री मूल्य, ब्याज और कर पूर्व लाभ (पीबीआईटी), क्षति रहित कीमत (एनआईपी), और मूल्यह्रास व्यय जैसे प्रमुख डेटा बिंदु या तो प्रदान नहीं किए गए हैं या अगोपनीय रूपांतर में अपर्याप्त रूप से प्रकट किए गए हैं।

iv. याचिका की धारा VI (लागत संबंधी जानकारी) में, घरेलू उद्योग ने दावा की गई गोपनीयता के लिए औचित्य प्रदान करने में विफल रहते हुए जानकारी को पूरी

तरह से रोक दिया है। याचिका में संदर्भित अनुलग्नक अगोपनीय रूपांतर में शामिल नहीं हैं।

v. घरेलू उद्योग ने विभिन्न संकेतकों, जैसे उत्पादन मात्रा, बिक्री प्राप्तियां, जुटाई गई निधियां, और मूल्यह्रास, ब्याज और पीबीआईटी जैसे वित्तीय विवरणों के बारे में पर्याप्त रूप से जानकारी प्रदान नहीं करके व्यापार सूचना 10/2018 में निर्धारित आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं किया है।

vi. अत्यधिक गोपनीयता से अन्य हितबद्ध पक्षकार को अपनी रक्षा के अधिकार का प्रयोग करने से वंचित रह जाते हैं। **ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चर्रस एसोसिएशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी**[1] में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह माना कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को अपनाने का दायित्व पाटनरोधी नियमावली के तहत निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रदत्त अधिकारों के कार्यान्वयन में स्पष्ट है।

ड.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

19. गोपनीयता के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. घरेलू उद्योग में तीन कंपनियां शामिल हैं: दो सार्वजनिक उपक्रम (केएमएमएल और टीटीपीएल) और एक निजी कंपनी (वीवीटी)। केएमएमएल क्लोराइड प्रक्रिया द्वारा केवल रूटाइल ग्रेड का उत्पादन करता है, वीवीटी केवल एनाटेस ग्रेड का उत्पादन करता है, और टीटीपीएल दोनों ग्रेड का उत्पादन करता है। जांच अवधि के दौरान रूटाइल और एनाटेस ग्रेड की लागत और बिक्री कीमत में काफी अंतर है।

ii. कुल आंकड़ों के प्रकटीकरण से उत्पादकों को उन ग्रेड की लागत और कीमत निकालने में मदद मिल सकती है जिनका वे उत्पादन नहीं करते हैं, जिससे घरेलू उद्योग के प्रतिस्पर्धी हितों को नुकसान पहुँच सकता है। लागत, लाभ और बिक्री कीमत अत्यधिक संवेदनशील व्यापारिक सूचना है, और इसके प्रकटन से घरेलू उद्योग की प्रतिस्पर्धी स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

[1] (2011) 2 SCC 258.

iii. घरेलू उद्योग द्वारा यह भी अनुरोध किया गया है कि गोपनीयता के दावे ***रूस और जापान[2] के मूल के अथवा वहां से निर्यातित थैलिक एनहाइड्राइड के आयात से संबंधित पाटनरोधी जांच*** जैसे मामलों में प्राधिकारी की परिपाटी के अनुरूप हैं, जहां घरेलू उद्योग के हिस्से के रूप में 3 (तीन) उत्पादक थे, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के घटकों के विक्रय मूल्य और पीबीआईटी जैसे विवरण प्रदान नहीं किए और इसे गोपनीय बताया है। अन्य मामलों में भी इस पैटर्न का पालन किया गया था जैसे ***चीन जन.गण., इंडोनेशिया, कोरिया गणराज्य और थाईलैंड[3] में उत्पन्न या वहां से निर्यात किए जाने वाले थैलिक एनहाइड्राइड (पीएन) के आयात से संबंधित पाटनपरोधी जांच, चीन जन.गण.[4] से पॉलिश या अनपॉलिश फिनिश में ग्लेज्ड अनग्लेज्ड पोर्सिलेन विट्रिफाइड टाइल्स के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच और चीन जन.गण.[5] के मूल के अथवा वहां से निर्यातित प्लास्टिक प्रोसेसिंग मशीनों के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच।***

iv. इसके अतिरिक्त, कई उत्तरदाताओं ने संबद्ध कंपनियों, शेयरधारकों के नाम, कंपनियों के ब्यौरे जैसे टेलीफोन और फैक्स नंबर प्रकट नहीं किए हैं। ये ब्यौरे बिना किसी वैध औचित्य के गोपनीय होने का दावा किया गया है।

v. नमूना घरेलू और निर्यात बिक्री दस्तावेज प्रकट नहीं किए गए है। जबकि दस्तावेज स्वयं गोपनीय हो सकते हैं, प्रस्तुत दस्तावेजों की सूची का खुलासा नहीं किया गया है।

ड.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

20. नियम 6(7) के अनुसार प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना का अगोपनीय रूपांतर सभी अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध कराया।

---

2 14/6/2014-DGAD (https://www.dgtr.gov.in/anti-dumping-cases/phthalic-anhydride-originating-or-exported-russia-and-japan).

3 6/16/2020-DGTR (https://www.dgtr.gov.in/anti-dumping-cases/anti-dumping-investigation-concerning-imports-phthalic-anhydride-pan-originating).

4 14/14/2014-DGAD (https://www.dgtr.gov.in/anti-dumping-cases/glazed-unglazed-porcelain-vitrified-tiles-polished-or-unpolished-finish-less-3).

5 6/54/2020-DGTR (https://www.dgtr.gov.in/anti-dumping-cases/anti-dumping-investigation-concerning-imports-plastic-processing-machines).

21.सूचना की गोपनीयता के संबंध में नियमावली के नियम 7 में निम्नलिखित प्रावधान हैं:

"गोपनीय सूचना: (1) नियम 6 के उपनियमों (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।"

22.हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना की जांच उन दावों की पर्याप्तता के संबंध में की गई थी। प्राधिकारी मानते हैं कि कीमत मापदंडों के संबंध में घरेलू उद्योग के दावों को स्वीकार किया गया है। जबकि मात्रा संबंधी मापदंड प्रकट नहीं किए गए हैं। अत: प्राधिकारी घरेलू उद्योग द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना से संतुष्ट हैं।

23.संतुष्ट होने पर प्राधिकारी, जहां भी आवश्यक था, गोपनीयता के दावों को स्वीकार करते हैं और उस सूचना को गोपनीय नहीं माना गया है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं की गई है। जहां भी संभव हुआ गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को यह निर्देश दिया गया था कि वे गोपनीय आधार पर दायर सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर दें। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि सभी हितबद्ध पक्षकारों ने अपनी व्यापार संबंधी संवेदनशील सूचना को गोपनीय होने का दावा किया है।

च. <u>विदेशी उत्पादकों का नमूनाकरण</u>

24. चीन से संबद्ध सामानों के बड़ी संख्या में उत्पादकों और निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है। उत्पादकों और निर्यातकों की बड़ी संख्या को देखते हुए, प्राधिकारी ने नियम 17(3) के प्रावधानों के अनुसार वर्तमान जांच में नमूनाकरण का सहारा लेने का निर्णय लिया। प्राधिकारी के समक्ष दायर प्रश्नावली के उत्तरों के आधार पर, अलग-अलग पाटन मार्जिन निर्धारण के लिए निम्नलिखित तीन समूहों को चुना गया।

i **<u>एलबी ग्रुप</u>** में निम्नलिखित उत्पादक/निर्यातक शामिल हैं- हेनान बिलियन्स एडवांस्ड मैटेरियल कंपनी लिमिटेड, एलबी ग्रुप कंपनी लिमिटेड, एलबी लुफेंग टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड, एलबी सिचुआन टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड, एलबी जियांगयांग टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड, बिलियन्स (हांगकांग) कॉर्पोरेशन लिमिटेड और बिलियन्स यूरोप लिमिटेड, यूके।

ii **<u>गोल्ड स्टार समूह</u>** जिसमें उत्पादक/निर्यातक- अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड (समूह) कं, लिमिटेड और अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड ट्रेडिंग कं, लिमिटेड शामिल हैं।

iii **<u>शेडोंग समूह</u>** जिसमें उत्पादक/निर्यातक- शेडोंग जियांगहाई टाइटेनियम कं, लिमिटेड और शेडोंग जिनहाई टाइटेनियम रिसोर्सेज टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड शामिल हैं।

25. प्राधिकारी ने दिनांक 29.08.2024 को ईमेल के माध्यम से सभी हितबद्ध पक्षकारों को नमूना पद्धति और आगे की जांच के लिए नमूनाकृत समूहों के बारे में सूचित किया और उनसे टिप्पणियां मांगीं। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा भेजी गई टिप्पणियों की प्राधिकारी द्वारा जांच की गई और निर्यातकों/उत्पादकों के अंतिम नमूना समूहों को अधिसूचना संख्या फा.सं.-06/03/2024 दिनांक 7 अक्टूबर, 2024 के माध्यम से सूचित किया गया। प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को यह भी सूचित किया कि इन उत्पादकों के साथ-साथ उनके संबद्ध निर्यातकों को अलग अलग पाटन मार्जिन के निर्धारण के लिए विचार किया गया है।

26. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों से टिप्पणियां आमंत्रित कीं। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध संक्षेप में निम्नानुसार हैं।

च.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

27.इस संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई अनुरोध नहीं किए थे।

च.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

28.घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. हितबद्ध पक्षकारों की सूची के अनुसार 21 उत्पादकों ने प्रश्नावली के उत्तर दाखिल किए हैं, जो व्यक्तिगत निर्धारण की अनुमति देने के लिए अधिक संख्या है।

ii. कुछ पक्षकारों द्वारा निर्यात की कम मात्रा को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि उनके उत्पाद प्रोफ़ाइल और निर्यात पैटर्न, उत्पाद प्रोफ़ाइल और समय अवधि दोनों के संदर्भ में भारत में निर्यात का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

iii. विगत में, चीनी उत्पादक, जिनकी जांच अवधि में नगण्य निर्यात मात्रा रही है, व्यक्तिगत रूप से कम शुल्क मिलने के बाद, भारतीय बाजार में बहुत ज्यादा बढ़ गए।

iv. नमूनाकरण में वैश्विक मानदंड अधिकतम तीन कंपनियों पर विचार करना है:

   क. **भारत[6] से सिरेमिक टाइल्स** के मामले में, यूरोप ने मूल रूप से दो कंपनियों पर विचार किया और तीसरे स्थान पर स्थित कंपनी की ओर से आक्रामक प्रतिनिधित्व के बाद भी तीन कंपनियों के लिए नमूना आकार बढ़ाने से इनकार कर दिया।

   ख. **कनाडा[7] से वुड पल्प** के मामले में, चीन के वाणिज्य मंत्रालय (एमओएफसीओएम) ने तीसरे स्थान पर स्थित कंपनी के लिए व्यक्तिगत रूप से पाटन मार्जिन निर्धारित करने से इनकार कर दिया, जबकि पहले तीन स्थानों पर स्थित कंपनियां लगभग समान मात्रा में निर्यात कर रही थीं।

---

[6] यूरोपीय आयोग (2024). *7 मार्च, 2024 का आयोग कार्यान्वयन विनियमन (ईयू) 2024/804 (यूरोपीय संघ की सरकारी पत्रिका एल 63,1;25).*

[7] "चीन में सरकारी स्वामित्व वाले उद्यमों संबंधी सं गोष्ठी ," *विश्व व्यापी समीक्षा* 16, सं.. 4 (अक्तूबर 2017): 750–752.

ग. अमेरिका दो से अधिक कंपनियों को 'अनावश्यक रूप से बोझिल' मानता है। **भारत[8] से क्वार्ट्ज सरफेस प्रोडक्ट्स** के मामले में, विचाराधीन 50 कंपनियों में से केवल दो कंपनियों के लिए पाटन मार्जिन की जांच और निर्धारण किया गया, जिसके परिणाम अन्य कंपनियों पर भी लागू किए गए।

v. स्वैच्छिक आधार पर प्रश्नावली प्रतिक्रिया दाखिल करना व्यक्तिगत पाटन मार्जिन निर्धारित करने का आधार नहीं हो सकता।

<u>च.3. प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

29. हितबद्ध पक्षकारों की टिप्पणियों की समीक्षा करने के बाद, निर्यात आंकड़ों को विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन के अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया था। जांच अवधि के दौरान चीन से भारत को निर्यात मात्रा के सबसे बड़े प्रतिशत के आधार पर, तीन (3) उत्पादकों को उनके संबद्ध निर्यातकों/उत्पादकों के साथ पाटन मार्जिन के निर्धारण के लिए चुना गया था। इन 3 नमूना उत्पादकों/निर्यातक समूहों ने जांच अवधि के दौरान लगभग 49% निर्यात में योगदान दिया, जिससे वे एक उपयुक्त और प्रतिनिधिकारक नमूना बन गए। अत:, प्राधिकारी ने पाटन मार्जिन निर्धारित करने के लिए नमूना उत्पादकों पर विचार किया है और चीन जन.गण. से गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन उसी के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।

छ. <u>सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मर्जिन का बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार निर्धारण</u>

छ.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

30. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i चीन की बाजार अर्थव्यवस्था के विकास के आधार पर चीन जन.गण. को बाजार अर्थव्यवस्था का स्तर दिया जाना चाहिए। चीन के अभिगम नयाचार का अनुच्छेद 15(क)(ii) की अवधि 11 दिसंबर, 2016 को समाप्त हो गई।

[8] "भारत से कुछ क्वार्टज स्तह के उत्पाद पाटनरोधी प्रशासनिक समीक्षा के भाग में परिणाम और निरसन 2022-23,"संघीय रजिस्टर, खंड 89, सं. 131, पृष्ठ 56292-56295, मंगलवार, जुलाई 9 2024.

ii 11 दिसंबर, 2016 के बाद, पाटनरोधी विनियमों में चीनी निर्यातक उत्पादकों के लिए उनके घरेलू मूल्यों और लागतों को छोड़कर किसी अन्य आधार पर सामान्य मूल्य की स्थापना की अनुमति देने वाले कोई प्रावधान नहीं हो सकते हैं।

iii भारत के पास गैर-बाजार अर्थव्यवस्था पद्धति का उपयोग करके चीन जन.गण. से उत्पादों के लिए पाटनरोधी जांच में सामान्य मूल्य की गणना करने के लिए डब्ल्यूटीओ समझौते के तहत कोई कानूनी आधार नहीं है। भारत द्वारा की गई ऐसी कोई भी कार्रवाई जीएटीटी के अनुच्छेद VI के कार्यान्वयन संबंधी करार की अपेक्षाओं के असंगत होगी।

iv प्रतिनिधि देश पद्धति अब सामान्य मूल्य के परिकलन में लागू नहीं होती है, भले ही चीन जन.गण. को *पैक्टा संट सर्वंडा* के सिद्धांत, डब्ल्यूटीओ में चीन के अभिगम नयाचार की धारा 15 और चीन जन. गण. द्वारा शुरू की गई ईसी-फास्टनर्स पर अपीलीय निकाय की रिपोर्ट के कारण बाजार अर्थव्यवस्था के रूप में माना जाता हो या नहीं।

v चीन जन.गण. को डब्ल्यूटीओ में चीन के अभिगम नयाचार के अनुसार गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के रूप में नहीं माना जाना चाहिए, इसकी पुष्टि डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय ने "ईसी-फास्टनर्स" में भी की थी। अमेरिका और यूरोपीय संघ ने चीन जन.गण. के साथ अपने संबंधित द्विपक्षीय समझौते में चीन के डब्ल्यूटीओ में प्रवेश करने के 15 साल बाद गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति की समाप्ति के बारे में भी उल्लेख किया था।

छ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

31. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i चीन को एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश माना जाना चाहिए और चीन जन.गण. के उत्पादकों/निर्यातकों के मामले में सामान्य मूल्य का निर्धारण, पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध 1 के पैरा 8 (2) और 8(3) के साथ पठित पैरा-7 के अनुसार किया जाना चाहिए। पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध 1 के पैरा 8 के अनुसार, यह माना जाता है कि चीन जन.गण. में संबद्ध सामानों के उत्पादक

गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियों में प्रचालन कर रहे हैं। इसलिए, पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध 1 के पैरा 7 के अनुसार चीन जन.गण. में संबद्ध सामानों के सामान्य मूल्य का अनुमान लगाया गया है।

ii प्रोटोकॉल का अनुच्छेद 15 (घ),15(क)(ii) का प्रावधान दिसंबर 2016 अर्थात डब्ल्यूटीओ में चीन जन.गण. के अभिगम के बाद 15 वर्षों में समाप्त हो गया है। तथापि, अनुच्छेद 15(क)(i), जो चीन जन.गण. के लिए गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की अवधारणा प्रदान करता है, अभी भी लागू है। इसलिए, एक वैध अवधारणा मौजूद है कि पाटनरोधी जांच के लिए चीन जन.गण. एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश है।

iii प्राधिकारी सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए अनुबंध I के पैरा 1-6 का तभी पालन करेंगे यदि उत्तरदाता चीनी कंपनियां यह सिद्ध करें कि उनकी लागतों और कीमत संबंधी सूचना ऐसी है कि अलग सामान्य मूल्य और पाटन मार्जिन निर्धारित किया जा सकता हो। यदि उत्तरदाता चीनी कंपनियां यह दर्शाने में सक्षम नहीं हैं कि उनकी लागत और कीमत संबंधी सूचना को अपनाया जा सकता है, तो निर्दिष्ट प्राधिकारी अलग पाटन मार्जिन के दावे को अस्वीकार कर देंगे।

iv नियमावली के अनुबंध I के पैराग्राफ 1 से 6 चीन जन.गण. से आयात के लिए सामान्य मूल्य के परिकलन के लिए लागू नहीं होते हैं, जब तक कि कोई उत्पादक/निर्यातक पर्याप्त साक्ष्य के साथ यह नहीं दिखाता है कि वह बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियों के तहत काम कर रहा है। परिणामस्वरूप, चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य नियमावली के अनुबंध I के पैरा 7 के अनुसार निर्धारित किया जाना है।

छ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

32.धारा 9क(1)(ग) के तहत, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

(i) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम (6) के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा

(ii) जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रकिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगाः-

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप-धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा

(ख) उपधारा- (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उद्गम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत;

बशर्ते यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल यानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उद्गम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

33. प्राधिकारी ने संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों के साथ-साथ उपयुक्त राजनयिक प्रतिनिधियों को प्रश्नावली भेजी और उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र और तरीके से सूचना देने की सलाह दी। प्राधिकारी को निम्नलिखित निर्यातकों/उत्पादकों से प्रश्नावली के उत्तर प्राप्त हुए:

i. हेनान बिलियन्स एडवांस्ड मैटेरियल कं, लिमिटेड
ii. एलबी ग्रुप कं, लिमिटेड
iii. एलबी लुफेंग टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड
iv. एलबी सिचुआन टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड
v. एलबी जियांगयांग टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड
vi. बिलियन्स (हांगकांग) कॉर्पोरेशन लिमिटेड
vii. अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड (ग्रुप) कं, लिमिटेड

viii. अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड ट्रेडिंग कं, लिमिटेड
ix. यिबिन तियानयुआन हैफेंग हेताई कं, लिमिटेड
x. यिबिन तियानयुआन ग्रुप कं, लिमिटेड
xi. इफोन (हांगकांग) कंपनी लिमिटेड
xii. शेडोंग जियांगहाई टाइटेनियम कं, लिमिटेड
xiii. शेडोंग जिनहाई टाइटेनियम रिसोर्सेज टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड
xiv. पैंगांग ग्रुप की चोंगकिंग टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड
xv. पैंगांग ग्रुप टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड
xvi. पैंगांग ग्रुप चेंगदू वैनेडियम और टाइटेनियम रिसोर्सेज डेवलपमेंट कं, लिमिटेड
xvii. पैंगांग ग्रुप चोंगकिंग वैनेडियम और टाइटेनियम टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड
xviii. जियांग्शी टिकॉन टाइटेनियम प्रोडक्ट्स कंपनी लिमिटेड (एक ट्रोनॉक्स कंपनी)
xix. कुनमिंग डोंगहाओ टाइटेनियम कं, लिमिटेड
xx. इंटर चाइना केमिकल कं, लिमिटेड
xxi. अनहुई अन्नाडा टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड
xxii. शेडोंग डोगाइड ग्रुप कं, लिमिटेड
xxiii. क्यू इयान टाइटेनियम उद्योग कं, लिमिटेड
xxiv. जिनान युक्सिंग केमिकल कंपनी लिमिटेड
xxv. निंगबो जियांगफु टाइटेनियम डाइऑक्साइड कंपनी लिमिटेड
xxvi. निंगबो जियांगफु केमिकल मार्केटिंग कंपनी लिमिटेड
xxvii. शेडोंग डॉन टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड

34. प्राधिकारी ने निम्नलिखित तीन समूहों का नमूना लिया है, जिसमें संबंधित व्यापारी और उत्पादक शामिल हैं:

i <u>एलबी समूह</u> जिसमें निम्नलिखित उत्पादक/निर्यातक शामिल हैं- हेनान बिलियन्स एडवांस्ड मैटेरियल कं, लिमिटेड, एलबी ग्रुप कं, लिमिटेड, एलबी लुफेंग टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड, एलबी सिचुआन टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड, एलबी जियांगयांग टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड, बिलियन्स (हांगकांग) कॉर्पोरेशन लिमिटेड और बिलियन्स यूरोप लिमिटेड, यूके।

ii <u>गोल्ड स्टार</u> समूह जिसमें उत्पादक/निर्यातक शामिल हैं- अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड (समूह) कं, लिमिटेड और अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड ट्रेडिंग कं, लिमिटेड।

iii <u>शेडोंग समूह</u> जिसमें उत्पादक/निर्यातक शामिल हैं- शेडोंग जियांगहाई टाइटेनियम कं, लिमिटेड और शेडोंग जिनहाई टाइटेनियम रिसोर्सेज टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड।

35. संबद्ध देश के सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत निम्नानुसार निर्धारित की गई है।

छ.3.1 सामान्य मूल्य

36. डब्ल्यूटीओ में चीन के अभिगम नयाचार के अनुच्छेद 15 में निम्नलिखत प्रावधान है:

"जीएटीटी 1994 का अनुच्छेद VI, टैरिफ और व्यापार संबंधी सामान्य करार, 1994 ("पाटनरोधी करार") के अनुच्छेद VI के कार्यान्वयन संबंधी करार और एससीएम करार एक डब्ल्यूटीओ सदस्य में चीन के मूल के आयातों की संलिप्तता की कार्यवाहियों में लागू होंगे जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

" (क) जीएटीटी 1994 के अनुच्छेद -VI और पाटनरोधी करार के तहत कीमत तुलनात्मकता का निर्धारण करने में, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे अथवा उस पद्धति का उपयोग करेंगे, जो निम्नलिखित नियमों के आधार पर घरेलू कीमतों या चीन में लागतों के साथ सख्ती से तुलना करने पर आधारित नहीं है:

(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण ,उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो निर्यात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त अनुपालन पर आधारित नहीं है ,यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण ,उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग हैं।

(ख) एससीएम समझौते के पैरा II ,III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क),14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राजयसहायता को बताते समय एससीएम समझौते के प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे ,तथापि , उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों ,तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए तब पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखती है और चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में ,जहां व्यवहार्य हो ,आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों का उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को ठीक करना चाहिए।

(ग)आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैरा (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी कार्य समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को कमिटी ऑन सब्सिडीज और काउंटर वेलिंग मैसर्स के लिए अधिसूचित करेगा।

(घ) आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य को राष्ट्रीय कानून के तहत चीन ने एक बार यह सुनिश्चित कर लिया है कि यह एक बाजार अर्थव्यवस्था है ,तो उप पैराग्राफ के प्रावधान (क)समाप्त कर दिए जाएंगे ,बशर्ते आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में प्राप्ति की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ क (II) के प्रावधान प्राप्ति की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त होंगे। इसके अलावा , आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं ,उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

37.यह नोट किया जाता है कि धारा 15(क)(ii) में निहित प्रावधान 11.12.2016 को समाप्त हो गए हैं, तथापि अभिगम नयाचार की धारा 15(क)(i) के तहत दायित्व के साथ पठित डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2.2.1.1 के तहत प्रावधान में बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार का दावा करने संबंधी पूरक प्रश्नावली में दिए जाने के लिए

सूचना/आंकड़ों के माध्यम से संतुष्ट होने हेतु नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 8 में निर्धारित मानदंड की अपेक्षा होती है।

38. जांच की शुरुआत के स्तर पर, प्राधिकारी ने एसजीए और लाभ जोड़कर संबद्ध सामानों की उत्पादन लागत के आधार पर घरेलू उत्पादकों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार कार्यवाही की। जांच शुरु करने पर प्राधिकारी ने चीन जन.गण. में उत्पादकों/निर्यातकों को सलाह दी कि वे जांच की शुरुआत की सूचना का उत्तर दें और अपनी बाजार अर्थव्यवस्था के स्तर के निर्धारण के लिए संगत सूचना दें। प्राधिकारी ने नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 8(3) में निर्धारित मानदंडों के अनुसार गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की अवधारणा का खंडन करने और संगत विस्तृत सूचना देने के लिए सभी ज्ञात उत्पादकों/निर्यातिकों को पूरक प्रश्नावली की प्रतियां भेजी। प्राधिकारी ने चीन जन.गण. की सरकार से यह भी अनुरोध किया कि वे चीन जन.गण. में उत्पादकों/निर्यातकों को संगत सूचना देने की सलाह दें।

39. किसी भी निर्यातक/उत्पादक ने चीन के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था स्तर का विरोध नहीं किया। इस प्रकार, उपर्युक्त स्थिति के मद्देनजर और किसी भी चीनी निर्यातक कंपनी द्वारा गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की अवधारणा का खंडन न किए जाने की स्थिति में, प्राधिकारी चीन जन.गण. को वर्तमान जांच में गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश मानना उपयुक्त समझते हैं और चीन जन.गण. के मामले में सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए नियमावली के अनुबंधं-I के पैरा 7 के अनुसार कार्यवाही करते हैं।

40. नियमावली का अनुबंध I निम्नलिखित रूप में पठित है:

> *गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयातों के मामले में सामान्य मूल्य बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत अथवा निर्मित मूल्य, अथवा भारत या जहां यह संभव नहीं है, वहां सहित तीसरे देश से अन्य देशों से कीमत अथवा अन्य किसी उपयुक्त आधार, जिसमें आवश्यक होने पर विधिवत समायोजित समान उत्पाद के लिए भारत में वास्तव में प्रदत्त अथवा देय कीमत शामिल है, उपयुक्त लाभ मार्जिन शामिल करने के लिए, के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। उपयुक्त बाजार अर्थव्यवस्था वाला तीसरा देश संबंधित देश के विकास और प्रश्नगत उत्पाद के मद्देनजर उपयुक्त तरीके में*

निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा चुना जाएगा और चयन के समय उपलबध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना पर उचित ध्यान दिया जाएगा। किसी अन्य बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के संबंध में किसी समान मामले में की गई जांच की समय सीमाओं, जहा लागू हो, के भीतर भी ध्यान दिया जाएगा। जांच से संबंधित पक्षकारों को बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के उपर्युक्त चयन से किसी अपर्याप्त विलंब के बिना सूचित किया जाएगा और उनकी टिप्पणियां देने के लिए उपयुक्त समायावधि दी जाएगी।

41. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध I के पैरा 7 में निर्धारित अन्य पद्धतियों के संबंध में रिकॉर्ड में पर्याप्त सूचना के अभाव में प्राधिकारी ने "किसी अन्य उपयुक्त आधार" पर पद्धति पर विचार कर सामान्य मूल्य निर्धारित किया है।

42. अत: प्राधिकारी ने भारत में उत्पादन के लागत के आधार पर चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य निर्मित किया है, बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय तथा उपयुक्त लाभ सहित विधिवत समायोजित किया है। चीनी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए इस प्रकार निर्धारित निर्मित सामान्य मूल्य का उल्लेख नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

छ.3.2 सभी नमूनाकृत उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत

क) एलबी ग्रुप (नमूनाकृत)

i. **मेसर्स एलबी ग्रुप कंपनी लिमिटेड**
ii. **मेसर्स एलबी लुफेंग टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड**
iii. **मेसर्स एलबी सिचुआन टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड**
iv. **मेसर्स एलबी जियांगयांग टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड**
v. **मेसर्स हेनान बिलियन एडवांस्ड मैटेरियल कंपनी लिमिटेड**
vi. **मेसर्स बिलियन (हांगकांग) कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
vii. **मेसर्स बिलियन यूरोप लिमिटेड, यूके**

43. **एलबी ग्रुप कंपनी लिमिटेड** की स्थापना 20 अगस्त, 1998 को चीन जनवादी गणराज्य के कंपनी कानून के अनुसार एक सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी के रूप में की गई थी।

जांच अवधि के दौरान, एलबी ग्रुप कंपनी लिमिटेड ने भारत को *** एमटी संबद्ध सामान बेचे हैं। जिसमें से उत्पादक/निर्यातक ने *** एमटी अप्रत्यक्ष रूप से एक संबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात् बिलियन्स (हांगकांग) कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हांगकांग के माध्यम से बेचा है। यह भी नोट किया जाता है कि इसमें से *** एमटी, बिलियन्स (हांगकांग) कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हांगकांग ने *** एमटी भारत को सीधे बेचा है और शेष *** एमटी अप्रत्यक्ष रूप से एक अन्य संबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात् बिलियन्स यूरोप लिमिटेड, यूके के माध्यम से भारत को बेचा गया है। उत्पादकों/निर्यातकों ने कारखानागत स्तर पर निवल निर्यात कीमत निकालने के लिए समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, पत्तन और अन्य संबंधित व्यय, बैंक प्रभार और कमीशन के निमित्त समायोजनों का दावा किया है और इस प्रकार निर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

44. **एलबी लुफेंग टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड** की स्थापना 20 अप्रैल, 2015 को चीन जनवादी गणराज्य के कंपनी कानून के अनुसार एक सीमित देयता कंपनी के रूप में की गई थी। जांच की अवधि के दौरान, एलबी लुफेंग टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड ने भारत को *** एमटी संबद्ध सामान बेचा है। जिसमें से उत्पादक/निर्यातक ने संबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात् बिलियन (हांगकांग) कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हांगकांग के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से *** एमटी बेचा है। उत्पादकों/निर्यातकों ने कारखानागत स्तर पर निवल निर्यात कीमत निकालने के लिए समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, पत्तन और अन्य संबंधित व्यय, बैंक प्रभार और कमीशन के निमित्त समायोजनों का दावा किया है और इस प्रकार निर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

45. **एलबी सिचुआन टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड** की स्थापना 21 फरवरी, 2001 को चीन जनवादी गणराज्य के कंपनी कानून के अनुसार एक सीमित देयता कंपनी के रूप में की गई थी। जांच की अवधि के दौरान, एलबी सिचुआन टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण. ने भारत को *** एमटी संबद्ध सामान बेचा है। जिसमें से उत्पादक/निर्यातक ने संबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात् बिलियन्स (हांगकांग) कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हांगकांग के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से *** एमटी बेचा है। यह भी नोट किया जाता है कि *** एमटी में से बिलियन्स (हांगकांग) कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हांगकांग ने *** एमटी भारत को सीधे बेचा है और शेष *** एमटी संबद्ध सामान बिलियन्स

(हांगकांग) कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हांगकांग ने एक अन्य संबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात् बिलियन्स यूरोप लिमिटेड, यूके के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से भारत को बेचा है। उत्पादकों/निर्यातकों ने कारखानागत स्तर पर निवल निर्यात कीमत निकालने के लिए समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, पत्तन और अन्य संबंधित व्यय, बैंक प्रभार और कमीशन के निमित्त समायोजनों का दावा किया है और इस प्रकार निर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

46. **एलबी जियांगयांग टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड**, चीन जन.गण. की स्थापना 29 अप्रैल, 2011 को चीन जनवादी गणराज्य के कंपनी कानून के अनुसार एक सीमित देयता कंपनी के रूप में की गई थी। जांच अवधि के दौरान, एलबी जियांगयांग टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण. ने भारत को *** एमटी संबद्ध सामान बेचा है। जिसमें से उत्पादक/निर्यातक ने संबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात् बिलियन्स (हांगकांग) कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हांगकांग के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से *** एमटी बेचा है। उत्पादकों/निर्यातकों ने कारखानागत स्तर पर निवल निर्यात कीमत निकालने के लिए समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, पत्तन और अन्य संबंधित व्यय, बैंक प्रभार और कमीशन के निमित्त समायोजनों का दावा किया है और इस प्रकार निर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

47. **हेनान बिलियन्स एडवांस्ड मैटेरियल कंपनी लिमिटेड** की स्थापना 19 मई, 2016 को चीन जनवादी गणराज्य के कंपनी कानून के अनुसार एक सीमित देयता कंपनी के रूप में की गई थी। जांच की अवधि के दौरान, हेनान बिलियन्स एडवांस्ड मैटेरियल कंपनी लिमिटेड ने भारत को *** एमटी संबद्ध सामान बेचा है। जिसमें से उत्पादक/निर्यातक ने एक संबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात् बिलियन्स (हांगकांग) कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हांगकांग के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से *** एमटी बेचा है। यह भी नोट किया जाता है कि *** एमटी में से बिलियन्स (हांगकांग) कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हांगकांग ने भारत को सीधे *** एमटी बेचा है और शेष *** एमटी संबद्ध सामान बिलियन्स (हांगकांग) कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हांगकांग ने एक अन्य संबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात् बिलियन्स यूरोप लिमिटेड, यूके के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से भारत को बेचा है। उत्पादकों/निर्यातकों ने कारखानागत स्तर पर निर्यात कीमत का पीसीएन-वार भारित औसत निकालने के लिए समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, पत्तन और अन्य संबंधित व्यय, बैंक प्रभार और

कमीशन के निमित्त समायोजनों का दावा किया है और इस प्रकार निर्धारित कारखानागत निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

ख) गोल्ड स्टार ग्रुप (नमूनाकृत)

i. मेसर्स अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड (ग्रुप) कंपनी लिमिटेड

ii. मेसर्स अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड

48. **अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड (ग्रुप) कंपनी लिमिटेड** की स्थापना 18 जनवरी, 1996 को चीन जनवादी गणराज्य के कंपनी कानून के अनुसार एक सीमित देयता कंपनी के रूप में की गई थी।

जांच की अवधि के दौरान, अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड (ग्रुप) कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण. ने एक संबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण. के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से भारत को *** एमटी का संबद्ध सामान बेचा है। उत्पादक/निर्यातक ने कारखानागत स्तर पर निर्यात कीमत निकालने के लिए कोई समायोजन का दावा नहीं किया है और इस प्रकार निर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

49. **मेसर्स अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड** की स्थापना 20 अक्टूबर, 2017 को चीन जनवादी गणराज्य के कंपनी कानून के अनुसार एक सीमित देयता कंपनी के रूप में की गई थी।

जांच की अवधि के दौरान, अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड ने भारत को *** एमटी संबद्ध सामान बेचा है। जिसमें से उत्पादक/निर्यातक ने अपने संबंधित उत्पादक/निर्यातक अर्थात मेसर्स अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड (ग्रुप) कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण. से *** एमटी संबद्ध सामान बेचा है। उत्पादक/निर्यातक ने कारखानागत स्तर पर निवल निर्यात कीमत निकालने के लिए समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, पत्तन और अन्य संबंधित व्यय, बैंक प्रभार और कमीशन के निमित्त समायोजनों का दावा किया है और इस प्रकार निर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

ग) शेडोंग समूह (नमूनाकृत)

i मेसर्स शेडोंग जियांघई टाइटेनियम कंपनी लिमिटेड

ii. मेसर्स शेडोंग जिनहाई टाइटेनियम रिसोर्सेज टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड

50. **मेसर्स शेडोंग जियांगहाई टाइटेनियम कंपनी लिमिटेड** की स्थापना 16 अक्टूबर, 2013 को चीन जनवादी गणराज्य के कंपनी कानून के अनुसार एक सीमित देयता कंपनी के रूप में की गई थी।

जांच अवधि के दौरान, शेडोंग जियांगहाई टाइटेनियम कंपनी लिमिटेड ने भारत को *** एमटी संबद्ध सामान बेचा है। उत्पादकों/निर्यातकों ने कारखानागत स्तर पर निवल निर्यात कीमत निकालने के लिए समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, पत्तन और अन्य संबंधित व्यय, बैंक प्रभार और कमीशन के निमित्त समायोजनों का दावा किया है और इस प्रकार निर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

51. **मेसर्स शेडोंग जिनहाई टाइटेनियम रिसोर्सेज टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड चीन जन.गण.** की स्थापना 24 अप्रैल, 2012 को चीन जन. गण. के कंपनी कानून के अनुसार एक सीमित देयता कंपनी के रूप में की गई थी।

जांच अवधि के दौरान, शेडोंग जिनहाई टाइटेनियम रिसोर्सेज टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड चीन जन. गण. ने सीधे भारत को *** एमटी संबद्ध वस्तु की बिक्री की है। उत्पादकों/निर्यातकों ने कारखानाद्वार स्तर पर निवल निर्यात कीमत ज्ञात करने के लिए समुद्री भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, पत्तन और अन्य संबंधित व्यय, बैंक प्रभार के लिए समायोजनों का दावा किया है और इस प्रकार निर्धारित कारखानाद्वार निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दर्शायी गई है।

घ) गैर प्रतिदर्शित सहयोगी उत्पादक/निर्यातक

52. प्राधिकारी ने नमूना श्रेणी के उत्पादकों/निर्यातकों के लिए अलग पाटन मार्जिन के आधार पर मूल्यांकित भारित औसत पाटन मार्जिन पर विचार किया हैं। यह भारित औसत पाटन मार्जिन संबद्ध वस्तुओं के उत्पादकों/निर्यातकों की गैर-प्रतिदर्श श्रेणी को प्रदान किया गया है तथा पाटन मार्जिन तालिका में इसका उल्लेख किया गया है।

ड.) असहयोगी उत्पादक/निर्यातक

53. प्राधिकारी ने तथ्यो के आधार पर चीन जन. गण. से असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत निर्धारित की है । इस प्रकार निर्धारित निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है।

छ.3.3 पाटन मार्जिन का निर्धारण

54. जैसा कि ऊपर बताया गया है, निर्धारित सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत पर विचार करते हुए, यह निर्धारित किया गया है कि पाटन मार्जिन नियमों के अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक है।

55. यह नोट किया गया है कि कई सहयोगी उत्पादक और निर्यातक एक दूसरे से संबंधित हैं और संबंधित कंपनियों का एक समूह बनाते हैं। पाटन मार्जिन के निर्धारण के लिए संबंधित निर्यातक उत्पादकों और निर्यातकों को एक एकल इकाई के रूप में मानना और इस प्रकार उनके लिए एक एकल पाटन मार्जिन स्थापित करना प्राधिकारी की एक सतत प्रक्रिया रही है।
इस दृष्टिकोण के लिए तर्क यह है कि व्यक्तिगत डंपिंग मार्जिन की गणना करने से एंटी-डंपिंग उपायों की रोकथाम को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे संबंधित निर्यातक उत्पादकों को सबसे कम व्यक्तिगत डंपिंग मार्जिन वाली कंपनी के माध्यम से भारत में अपने निर्यात को सक्षम करने से उन्हें अप्रभावी बना दिया जा सकता है

56. उपरोक्त के अनुसार, संबंधित उत्पादकों और निर्यातकों को एक एकल इकाई के रूप में माना गया है और उन्हें एक एकल पाटन मार्जिन दिया गया है, जिसकी गणना सहयोगी संबंधित उत्पादकों और निर्यातकों के पाटन मार्जिन के भारित औसत के आधार पर की गई है ।

<u>पाटन मार्जिन (डीएम) तालिका</u>

क्र. सं.	उत्पादक	सीएनवी (डॉलर/एमटी)	निवल निर्यात कीमत (डॉलर/एमटी)	पाटन मार्जिन (डीएम) (डॉलर/एमटी)	डीएम (%)	डीएम रेंज (%)

1.	मेसर्स अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड (ग्रुप) कं	***	***	***	***	60-70
2.	मेसर्स अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड ट्रेडिंग कं, लिमिटेड					
3.	मेसर्स शेडोंग जिनहाई टाइटेनियम रिसोर्सेज टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड	***	***	***	***	40-50
4.	मेसर्स शेडोंग जियांगहाई टाइटेनियम कं, लिमिटेड					
5.	मेसर्स एलबी जियांगयांग टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड	***	***	***	***	35-45
6.	मेसर्स एलबी सिचुआन टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड					
7.	मेसर्स एलबी लुफेंग टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड					
8.	मेसर्स एलबी ग्रुप कं, लिमिटेड					
9.	मेसर्स हेनान बिलियन एडवांस्ड मैटेरियल कं, लिमिटेड					
10.	**गैर-प्रतिदर्श सहयोगी उत्पादक/ निर्यातक**	***	***	***	***	40-50
11.	**अवशिष्ट**	***	***	***	***	90-100

खंड-III

ज. <u>क्षति और कारणात्मक संबंध का आकलन</u>

ज.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

57.अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. आयात मात्रा के आंकड़े घरेलू मांग को पूरा करने के लिए आयातों, विशेष रूप से चीन जन. गण. पर महत्वपूर्ण निर्भरता दर्शाते हैं।

ii. आयात ने जांच की अवधि में मांग में वृद्धि के साथ-साथ लगातार वृद्धि दर्शाई है।

iii. घरेलू उद्योग की बिक्री में मामूली वृद्धि हुई है जबकि जांच की अवधि में अन्य देशों से आयात में गिरावट आई है।

iv. घरेलू उद्योग संबद्ध वस्तुओं की बढ़ती मांग को पूरा करने में असमर्थ है और मांग आपूर्ति का अंतर आयात की आवश्यकता को उजागर करता है।

v. ग्रेड-वार जांच से यह स्पष्ट आकलन हो सकेगा कि विभिन्न गुणवत्ता ग्रेड ने लागत और मूल्य निर्धारण गतिशीलता में परिवर्तनों में कैसे योगदान दिया है। यह दृष्टिकोण उन ग्रेड की पहचान करने की अनुमति देगा जो उच्च या निम्न मांग, मूल्य निर्धारण दबाव या लागत भिन्नता का अनुभव कर रहे हैं, जिससे मूल्य निर्धारण, विपणन और उत्पादन के लिए अधिक अनुरूप रणनीतियां बन सकती हैं। ऐसा विश्लेषण उन प्रवृत्तियों को भी उजागर कर सकता है जो समग्र डेटा में अस्पष्ट हो सकती हैं, जिससे अधिक सूचित निर्णय लेने और लाभप्रदता बढ़ाने में मदद मिलती है।

vi. घरेलू उद्योग को कथित क्षति के लिए केवल संबद्ध आयातों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। अन्य योगदान देने वाले कारकों में कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, उपभोक्ता वरीयताओं में बदलाव और घरेलू और विदेशी दोनों उत्पादकों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा शामिल हैं।

vii. क्षतिरहित कीमत निर्धारित करने के लिए घरेलू उद्योग का नियोजित पूंजी पर 22 प्रतिशत की आय (आरओसीई) का दावा अत्यधिक और पाटनरोधी नियमों के साथ असंगत है, क्योंकि यह नियोजित पूंजी के निवल मूल्य और ऋण घटकों दोनों पर अनुचित दर लागू करके क्षतिरहित कीमत गणना को बढ़ाता है। यह अनुरोध किया गया है कि क्षतिरहित कीमत की गणना घरेलू उद्योग द्वारा पाटन आरोपों के बिना अवधि के दौरान अर्जित वास्तविक आरओसीई के आधार पर की जानी चाहिए, जिसमें मौजूदा आर्थिक स्थितियों पर विचार

करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ब्याज लागत और लाभ मार्जिन वास्तविक और उचित स्तरों को दर्शाते हैं।

viii. रूटाइल और एनाटेस ग्रेडों के लिए क्षति का अलग-अलग विश्लेषण किया जाना चाहिए क्योंकि वे अपनी अनूठी क्रिस्टल संरचनाओं और परिणामी भौतिक और रासायनिक अंतरों के कारण पीयूसी के अलग-अलग रूप हैं।

ix. रूटाइल-क्लोराइड और रूटाइल-सल्फेट के लिए क्षति का अलग-अलग विश्लेषण किया जाना चाहिए क्योंकि उनका परस्पर उपयोग नहीं किया जा सकता है। क्षति की समग्र जांच के लिए केवल पीसीएन को अपनाना अपर्याप्त है और यह एडी नियमों के अनुसार क्षति का निर्धारण करने के लिए सही मात्रा प्रभाव, कीमत प्रभाव और आर्थिक मापदंडों को प्रतिबिंबित नहीं करता है।

x. घरेलू उद्योग ने पाटन मार्जिन की गणना करने और निवल निर्यात कीमत, क्षति मार्जिन, कीमत कटौती का निर्धारण करने के लिए दो अलग-अलग आयात मात्राओं का उपयोग किया है। घरेलू उद्योग ने एक असंगति पैदा की है जो क्षति जांच को विकृत कर सकती है। चीन से आयात की मात्रा में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि गैर-संबद्ध देशों में लगभग 25% की गिरावट आई है। भारत में आयात में केवल 12.80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो कुल भारतीय मांग में वृद्धि के अनुरूप है। इसलिए, चीनी के आयात गैर-संबद्ध देश के आयात का बाजार हिस्सा ले रहे हैं, न कि भारतीय बाजार हिस्सा जो कमोबेश समान स्तर पर रहा ।

xi. चीनी के आयातों को अलग करने से पता चलता है कि आयात में वृद्धि रूटाइल-सल्फेट से संबंधित है। आयात में वृद्धि घरेलू रूप से रूटाइल सल्फेट के उपलब्ध नहीं होने के कारण रूटाइल-सल्फेट से संबंधित है। रूटाइल सल्फेट के आयात एक पसंद के बजाय आवश्यकता है।

xii. कीमत कटौती अपने आप में ऐसी क्षति का सूचक नहीं हो सकती जिससे वास्तविक क्षति हुई हो। निवल बिक्री प्राप्ति (एनएसआर) निर्धारित करना एक व्यावसायिक निर्णय है, इसलिए डीआई की आंतरिक अकुशलता जिसके कारण उत्पादन की लागत बढ़ सकती है और अधिक एनएसआर क्षति या वास्तविक क्षति का दावा करने का कारण नहीं हो सकती है।

xiii.नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की लेखापरीक्षा के अनुसार, केएमएमएल ने मूल्य निर्धारण प्रथाओं को बनाए रखा है जो परिवर्तनीय लागतों की वसूली सुनिश्चित करती हैं जो कीमत ह्रास या न्यूनीकरण के दावों का खंडन करती हैं।

xiv. भारत में रूटाइल टीआईओ2 का एकमात्र घरेलू उत्पादक होने के बावजूद केएमएमएल ने वित्तीय वर्ष 2006-07 से अपनी उत्पादन क्षमता का विस्तार

नहीं किया है। प्रयोक्ता उद्योग की लगातार और बढ़ती मांग के बावजूद, केएमएमएल की क्षमता समान बनी हुई है। क्षमता उपयोग के आंकड़ों से पता चलता है कि केएमएमएल का निष्पादन समय के साथ सुसंगत रहा है, जिससे उत्पादन या क्षमता उपयोग में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

xv. क्षति अवधि के दौरान केएमएमएल की बिक्री कीमतों में काफी वृद्धि हुई है, जबकि उत्पादन की लागत में कमी आई है, जो दर्शाता है कि केएमएमएल वर्तमान में ऐसे प्रतिकूल वित्तीय प्रभावों का सामना नहीं कर रहा है जिसके लिए शुल्क लगाने की आवश्यकता होगी।

xvi. केएमएमएल ने 2019-20 से 2022-23 तक क्रमशः पीयूसी सहित सभी क्षेत्रों में 120 प्रतिशत और 20 प्रतिशत का सकल लाभ दर्ज किया है। इस प्रकार लाभप्रदता में गिरावट संबंधी दावों में कोई सच्चाई नहीं है और इन्हें अस्वीकार करना चाहिए।

xvii. मौखिक सुनवाई के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा यथा उल्लिखित 4,00,000 एमटी क्षमता हासिल करने के लिए लगभग 10,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत परिव्यय की आवश्यकता होगी। यह देखते हुए कि घरेलू उद्योग कथित तौर पर आंतरिक अकुशलताओं और उधार के कारण वित्तीय रूप से विवश है, ऐसा निवेश बिल्कुल असंभव लगता है।

xviii. घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा और बिक्री कीमत में मामूली वृद्धि हुई है, जो घरेलू उद्योग के निष्पादन में स्थिरता और सुधार का संकेत देती है, जो इस दावे को नकारती है कि घरेलू उद्योग क्षति उठा रहा है।

xix. चीन जन. गण. से आयात में वृद्धि मामूली रही है और इसे वास्तविक क्षति के खतरे के दावे को पुष्ट करने के लिए पर्याप्त महत्वपूर्ण नहीं माना जा सकता है।

xx. भारत विदेशी निर्यातकों के लिए असाधारण रूप से उच्च विकास या आकर्षक बाजार नहीं है क्योंकि हाल के वर्षों में मांग अपेक्षाकृत स्थिर रही है और यह विदेशी निर्यातकों के लिए महत्वपूर्ण या बढ़ते आकर्षण का संकेत नहीं देती है।

xxi. घरेलू उद्योग ने चीन में वास्तविक स्थापित क्षमता पर विश्वसनीय आंकड़े प्रदान नहीं किये हैं जो कि टीआईओ2 के ग्रेड के विपरीत पीयूसी के उत्पादन के लिए समर्पित है जो इस जांच के अधीन नहीं हैं, जिसके अभाव में, प्राधिकारी को घरेलू उद्योग के अतिरिक्त क्षमताओं के अनुमानित दावों की अनदेखी करनी चाहिए।

xxii. कोविड-19 महामारी और परिणामी लॉकडाउन घरेलू उद्योग के निष्पादन में एक कारक है और यह दर्शाता है कि पाटित वस्तुओं और घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बीच किसी भी कारणात्मक संबंध का अभाव है। केएमएमएल की

2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट में कोविड से संबंधित खर्चों में वृद्धि की जानकारी दी गई है, जिससे कंपनी की लागत में वृद्धि हो सकती है।

xxiii. घरेलू उद्योग के पास एक अलग सब्सिडी-रोधी याचिका दायर करके घरेलू उद्योग द्वारा दावा की गई कथित सब्सिडी से उत्पन्न होने वाली किसी भी क्षति को समाधान करने का विकल्प है। वर्तमान पाटनरोधी आकलन में ऐसी निर्यात कर छूटों की तरह सब्सिडीकरण द्वारा हुई क्षति के लिए कोई आकलन शामिल करना उचित नहीं होगा।

xxiv. घरेलू उद्योग अपनी ब्याज लागतों में भारी वृद्धि के कारण अकुशल है, जिसने घरेलू उद्योग की बिक्री की बढ़ती लागत में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो सकता है, जिसने पिछले मुनाफे को घाटे में बदल दिया हो और जिससे आरओआई में गिरावट आई हो।

xxv. घरेलू उद्योग ने विशेष रूप से एलबी ग्रुप से होने वाली क्षति को उजागर किया है। तथापि, यह नोट किया जाना चाहिए कि एलबी ग्रुप बैकवर्ड एकीकृत है, जिससे अधिक प्रतिस्पर्धी लागत संरचना बनी हुई है। केएमएमएल खरीदी गई कच्ची सामग्री पर निर्भर करता है और इसलिए अपनी कच्ची सामग्री का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने में असमर्थ है। केएमएमएल की वार्षिक रिपोर्ट से पता चलता है कि कच्ची सामग्री की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जो बिक्री में वृद्धि के अनुपात में नहीं है जो अकुशलता को दर्शाता है।

ज. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

58. घरेलू उद्योग द्वारा क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. मांग 2021-22 तक लगातार बढ़ी लेकिन 2022-23 में और जांच की अवधि के दौरान इसमें गिरावट आई।

ii. आधार वर्ष से जांच की अवधि तक संबद्ध देश से आयात में काफी वृद्धि हुई है।

iii. आयात में वृद्धि निरपेक्ष और सापेक्ष दोनों दृष्टियों से काफी अधिक है।

iv. भारतीय उत्पादन और खपत के संबंध में संबद्ध देश से आयात का हिस्सा क्षति अवधि के दौरान लगातार बढ़ा है।

v. कुल भारतीय मांग में संबद्ध आयातों की बाजार का हिस्सा ***% है।

vi. कीमत कटौती का निर्धारण संबद्ध आयातों के पहुंच कीमत की घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत से तुलना करके किया गया था। संबद्ध आयात घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रहे हैं।

vii. बिक्री की लागत 2022-23 तक बढ़ी, जिसके बाद जांच की अवधि में इसमें मामूली गिरावट देखी गई। बिक्री कीमत 2021-22 तक बढ़ी और फिर जांच की अवधि तक घट गयी। इसलिए संबद्ध आयात घरेलू उद्योग की कीमतों में ह्रास कर रहे हैं।

viii. घरेलू उद्योग की क्षमता पूरी क्षति अवधि के दौरान स्थिर रही है।

ix. घरेलू उद्योग का उत्पादन और क्षमता उपयोग आधार वर्ष से 2021-22 तक बढ़ गया है, तथापि तब से जांच की अवधि तक इसमें काफी गिरावट आई है।

x. देश में पर्याप्त मांग के बावजूद, घरेलू उद्योग बहुत कम उपयोग स्तर पर प्रचालन कर रहा है।

xi. घरेलू उद्योग की बिक्री 2021-22 तक बढ़ी थी, 2022-23 में गिरावट आई और जांच की अवधि में इसमें वृद्धि देखी गई।

xii. क्षति अवधि के दौरान आवेदकों के बाजार हिस्से में गिरावट आई है जबकि संबद्ध आयातों की हिस्से में वृद्धि हुई है और यह 50 प्रतिशत से अधिक है। संबद्ध आयातों ने मांग में अन्य देशों का हिस्सा ले लिया है।

xiii. घरेलू उद्योग के लाभप्रदता मापदंडों के संबंध में, कोविड और कम कीमत वाले आयातों के कारण घरेलू उद्योग को आधार वर्ष में घाटा हुआ है।

xiv. 2021-22 में घरेलू उद्योग ने लाभ, नकद लाभ और तर्कसंगत आरओआई अर्जित करना शुरू कर दिया। तथापि, उसे 2022-23 में भारी घाटा होना शुरू हो गया, जो जांच की अवधि तक जारी रहा। जहां संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत में काफी गिरावट होनी शुरू हो गई। जांच की अवधि में घरेलू उद्योग का आरओआई नकारात्मक *** प्रतिशत था।

xv. घरेलू उद्योग की मालसूची में क्षति अवधि के दौरान अत्यधिक उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उत्पादन में कमी के बावजूद जांच की अवधि में मालसूची *** एमटी रही है।

xvi. क्षति अवधि के दौरान कर्मचारियों की संख्या और भुगतान किए गए वेतन में मामूली गिरावट आई है।

xvii. आधार वर्ष से 2021-22 तक प्रति कर्मचारी उत्पादकता में वृद्धि हुई है, तथापि उत्पादन के रूझान के अनुसार जांच की अवधि तक इसमें काफी गिरावट आई है।

xviii. संबद्ध आयातों ने कीमत और लाभप्रदता मापदंडों के संबंध में घरेलू उद्योग की वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।

xix. जांच की अवधि के बाद संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन पहले से शुरू करने वाले नए उत्पादक को शामिल करने के बाद भारत में मांग आपूर्ति अंतराल से भी अधिक, संबद्ध देश से पाटित किए गए आयातों में वृद्धि हुई है।

xx. घरेलू उद्योग के लिए क्षति को समग्र रूप से देखा जाना चाहिए क्योंकि पीयूसी को 'टाइटेनियम डाइऑक्साइड' के रूप में परिभाषित किया गया है और उत्पाद के लिए क्षति विश्लेषण पर समग्र रूप से विचार किया जाना चाहिए।

xxi. पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन की गणना एनाटेस और रूटाइल ग्रेड के आधार पर की गई है, क्योंकि उनकी पहचान की गई है और टीआईओ2 के किसी भी अज्ञात ग्रेड पर विचार नहीं किया गया है।

xxii. कीमत कटौती की गणना करने के लिए आयात की कुल मात्रा पर विचार किया गया है।

xxiii. 2021-22 के बाद चीन के आयातों की पहुंच कीमत में गिरावट आई, चीन से इतर आयातों में विशेष रूप से जांच की अवधि में पहुंच कीमत में काफी वृद्धि हुई ।

xxiv. अन्य देशों में गिरावट के कारण चीन से आयात की मात्रा में वृद्धि हुई।

xxv. क्षति अवधि में स्टॉक में वृद्धि लगभग 50 करोड़ से 250 करोड़ रुपये तक हुई है।

xxvi. घरेलू उद्योग के एक घटक के लिए क्षमता उपयोग जांच की अवधि में केवल 32 प्रतिशत है, जबकि दूसरे आवेदक के लिए दो अलग-अलग पीसीएन के लिए 32 प्रतिशत है।

xxvii. घरेलू उद्योग को लागत में वृद्धि के साथ ही 2022-23 में बिक्री कीमत में कमी करके लागत के बजाय पहुंच कीमत में उतार-चढ़ाव का अनुसरण करने के लिए बाध्य होना पड़ा। तथापि, पहुंच कीमत बहुत कम और लागत से भी कम थी और जांच की अवधि में इसमें और गिरावट आई।

xxviii. केएमएमएल को पीबीटी में लगभग *** और पीबीआईटी में लगभग *** की भारी गिरावट का सामना करना पड़ा, जबकि इसकी ब्याज लागत में केवल *** की वृद्धि हुई।

xxix. केएमएमएल की नीति का संदर्भ पूर्ण लागतों के बजाय परिवर्तनीय लागतों से है और यह जानते हुए भी कि बाजार की शक्तियां पूरी लागत वसूलने की अनुमति नहीं दे सकती हैं, पूर्ण लागतों की अनदेखी कर सकती हैं।

xxx. केरल सरकार के आदेश के अनुसार, कोविड से संबंधित व्यय आरंभ में 2021 में किया गया था। 2022-23 में भुगतान की गई राशि कंपनी के सीएसआर दायित्वों के हिस्से के रूप में अंशदान की गई राशि को पूरा करने के लिए केवल एक आंशिक भुगतान था। इसके अलावा, सीएसआर व्ययों पर लाभ की जानकारी के लिए भी विचार नहीं किया जाता और उन्हें कर पश्चात लाभ से पूरा किया जाता है।

ज.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

59. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों को नोट किया है तथा हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों पर विधिवत विचार करने के पश्चात नियमों के अनुसार विभिन्न मापदंडों की जांच की है। प्राधिकारी द्वारा नीचे किया गया क्षति विश्लेषण स्वतः ही हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों को संबोधित करता है।

60. अनुबंध-2 के साथ पठित नियमावली के नियम 11 यह उपबंध है कि किसी क्षति के निर्धारण में किसी क्षति जांच में पाटित आयातों की मात्रा ,समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत कारकों को ध्यान में रखते हुए.. "... ऐसे कारकों की जांच शामिल होगी, जिनसे घरेलू उद्योग को हुई क्षति का पता चल सकता हो। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय इस बात पर विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से की कीमतों में अन्यथा अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है, जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती। भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए उद्योग की स्थिति को प्रभावित करने वाले उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्रियों की मात्रा, मालसूची, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति, पाटन की मात्रा और मार्जिन आदि जैसे सूचकों पर पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II के अनुसार विचार किया गया है।

ज.3.1 मांग/स्पष्ट खपत का आकलन

61. वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध वस्तुओं की मांग या स्पष्ट खपत को आवेदकों की घरेलू बिक्री और सभी स्रोतों से आयात के योग के रूप में परिभाषित किया है। पीयूसी की मांग इस प्रकार है:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
संबद्ध देश से आयात - चीन	एमटी	1,46,998	1,72,187	2,02,922	2,26,869
सूचीबद्ध		100	117	138	154
अन्य देशों से आयात	एमटी	1,46,874	1,77,252	1,41,605	1,22,608

सूचीबद्ध		100	121	96	83
घरेलू उद्योग की बिक्रियां	एमटी	46,855	47,913	38,998	47,223
सूचीबद्ध		100	102	83	101
भारतीय मांग	एमटी	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	117	113	116

62. यह देखा गया है कि विचाराधीन उत्पाद की मांग में 2021-22 में वृद्धि हुई है और उसके बाद उसमें जांच की अवधि तक मामूली गिरावट आई है। आधार वर्ष 2020-21 की तुलना में संबद्ध देश से आयात में 54 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है।

ज.3.2. घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव

क) समग्र और सापेक्ष रूप से आयात

63. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी के लिए यह विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप से या भारत में उत्पादन या खपत के संबंध में भारी वृद्धि हुई है। क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम से सौदा-वार आयात आंकड़ों पर भरोसा किया है। प्राधिकारी ने अंतिम पीयूसी और संबद्ध वस्तुओं के पीसीएन पर आधारित आंकड़ों पर विचार किया है। क्षति जांच अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं की आयात मात्रा और उसका हिस्सा इस प्रकार है:

विवरण	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
आयात मात्रा					
संबद्ध देश - चीन	एमटी	1,46,998	1,72,187	2,02,922	2,26,869
सूचीबद्ध		100	117	138	154
अन्य देश	एमटी	1,46,874	1,77,252	1,41,605	1,22,608
सूचीबद्ध		100	121	96	83
कुल आयात मात्रा	एमटी	2,93,872	3,49,439	3,44,527	3,49,476
सूचीबद्ध		100	119	117	119

निम्न के संबंध में संबद्ध आयात					
कुल आयात	%	50	49	59	65
सूचीबद्ध		100	99	118	130
भारतीय उत्पादन	%	287	302	433	494
सूचीबद्ध		100	105	151	172
भारतीय मांग	%	43	43	53	57
सूचीबद्ध		100	100	123	133

64. यह देखा गया कि:

क. संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान संबद्ध आयातों में भारी वृद्धि देखी गई है। अन्य देशों से आयात में 2021-22 में वृद्धि, परंतु उसके बाद जांच की अवधि तक इसमें तेजी से गिरावट आई।

ख. कुल आयात में चीन जन. गण. से आयात का हिस्सा पहले से ही काफी अधिक था। इसके अलावा, क्षति अवधि के दौरान इसमें वृद्धि हुई और अन्य देशों से आयात का हिस्सा कम हुआ है।

ग. भारतीय उत्पादन और खपत के संबंध में संबद्ध आयात में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है।

घ. यह देखा जा सकता है कि मांग में समग्र वृद्धि हुई है।

ज.3.3 घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का कीमत प्रभाव

65. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में यह विश्लेषण किया जाना आवश्यक है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में कथित पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत कटौती की गई है या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों को कम करने या ऐसी कीमत वृद्धि को रोकने के लिए है, जो अन्यथा सामान्य प्रक्रिया में बढ़ गई होती।

66. तदनुसार, संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव की जांच कीमत कटौती और कीमत ह्रास / न्यूनीकरण यदि कोई हो,

के संदर्भ में की गई है। इस विश्लेषण के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत और निवल बिक्री प्राप्ति (एनएसआर) की तुलना संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत के साथ की गई है।

क) कीमत कटौती

67. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या आयात बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रहे हैं, जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत के साथ संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत की तुलना करके कीमत कटौती ज्ञात की गई है। इस प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने नोट किया है कि विचाराधीन उत्पाद के विभिन्न प्रकारों की कीमतों में भारी अंतर है। इसलिए प्राधिकारी ने प्राधिकारी द्वारा अधिसूचित पीसीएन पर विचार करके तुलनीय प्रकारों के लिए घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत के साथ आयातों की पहुंच कीमत की तुलना की है। इस प्रकार, संबंधित आयात मात्रा पर विचार करने के बाद भारित औसत कीमत कटौती निर्धारित की गई है और इसे नीचे तालिका में दिया गया है:-

विवरण	**यूनिट**	**ए-एस**	**आर-एस**	**आ-सी**	**भारित औसत**
पहुंच कीमत	रू/एमटी	1,78,574	2,01,911	2,26,934	**2,05,197**
निवल बिक्री कीमत	रू/एमटी	***	***	***	***
कीमत कटौती	रू/एमटी	***	***	***	***
कीमत कटौती	%	***	***	***	***
कीमत कटौती	रेंज	0-10	ऋणात्मक	5-15	ऋणात्मक

68. आंकड़ों से पता चलता है कि आयात से बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतें कम नहीं हो रही हैं। हालाँकि, प्राधिकारी नोट करता है कि घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित आर-एस फॉर्म अनकोटेड रूप में है।

ख) कीमत ह्रास / न्यूनीकरण

69. घरेलू बाजार में कीमत ह्रास और न्यूनीकरण का विश्लेषण करने के प्रयोजनार्थ आवेदकों ने (क) बिक्री लागत (ख) घरेलू बिक्री कीमत के बारे में जानकारी प्रदान की है जैसा कि नीचे तालिका में दिया गया है।

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
पहुंच कीमत	रू/एमटी	1,74,761	2,61,253	2,33,166	2,05,197
सूचीबद्ध		100	149	133	117
बिक्रियों की लागत	रू/एमटी	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	110	147	135
बिक्री कीमत	रू/एमटी	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	133	124	113

70. यह देखा गया है कि क्षति अवधि के दौरान बिक्री कीमत और बिक्री लागत दोनों में वृद्धि हुई है। तथापि, बिक्री लागत में वृद्धि संबद्ध वस्तुओं की बिक्री कीमत में वृद्धि की तुलना में काफी अधिक थी। इसके अलावा, यद्यपि बिक्री कीमत 2021-22 तक बिक्री लागत से अधिक थी। तथापि, उसमें 2022-23 और जांच की अवधि में बिक्री लागत के स्तर से नीचे तक गिरावट आई। आयातों की पहुंच कीमत में उतार-चढ़ाव की प्रवृत्ति दिखाई देती है, जिसमें 2021-22 में उल्लेखनीय वृद्धि के बाद जांच की अवधि के दौरान गिरावट आई है। जांच की अवधि में आयातों की पहुंच कीमत बिक्री लागत से काफी कम थी। बिक्री कीमत की प्रवृत्ति कीमत न्यूनीकरण को भी दर्शाती है, क्योंकि यह बिक्री लागत के अधिक रहने के बावजूद 2021-22 में अपने उच्चतम स्तर (*** रू/ एमटी) से गिरकर जांच की अवधि के दौरान (*** रू / एमटी) रह गई है। इस प्रकार, संबद्ध आयात घरेलू बाजार में भारी कीमत ह्रास कर रहे हैं।

ज.3.4 घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंड

71. नियमावली के अनुबंध-II में प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में उद्योग की स्थिति पर असर डालने वाले सभी प्रासंगिक आर्थिक कारकों और संकेतकों का वस्तुनिष्ठ और निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होना चाहिए जिसमें बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर आय या क्षमता के उपयोग में वास्तविक और संभावित गिरावट, घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक, पाटन के मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि और पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव शामिल हैं। तदनुसार, घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति मापदंडों पर नीचे चर्चा की गई है।

72. जांच अवधि में आवेदकों के निष्पादन की तुलना आधार वर्ष में उनके निष्पादन के साथ की गई है।

क) क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्रियां

73. प्राधिकारी ने क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा पर विचार किया है। नीचे दी गई तालिका वास्तविक स्थिति को दर्शाती है।

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
संस्थापित क्षमता	एमटी	82,500	82,500	82,500	82,500
सूचीबद्ध		100	100	100	100
उत्पादन	एमटी	51,221	56,956	46,811	45,944
सूचीबद्ध		100	111	91	90
क्षमता उपयोग	%	62	69	57	56
सूचीबद्ध		100	111	92	90
घरेलू बिक्रियां	एमटी	46,855	47,912	38,999	47,223
सूचीबद्ध		100	102	83	101

74.यह देखा गया है कि:-

क. घरेलू उद्योग की क्षमता पूरी क्षति अवधि के दौरान स्थिर रही है।

ख. घरेलू उद्योग का उत्पादन और क्षमता उपयोग आधार वर्ष से 2021-22 तक बढ़ा है, परंतु तब से जांच की अवधि तक इसमें काफी गिरावट आई है।

ग. देश में पर्याप्त मांग के बावजूद आवेदक कम उपयोग स्तर पर प्रचालन कर रहे हैं।

घ. देशव्यापी कोविड संबंधी लॉकडाउन के कारण 2020-21 में उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग कम रहा था।

ड. घरेलू उद्योग की बिक्री में 2021-22 तक वृद्धि हुई, 2022-23 में गिरावट आई और जांच की अवधि में इसमें पुन: वृद्धि हुई।

ख) मांग में बाजार हिस्सा

75.सम्पूर्ण क्षति अवधि के दौरान संबद्ध आयातों और घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा निम्नानुसार था:

विवरण	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
संबद्ध देश	%	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	100	123	133
अन्य देश	%	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	103	86	72
घरेलू उद्योग	%	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	102	74	87

76. संबद्ध देश का बाजार हिस्सा क्षति अवधि के दौरान काफी बढ़ गया है। घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा क्षति अवधि के दौरान कम हो गया है, जबकि संबद्ध देश से आयात का हिस्सा बढ़ गया है और गैर-संबद्ध देशों से आयात का हिस्सा निरंतर कम हो गया है।

ग) लाभप्रदता, नकद लाभ और निवेश पर आय

77. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के लाभ, नकद लाभ, ब्याज पूर्व लाभ (पीबीआईटी) और निवेश पर आय का विश्लेषण किया गया है और वे निम्नानुसार हैं:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
बिक्रियों की लागत	रू/एमटी	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	110	147	135
बिक्री कीमत	रू/एमटी	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	133	124	113
लाभ/हानि प्रति यूनिट	रू/एमटी	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	476	(327)	(307)
लाभ/हानि (पीबीटी)	रू लाख	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	1,220	(872)	(1007)
पीबीआईटी - घरेलू बिक्री	रू लाख	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	923	(620)	(707)
पीबीआईटी - प्रति यूनिट	रू/एमटी	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	434	(278)	(259)
नकद लाभ - घरेलू बिक्री	रू लाख	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	691	(454)	(513)

नकद लाभ - प्रति यूनिट	रू/एमटी	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	387	(242)	(226)
निवेश पर आय	%	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	829	(512)	(552)

78.यह देखा गया है कि:-

क. क्षति अवधि में बिक्री की लागत में वृद्धि हुई, जबकि बिक्री कीमत 2021-22 में बढ़ी है और उसके बाद जांच की अवधि तक इसमें लगातार गिरावट आई है। परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग के लाभ में 2021-22 में वृद्धि हुई और उसके बाद तेजी से गिरावट आई, जिससे भारी वित्तीय घाटा हुआ। जांच की अवधि में वित्तीय घाटे में वृद्धि हुई है।

ख. लाभ में गिरावट के परिणामस्वरूप क्षति अवधि में नकद लाभ में काफी गिरावट आई है। घरेलू उद्योग को 2022-23 और जांच की अवधि में नकद घाटा हुआ है।

ग. निवेश पर आय ने कर पूर्व लाभ के समान प्रवृत्ति को दर्शाया है। क्षति अवधि में निवेश पर आय में काफी गिरावट आई। जांच की अवधि में आरओआई *** प्रतिशत नकारात्मक रहा था।

घ. कोविड से संबंधित लॉकडाउन के कारण 2020-21 में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता कम रही थी। वास्तव में घरेलू उद्योग के निष्पादन में लाभ, नकद लाभ और निवेश पर आय के संबंध में जांच अवधि तक तेजी से गिरावट आई थी।

घ) मालसूची

79.क्षति अवधि और जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची स्थिति से संबंधित आंकड़े नीचे तालिका में दिए गए हैं:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
आरंभिक मालसूची	एमटी	***	***	***	***
सूचीबद्ध		***	***	***	***
अंतिम मालसूची	एमटी	***	***	***	***
सूचीबद्ध		***	***	***	***
औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	126	237	394

80. यह देखा गया है कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के पास मालसूची का स्तर काफी अधिक बढ़ गया था।

ड.) रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता

81. घरेलू उद्योग के रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता के संबंध में स्थिति निम्नानुसार है:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
कर्मचारियों की संख्या	संख्या	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	99	96	99
मजदूरी	रू लाख	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	84	82	83
उत्पादकता प्रति कर्मचारी	एमटी/सं.	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	113	95	91
उत्पादकता प्रति दिन	एमटी/दिन	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	111	91	90

82. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान कर्मचारियों की संख्या और प्रदत्त मजदूरी में कमी आई है। प्रति कर्मचारी उत्पादकता आधार वर्ष से 2021-22 तक बढ़ी है और 2022-23 और जांच अवधि में इसमें गिरावट आई है।

च) वृद्धि

83. यह देखा गया है कि आयातों के कारण मात्रा और कीमत दोनों मापदंडों के संबंध में घरेलू उद्योग की वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

विवरण	यूनिट	2021-22	2022-23	पीओआई
क्षमता	वाई/वाई	0%	0%	0%
उत्पादन	वाई/वाई	11%	-18%	-2%
बिक्री	वाई/वाई	2%	-19%	21%
पीबीटी	वाई/वाई	1119%	-163%	-17%
पीबीआईटी	वाई/वाई	823%	-156%	-17%
नकद लाभ	वाई/वाई	591%	-151%	-17%
आरओआई	वाई/वाई	729%	-150%	-10%

छ) घरेलू कीमत को प्रभावित करने वाले कारक

84. प्राधिकारी ने संबद्ध देश से आयात कीमतों, लागत संरचना में परिवर्तन, घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धा, पाटित आयातों के अलावा ऐसे अन्य कारकों की जांच की है जो घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं। प्राधिकारी ने यह भी नोट किया है कि घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाला मुख्य कारक संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु का पाटित आयात है।

ज) पूंजी जुटाने की क्षमता

85. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि घरेलू उद्योग के पास भारत में पीयूसी की मांग को पूरा करने के लिए अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए नए निवेश जुटाने की क्षमता है, परंतु घरेलू उद्योग अपनी क्षमताओं का उपयोग करने में असमर्थ रहा है और पाटित आयातों के कारण उसे घाटा हो रहा है। संबद्ध वस्तु के पाटन ने घरेलू उद्योग की पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता को प्रभावित किया है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि नई कंपनियां पीयूसी के भारतीय उद्योग में निवेश करने की योजना बना रही हैं, परंतु वे पाटित आयातों के कारण प्रगति नहीं पा रहे हैं।

झ) पाटन और पाटन मार्जिन की मात्रा

86. यह देखा गया है कि संबद्ध देश से पाटन मार्जिन न केवल न्यूनतम सीमा से अधिक है बल्कि काफी अधिक भी है।

झ. <u>कारणात्मक संबंध और अन्य कारक</u>

87. प्राधिकारी ने यह जांच की कि क्या नियमावली के अंतर्गत सूचीबद्ध अन्य कारकों से घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती है। प्राधिकारी ने पाटित आयातों के अलावा अन्य ज्ञात कारकों की जांच की और यह पता लगाया कि क्या ये कारक भी घरेलू उद्योग को उसी समय क्षति पहुंचा रहे हैं ताकि ऐसे अन्य कारकों से हुई क्षति यदि कोई हो, के लिए पाटित आयातों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाए। इस संबंध में संगत कारकों में अन्य बातों के साथ-साथ पाटित कीमतों पर न बेची गई संबद्ध वस्तु की मात्रा, मांग में संकुचन या खपत की प्रवृत्ति में परिवर्तन, व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं, प्रौद्योगिकी में परिवर्तन, घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन और घरेलू उद्योग की उत्पादकता शामिल हैं।

i) तीसरे देशों से आयात की मात्रा और कीमतें

88. यह देखा गया है कि अन्य देशों से विचाराधीन उत्पाद का आयात काफी अधिक है। तथापि, वे घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत की तुलना में काफी अधिक कीमतों पर हुआ

है। अत: अन्य देशों से आयात घरेलू उद्योग द्वारा उठाई गई वास्तविक क्षति का कारण नहीं है।

ii) मांग में संकुचन

89. संपूर्ण क्षति अवधि में मांग में लगातार वृद्धि हुई है। इस प्रकार, मांग में गिरावट क्षति का कारण नहीं है।

iii) खपत की प्रवृत्ति में परिवर्तन

90. क्षति अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद के लिए खपत की प्रवृत्ति में ऐसा कोई परिवर्तन नहीं हुआ है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती हो।

iv) प्रतिस्पर्धा की स्थिति और व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं

91. जांच में प्रतिस्पर्धा की स्थितियों या किसी व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथा में कोई परिवर्तन नहीं दर्शाया गया है।

v) प्रौद्योगिकी में विकास

92. यह दर्शाने के लिए कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है कि प्रौद्योगिकी में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं हुआ है।

vi) घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन

93. प्रदत्त जानकारी में घरेलू उद्योग के घरेलू प्रचालनों पर विचार किया गया है।

vii) अन्य उत्पादों का निष्पादन

94. घरेलू उद्योग ने पीयूसी के लिए क्षति संबंधी आंकड़े प्रदान किए हैं और उन्हें प्राधिकारी द्वारा क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ अपनाया गया है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और बेचे गए अन्य उत्पादों के निष्पादन पर विचार नहीं किया गया है।

झ.1. <u>क्षति संबंधी निष्कर्ष और करणात्मक संबंध</u>

95. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के निष्पादन के विश्लेषण से घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति का पता चलता है। पाटित आयातों और घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बीच कारणात्मक संबंध निम्नलिखित आधारों पर सिद्ध होता है:

i. आयातों में समग्र रूप से और सपेक्ष रूप से वृद्धि हुई है।
ii. बिक्री की लागत में वृद्धि, क्षति अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु की बिक्री कीमत में वृद्धि से अधिक है, जिसमें बिक्री कीमत 2022-23 और जांच की अवधि में बिक्री की लागत के स्तर से निचले स्तर पर चली गई है। संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत 2021-22 तक बढ़ी है और 2022-23 और जांच की अवधि में इसमें गिरावट आई, जिससे घरेलू बाजार में कीमत ह्रास और न्यूनीकरण हुआ है।
iii. घरेलू उद्योग उत्पादन और बिक्री को पाटन के कारण नहीं बढ़ा पा रहा है ।
iv. घरेलू उद्योग की क्षमता के अप्रयुक्त रहने के बावजूद संबद्ध आयातों के पास *** प्रतिशत बाजार हिस्सा रहा है।
v. घरेलू उद्योग की मालसूची बढ़ रही है और क्षति अवधि में उत्पादन में कमी के बावजूद जांच की अवधि में इसमें काफी वृद्धि हुई है।
vi. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता और नियोजित पूंजी पर आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। घरेलू उद्योग को 2022-23 और जांच की अवधि में घाटा हुआ है। जांच अवधि में घरेलू उद्योग का आरओआई काफी कम रहा है।

96. उपर्युक्त विश्लेषण से यह संकेत मिलता है कि संबद्ध देश से भारत में पीयूसी के बढ़ते पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हो रही है। संबद्ध देश के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के पाटित आयात में वृद्धि और घरेलू उद्योग को हुई वास्तविक क्षति के बीच करणात्मक संबंध मौजूद है।

ञ. <u>क्षति मार्जिन की मात्रा</u>

97. प्राधिकारी यथा संशोधित अनुबंध III के साथ पठित नियमावली में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर घरेलू उद्योग के लिए एनआईपी निर्धारित करते हैं। विचाराधीन उत्पाद का एनआईपी घरेलू उद्योग द्वारा जांच अवधि के लिए उपलब्ध कराई गई उत्पादन लागत से संबंधित सूचना/आंकड़ों को अपनाकर निर्धारित किया जाना है। क्षति मार्जिन की गणना के लिए संबद्ध देश से प्राप्त पहुंच कीमत की तुलना करने के लिए एनआईपी पर विचार किया गया है। एनआईपी निर्धारित करने के लिए क्षति अवधि के दौरान कच्ची सामग्री और सुविधाओं के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। क्षति अवधि के दौरान उत्पादन क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। असाधारण या गैर आवर्ती व्यय को उत्पादन लागत से अलग रखा गया है। नियमावली के अनुबंध III में यथा निर्धारित एनआईपी ज्ञात करने के लिए विचाराधीन उत्पाद के लिए औसत नियोजित पूंजी (अर्थात औसत निवल स्थिर परिसंपत्ति और औसत कार्यशील पूंजी) पर उचित आय (कर पूर्व 22 प्रतिशत की दर से) को कर पूर्व लाभ के रूप में अनुमति दी गई थी। प्राधिकारी ने जांच अवधि की प्रत्येक तिमाही के लिए अलग-अलग एनआईपी निर्धारित की है।

98. यह नोट किया गया है कि अनेक सहयोगी उत्पादक और निर्यातक एक दूसरे से संबंधित हैं और संबंधित कंपनियों का एक समूह बनाते हैं। क्षति मार्जिन के निर्धारण के लिए संबंधित निर्यातक उत्पादकों और निर्यातकों को एक एकल इकाई के रूप में मानना और इस प्रकार उनके लिए एक एकल क्षति मार्जिन निर्धारित करना प्राधिकारी की एक सतत प्रथा रही है। यह विशेष रूप से इसलिए है क्योंकि अलग क्षति मार्जिन की गणना करने से पाटनरोधी उपायों की प्रवंचना को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे संबंधित निर्यातक उत्पादकों को सबसे कम अलग क्षति मार्जिन वाली कंपनी के माध्यम से भारत में अपने निर्यात को भेजने के कारण उपाय निष्प्रभावी हो सकते हैं।

99. उपर्युक्त के अनुसार, संबंधित उत्पादकों और निर्यातकों को एक एकल इकाई के रूप में माना गया है और उन्हें एक एकल क्षति मार्जिन दिया गाय है, जिसकी गणना सहयोगी संबंधित उत्पादकों और निर्यातकों के क्षति मार्जिन के भारित औसत के आधार पर की गई है।

100. उपर्युक्त के अनुसार निर्धारित पहुंच कीमत और एनआईपी के आधार पर प्राधिकारी द्वारा अनंतिम रूप से निर्धारित क्षति मार्जिन नीचे तालिका में दिया गया है।

क्र.सं.	उत्पादक	एनआईपी (डॉलर/एमटी)	पहुंच मूल्य (डॉलर/एमटी)	क्षति मार्जिन (आईएम) (डॉलर/एमटी)	आईएम (%)	आईएम रेंज
1.	मेसर्स अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड (ग्रुप) कं, लिमिटेड	***	***	***	***	20-30
2.	मेसर्स अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड ट्रेडिंग कं, लिमिटेड					
3.	मेसर्स शेडोंग जिनहाई टाइटेनियम रिसोर्सेज टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड	***	***	***	***	20-30
4.	मेसर्स शेडोंग जियांगहाई टाइटेनियम कं, लिमिटेड					
5.	मेसर्स एलबी जियांगयांग टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड	***	***	***	***	15-25

6.	मेसर्स एलबी सिचुआन टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड					
7.	मेसर्स एलबी लुफेंग टाइटेनियम इंडस्ट्री कं, लिमिटेड					
8.	मेसर्स एलबी ग्रुप कं, लिमिटेड					
9.	मेसर्स हेनान बिलियन्स एडवांस्ड मैटेरियल कं, लिमिटेड					
10.	**गैर प्रतिदर्श सहयोगी उत्पादक / निर्यातक**	***	***	***	***	15-25
11.	**अवशिष्ट**	***	***	***	***	25-35

ट. वास्तविक क्षति का खतरा

101. वर्तमान जांच में घरेलू उद्योग ने वास्तविक क्षति के खतरे का तर्क दिया है। प्राधिकारी ने नियमावली के अनुबंध-II के पैराग्राफ (vii) के अनुसार वास्तविक क्षति के खतरे से संबंधित मापदंडों पर विचार करते हुए घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति के खतरे की जांच की, जिसमें निम्नानुसार उल्लेख है:

"वास्तविक क्षति के खतरे का निर्धारण तथ्यों पर आधारित होगा न कि केवल आरोप, संयोग या सुदूर संभावना पर। परिस्थितियों में परिवर्तन, जो ऐसी स्थिति उत्पन्न करेगा जिसमें पाटन से क्षति होगी, को स्पष्ट रूप से पूर्वानुमानित और आसन्न होना

चाहिए। वास्तविक क्षति के खतरे की मौजूदगी के संबंध में निर्धारण करने में निर्दिष्ट प्राधिकारी अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित कारकों पर विचार करेंगे:

क. भारत में पाटित आयातों की वृद्धि की एक अत्यधिक दर जो आयात में काफी वृद्धि की संभावना को दर्शाती हो;

ख. निर्यातक की क्षमता में पर्याप्त मुक्त रूप से निपटान योग्य या आसन्न, पर्याप्त वृद्धि जो किसी भी अतिरिक्त निर्यात को खपाने के लिए अन्य निर्यात बाजारों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए भारतीय बाजार में पाटित निर्यात में काफी वृद्धि की संभावना को दर्शाती हो;

ग. क्या आयात ऐसी कीमतों पर प्रवेश कर रहे हैं जिनका घरेलू कीमतों पर भारी ह्रासकारी या न्यूनकारी प्रभाव पड़ेगा और अतिरिक्त आयात के लिए मांग में वृद्धि की संभावना होगी; और

घ. जांच की जा रही वस्तु की मालसूची।

ट.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

102. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा वास्तविक क्षति के संबंध में द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. संबद्ध देश से आयात में वृद्धि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर केवल 4 प्रतिशत रही है और इसे खतरे को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त नहीं माना जा सकता है।

ii. सापेक्ष और समग्र दोनों रूप से आयात में मामूली वृद्धि वास्तविक क्षति के खतरे के दावे का समर्थन करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

iii. स्थिर मांग के कारण भारत संबद्ध वस्तु के निर्यात के लिए असाधारण रूप से उच्च वृद्धि वाला या आकर्षक बाजार नहीं है।

iv. स्थिर मांग चीन के निर्यातकों सहित विदेशी निर्यातकों के लिए महत्वपूर्ण या बढ़ते आकर्षण का संकेत नहीं देती है।

v. खतरा आसन्न और स्पष्ट रूप से पूर्वानुमानित दोनों होना चाहिए और अकेले अधिशेष उत्पादन क्षमता की मौजूदगी इस मानदंड को पूरा नहीं करती है।

vi. घरेलू उद्योग ने खाद्य या भेषज में उपयोग किए जाने वाले टाइटेनियम डाइऑक्साइड के उन ग्रेडों की तुलना में संबद्ध वस्तु के उत्पादन के लिए

समर्पित चीन में वास्तविक स्थापित क्षमता पर विश्वसनीय आंकड़े प्रदान नहीं किये हैं।

vii. विचाराधीन उत्पाद और अन्य टाइटेनियम डाइऑक्साइड प्रकारों के लिए चीन की क्षमताओं पर अलग-अलग आंकड़ों की कमी से चीन में संबद्ध वस्तु के लिए समर्पित उत्पादन की मात्रा को समझने में भिन्नता उत्पन्न होती है।

viii. घरेलू उद्योग के घटकों में से एक कि यह स्थापित नीति है कि विचाराधीन उत्पाद की कीमत उसके उत्पादन की परिवर्तनीय लागत से अधिक रखी जाए जो वास्तविक क्षति के खतरे मौजूदगी के दावों का खंडन करती है।

ट.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

103. घरेलू उद्योग द्वारा वास्तविक क्षति के खतरे के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. मांग में वृद्धि के सापेक्ष क्षति अवधि के दौरान आयात में काफी वृद्धि हुई है। जांच की अवधि में आयात में काफी वृद्धि हुई है जबकि मांग में गिरावट आई।

ii. रूटाइल ग्रेड के आयात में काफी वृद्धि हुई।

iii. जांच की अवधि के बाद संबद्ध देश के आयात की मात्रा और कीमतें स्थिर रही हैं।

iv. संबद्ध वस्तु के लिए चीन की क्षमता लगभग 55 लाख एमटी है, जो संबद्ध वस्तु के उत्पादन की वैश्विक क्षमता का 56 प्रतिशत बनता है। अकेले एक चीनी निर्यातक की क्षमता 15 लाख एमटी है।

v. चीन जन. गण. की घरेलू मांग कमजोर है, जिससे निर्यात के लिए मुक्त रूप से निपटान योग्य क्षमता प्रदर्शित देती है।

vi. सार्वजनिक डोमेन ज्ञान से पता चलता है कि कमजोर मांग के बावजूद चीन में संबद्ध वस्तु के उत्पादन स्तर में वर्ष दर वर्ष वृद्धि हुई है।

vii. चीन की सरकार चीन में उत्पादकों और विनिर्माताओं को काफी अधिक सहायता देती है, जिससे चीन की अर्थव्यवस्था में विकृतियां उत्पन्न होती हैं, जिससे इनपुट लागत काफी प्रभावित होती है।

viii. विश्व भर के विभिन्न न्यायालयों ने चीन जन. गण. से टाइटेनियम डाइऑक्साइड के आयात के विरुद्ध उपाय लागू किए हैं, जो पाटित वस्तु के प्रति चीन के व्यवहार को दर्शाता है।

ix. वैश्विक कार्रवाइयों के लागू होने से चीन के लिए एक प्रतिबंधित निर्यात बाजार बन गया है, जिसकी मांग पहले से ही कमजोर है इसलिए यह संभावना उत्पन्न होती है कि चीन अपनी अतिरिक्त क्षमता को भारतीय बाजार में खपाएगा।

x. वैश्विक कार्रवाइयों के कारण संबद्ध वस्तु के चीन के उत्पादकों को बाजार में घाटा हुआ है और ऐसी मात्रा भारत में स्थानांतरित किए जाने की संभावना है।

xi. भारतीय बाजार कीमत संवेदनशील है और कम कीमत वाले आयातों की उपलब्धता से बाजार में उत्पाद की कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और यह आत घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति के लिए अतिसंवेदनशील बना देती है।

xii. संबद्ध आयात घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत से कम कीमत पर हैं, जिससे इसे अपनी बिक्री कीमत कम करने के लिए बाध्य होना पड़ता है और घरेलू उद्योग कमजोर हो जाता है।

ट.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

104. प्राधिकारी ने नीचे दी गई नियमावली के अनुबंध II के पैराग्राफ (vii) के अनुसार वास्तविक क्षति के खतरे से संबंधित मापदंडों पर विचार करते हुए वास्तविक क्षति के खतरे की जांच की है।

क. भारत में पाटित आयातों में वृद्धि की अत्यधिक दर

105. आयात आंकड़ों के विश्लेषण से यह देखा गया है कि भारत में आयात में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई है और आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि में आयात में वृद्धि की दर काफी अधिक है। आयात में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आयात कीमत में भी 2021-22 से जांच अवधि तक कीमतों में भारी गिरावट देखी गई है। कीमतों में गिरावट के साथ आयात में उल्लेखनीय वृद्धि भविष्य में आयात में काफी वृद्धि के खतरे को दर्शाती करती है।

ख. उत्पादकों के पास मुक्त रूप से निपटान योग्य क्षमता

106. आवेदकों ने अनुरोध किया है कि चीन जन. गण. में टाइटेनियम डाइऑक्साइड के लिए काफी अधिक मुक्त रूप से निपटान योग्य क्षमता है। हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई निपटान योग्य क्षमताएं अविश्वसनीय हैं और उन्हें पीयूसी और एनपीयूसी की क्षमता में विभाजित किया जाना चाहिए। तथापि, घरेलू उद्योग ने साक्ष्य के रूप में चीन के उत्पादकों की वेबसाइट[9] पर भरोसा किया है जिसके अलावा उन्होंने एक बाजार अनुसंधान रिपोर्ट पर भरोसा किया है। ऐसी जानकारी के अनुसार, केवल एक नमूना समूह के पास उपलब्ध क्षमता 15 लाख एमटी है जो भारतीय मांग का लगभग तीन गुना है।

107. प्राधिकारी ने प्रतिवादी उत्पादकों द्वारा उपलब्ध कराई गई क्षमता और उत्पादन संबंधी जानकारी की तुलना की है। यह देखा गया है कि अकेले नमूना उत्पादकों के पास *** एमटी की अधिशेष क्षमता है जो कुल भारतीय मांग का 85-95 प्रतिशत है।

क्र.सं.	विवरण	गोल्ड स्टार ग्रुप	शेडोंग ग्रुप	एलबी ग्रुप	कुल
1.	क्षमता	***	***	***	***
2.	उत्पादन	***	***	***	***
3.	अधिशेष	***	***	***	***

ग. आयात ऐसी कीमतों पर प्रवेश कर रहे हैं जिनसे घरेलू कीमतों पर अत्यधिक ह्रासकारी या न्यूनकारी प्रभाव पड़ेगा

108. जैसा कि ऊपर बिक्री की लागत, बिक्री कीमत और आयात की पहुंच कीमत के उतार-चढ़ाव से पता चलता है कि संबद्ध आयात घरेलू कीमतों में ह्रास कर रहे हैं। बिक्री कीमत में वृद्धि बिक्री की लागत में वृद्धि से कम है और बिक्री कीमत 2022-23 से बिक्री की लागत के स्तर से नीचे है। आयात की पहुंच कीमत में 2021-22 तक वृद्धि हुई है और उसके बाद काफी गिरावट आई है, जबकि बिक्री की लागत में वृद्धि हुई।

[9] https://www.lomonbillions.global/key-facts/

घ. मालसूची का स्तर

109. संबद्ध देशों में उत्पादकों के पास उपलब्ध मालसूची के स्तर का पता नहीं लगाया जा सका क्योंकि ऐसी जानकारी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई थी। तदनुसार, क्षति के खतरे का पता लगाने के लिए इस मापदंड की जांच प्राधिकारी द्वारा नहीं की जा सकी।

ड. अन्य देशों द्वारा व्यापार उपचारात्मक कार्रवाई

110. यह देखा गया है कि ब्राजील, सऊदी अरब, यूरेशियन आर्थिक संघ और यूरोपीय संघ सहित विभिन्न देशों ने चीन जन. गण. से अपने देश में संबद्ध वस्तु के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाया है। इसके अलावा, संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2018 से अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया है। यह संबद्ध देश के उत्पादकों द्वारा विभिन्न बाजारों में वस्तुओं का पाटन करने की प्रवृत्ति को उजागर करता है। विभिन्न देशों द्वारा की गई कार्रवाइयों को नीचे तालिका में देखा जा सकता है:

क्र.सं.	दिनांक	देश	कार्रवाई	निर्यातक	शुल्क
1.	21 अक्टूबर	ब्राजील	अंतरिम शुल्क	एलबी ग्रुप	578 यूएसडी/एमटी
				गोल्ड स्टार ग्रुप	654 यूएसडी/एमटी
2.	9 अक्टूबर	सऊदी अरब	मामला शुरू किया गया	--	--
3.	3 सितंबर	यूरेशियन आर्थिक संघ	अंतिम शुल्क	एलबी ग्रुप	14.27%
				शेडोंग ग्रुप	16.25%
4.	10 जुलाई	ईयू	प्रारंभिक शुल्क	एलबी ग्रुप	39.7%
				गोल्ड स्टार ग्रुप	14.4%

च. व्यापार उपचारात्मक कार्रवाइयों के कारण बाजार का घाटा

111. प्राधिकारी के ध्यान में यह लाया गया है कि वैश्विक स्तर पर लागू की कई कार्रवाई के कारण चीन जन. गण. को बाजार का नुकसान हुआ है। भारतीय बाजार की स्थिर मांग को देखते हुए चीन के निर्यात के भारतीय बाजार में आने की बहुत अधिक संभावना है। ऐसे उपाय लागू होने के कारण इन देशों को निर्यात किए जाने वाले वस्तु के भारत में आने का एक विश्वसनीय खतरा उत्पन्न होता है, जैसा कि नीचे तालिका से देखा जा सकता है।

विवरण	**यूओएम**	**2020**	**2021**	**2022**	**2023**	**2024**
चीन के वैश्विक निर्यात	एमटी	12,91,858	13,88,669	14,68,805	16,93,380	10,04,541
चीन का भारत को निर्यात	एमटी	1,51,242	1,76,914	1,93,768	2,54,655	1,48,566
हिस्सा %	%	12%	13%	13%	15%	15%
विवरण	**यूओएम**	**2020**	**2021**	**2022**	**2023**	**2024**
चीन के यूरोपीय संघ को निर्यात	एमटी	2,03,459	2,26,531	2,22,034	2,61,734	1,71,596
चीन के अमेरिका को निर्यात	एमटी	18,227	13,118	20,418	15,619	8,986
चीन के ब्राजील को निर्यात	एमटी	1,08,344	1,02,322	96,014	1,20,989	76,978
चीन के सऊदी अरब को निर्यात	एमटी	13,606	10,721	17,152	23,678	15,209
वह संभावित मात्रा जो भारत में आ सकती सकती है	एमटी	3,43,635	3,52,692	3,55,619	4,22,020	2,72,769

(स्रोत: ट्रेड मैप)

छ. भारतीय उद्योग की संवेदनशीलता

112. घरेलू उद्योग द्वारा यह तर्क दिया गया है कि भारतीय बाजार कीमत के प्रति संवेदनशील है और कम कीमत आयातों के प्रति रूझान वाला है। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, संबद्ध आयातों का पहुंच मूल्य लगातार कम हुआ है। इस स्थिति में,

प्राधिकारी का मानना है कि संबद्ध आयातों के पाटन को देखते हुए उद्योग को गंभीर क्षति का व्यवहार्य खतरा है।

ठ. <u>भारतीय उद्योग का हित और अन्य मुद्दे</u>

ठ.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

113. जनहित के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i) पाटनरोधी शुल्क लगाने से संबद्ध वस्तु की कीमत बढ़ जाएगी, जिससे पेंट और प्लास्टिक विनिर्माता प्रभावित होंगे।

ii) अन्य हितबद्ध पक्षकारों में से एक ने अनुरोध किया है कि टीआईओ2 के पास कोई विकल्प नहीं है जो उनके उत्पादों में समान निष्पादन करता हो। उन्होंने अनुमान लगाया है कि 10 प्रतिशत पाटनरोधी शुल्क (एडीडी) लगाने से तैयार उत्पादों के लिए पेंट उत्पादन लागत में ₹5 रूपए प्रति किलोग्राम की वृद्धि होगी, जो संभावित रूप से विनिर्मिति में मात्रा के स्तर के आधार पर पेंट की कीमतों में ₹3.5-6 रूपए प्रति किलोग्राम की वृद्धि करेगी। पेंट विनिर्मिति में टीआईओ2 के काफी अधिक हिस्से (15-20 प्रतिशत) को देखते हुए लागत में वृद्धि का बोझ संभवतः उपभोक्ताओं पर डाला जाएगा। इसके बावजूद यह माना जाता है कि टीआईओ2 की मांग अत्यधिक मूल्य संवेदनशील नहीं है, बल्कि गुणवत्ता से प्रेरित है, क्योंकि घरेलू उद्योग सफेदी, चमक और चमक के लिए आवश्यक मानकों को पूरा नहीं कर सकता है। उन्होंने आयात पर एक महत्वपूर्ण निर्भरता को उजागर किया है, क्योंकि घरेलू उद्योग में मांग को पूरा करने की क्षमता का अभाव है।

iii) किफायती उत्पादों पर निर्भर उपभोक्ता आगे इन उत्पादों को खरीदने में असमर्थ होंगे।

iv) आयात की लागत पहले ही बढ़ चुकी है, क्योंकि संबद्ध वस्तु पर 10% सीमा शुल्क देय है। पाटनरोधी शुल्क लगाने से टाइटेनियम डाइऑक्साइड की कीमत में भारी वृद्धि होगी।

v) शुल्क लगाना उपभोक्ता हितों के विरुद्ध होगा, क्योंकि संबद्ध वस्तु का सबसे बड़ा उपभोक्ता पेंट उद्योग है। देश में मांग - आपूर्ति का अंतर केवल आयात से ही दूर किया जा सकता है।

vi) कुल भारतीय खपत में कुल भारतीय उत्पादन का 10 प्रतिशत से अधिक हिस्सा होने की संभावना नहीं है। अत: यदि शुल्क लगाया जाता है, तो इसका अधिकांश लोगों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

vii) घरेलू रूप से उपलब्ध रूटाइल ग्रेड उपयुक्त नहीं है। इसलिए प्रयोक्ताओं को आयात करना होगा, जिस पर शुल्क लगने के कारण रोक लग जाएगी।

viii) यूरोपीय संघ द्वारा लगाए गए शुल्क यूरोपीय संघ के भीतर पेंट विनिर्माताओं के लिए कठिनाइयां उत्पन्न कर रहे हैं और भारत में भी यही स्थिति दोहराई जाने की संभावना है।

ix) शुल्क लगाने से भारतीय मास्टर बैच उद्योग के लिए चुनौतियां आएंगी, क्योंकि विपरीत शुल्क ढांचे के कारण उद्योग पर वित्तीय दबाव है और इसके अलावा, निर्यात प्रतिस्पर्धी क्षमता पर संभावित आघात लगेगा।

x) भारत विदेशी निर्यातकों के लिए असाधारण रूप से उच्च वृद्धि या आकर्षक बाजार नहीं है क्योंकि मांग हाल के वर्षों में अपेक्षाकृत स्थिर रही है और विदेशी निर्यातकों के लिए महत्वपूर्ण या बढ़ते आकर्षण का संकेत नहीं देती है।

xi) अन्य हितबद्ध पक्षकारों में से एक ने दावा किया है कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से उनके प्रचालन पर न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा। टीआईओ2 के लिए पूर्ववर्ती कीमत में 50% तक की वृद्धि के बावजूद उन्होंने मांग में कोई व्यवधान नहीं देखी। यह दर्शाता है कि मूल्य वृद्धि डाउनस्ट्रीम उद्योग को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित नहीं करती है। इसके अलावा, उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि टीआईओ2 की मांग अत्यधिक कीमत संवेदनशील नहीं है, क्योंकि बाजार में कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि बड़ी पेंट कंपनियां आमतौर पर मांग में कमी किए बिना पर कीमत वृद्धि को उपभोक्ताओं पर डाल देती हैं। गैर-संबद्ध देशों से चीन के टीआईओ2 के व्यवहार्य विकल्प हैं, इसलिए वे शुल्क लागू होने पर आपूर्तिकर्ता को सरलता से बदल सकते हैं। टीआईओ2 तैयार उत्पादों का छोटा सा हिस्सा है और कीमत वृद्धि से लाभप्रदता पर न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा।

ठ.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

114. जनहित के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i) घरेलू उद्योग में संपूर्ण भारतीय उद्योग शामिल है तथा हाल ही में एक और उत्पादक ने बाजार में प्रवेश किया है। उचित बाजार कीमत सुनिश्चित करने के लिए शुल्क लगाना आवश्यक है तथा इससे भारत को केवल आयात पर निर्भर होने से रोका जा सकेगा। यदि शुल्क नहीं लगाया जाता है, तो चीन के उत्पादक बाजार में एकाधिकार बना लेंगे।

ii) चीन के संबद्ध आयातों के बढ़ते बाजार हिस्से ने न केवल घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचायी है, बल्कि अन्य देशों का पूरा हिस्सा भी ले लिया है।

iii) घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने से रोजगार में वृद्धि होगी, जीवन स्तर में सुधार होगा तथा देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि होगी।

iv) टाइटेनियम डाइऑक्साइड का उपयोग पेंट और कोटिंग उद्योग, प्लास्टिक उद्योग, कागज, रबड़ और चमड़ा उद्योग में किया जाता है। डाउनस्ट्रीम उद्योग के लिए संबद्ध वस्तु की लागत मामूली है। संबद्ध वस्तु की 70 प्रतिशत मांग पेंट उद्योग द्वारा उत्पन्न की जाती है, जिसमें टीआईओ2 घटक में मुश्किल से 5 प्रतिशत हिस्सा होता है।

v) टाइटेनियम डाइऑक्साइड मुख्य रूप से पेंट उद्योग में के काम आता है, जो कुल मांग का लगभग 70 प्रतिशत है। संबद्ध वस्तु घरों में इस्तेमाल होने वाले पेंट, औद्योगिक अनुप्रयोगों में इस्तेमाल होने वाले पेंट और उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले पाउडर कोटिंग की कुल संरचना का क्रमशः 5 प्रतिशत, 25 प्रतिशत और 30 प्रतिशत हिस्सा बनाती हैं। अंतिम उपभोक्ता पर शुल्कों का अंतिम प्रभाव न्यूनतम और गैर-परिणामी होगा।

vi) यदि उपाय नहीं किए जाते हैं, तो पाटित आयातों की कीमत के बराबर होने में असमर्थता, लाभप्रदता में गिरावट और अन्य वित्तीय संकेतकों के कारण उद्योग बंद होने की संभावना है।

vii) पेंट उद्योग, भले ही लागत में किसी भी संभावित वृद्धि को उपभोक्ताओं पर डालने में असमर्थ हो, परंतु लगाए गए शुल्कों के प्रभाव को स्वयं अवशोषित करने में सक्षम होगा।

viii) प्लास्टिक उद्योग के संबंध में, यह क्षेत्र लाभदायक बना रहेगा, भले ही शुल्कों का प्रभाव न डाला जाए या अवशोषित न किया जाए।

ix) मांग आपूर्ति अंतर की मौजूदगी संबद्ध वस्तु की पाटन को उचित नहीं ठहराता है।

x) घरेलू उद्योग की क्षमता का विस्तार करने तथा भारतीय उद्योग में वृद्धि करने की तत्काल योजनाएं मौजूद हैं, जिससे समग्र रूप से आयात की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी।

xi) मास्टर बैच उद्योग पर कोई न्यूनतम प्रभाव डाउनस्ट्रीम प्रयोक्ता पर डाला जा सकता है तथा वैकल्पिक रूप से, टीआईओ2 के अन्य स्रोत हैं जहाँ से मास्टर बैच उद्योग टीआईओ2 प्राप्त कर सकता है।

xii) निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए मास्टर बैच के निर्यातक अग्रिम प्राधिकार लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं, जो उन्हें शुल्क मुक्त उत्पादों का आयात करने में सक्षम बनाएगा।

xiii) भारत एक बढ़ता हुआ बाजार है तथा भारतीय बाजार द्वारा प्रस्तुत मांग की मात्रा महत्वपूर्ण है तथा व्यक्तिगत रूप से अन्य देशों द्वारा इसकी तुलना नहीं की जा सकती।

xiv) अनेक जांचकर्ता प्राधिकारियों ने चीन से टीआईओ2 के आयात पर शुल्क लगाया है तथा जांच शुरू की है।

xv) यदि आयातक तथा प्रयोक्ता वैकल्पिक स्रोतों का चयन करना चाहते हैं, तो सल्फेट के माध्यम से रूटाइल तथा क्लोराइड के माध्यम से रूटाइल दोनों को आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोतों से प्राप्त किया जा सकता है।

xvi) यह उत्पाद कीमत संवेदनशील है और पूंजी गहन उत्पाद है और ऐसे उत्पाद के लिए क्षमता का विस्तार चुनौतीपूर्ण है और इसके लिए पर्याप्त समय की आवश्यकता है। घरेलू उद्योग इस संबंध में प्रयास कर रहा है।

xvii) घरेलू उद्योग को अपने विस्तार की योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए निवेश करने हेतु उचित बाजार की आवश्यकता है।

ठ.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

115. प्राधिकारी ने नोट करते हैं कि सामान्य रूप से पाटनरोधी शुल्क लगाने का उद्देश्य पाटन की अनुचित व्यापार प्रथाओं से घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को समाप्त करना है ताकि भारतीय बाजार में खुली और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की स्थिति को फिर से स्थापित किया जा सके, जो देश के सामान्य हित में है। पाटनरोधी उपायों को लागू करने का उद्देश्य किसी भी तरह से संबद्ध देश से आयात को प्रतिबंधित करना नहीं है। व्यापार उपचारात्मक जांच का उद्देश्य व्यापार को विकृत करने वाले आयातों के खिलाफ उचित शुल्क लगाकर घरेलू उत्पादकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करके घरेलू बाजार में समान प्रतिस्पर्धी अवसरों को बहाल करना है। इसी के साथ प्राधिकारी को जानकारी है कि ऐसे शुल्कों का प्रभाव केवल पीयूसी के घरेलू उत्पादकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पीयूसी के प्रयोक्ताओं और उपभोक्ताओं को भी प्रभावित करता है। इसके अलावा, शुल्क लगाने से देश के भीतर नए उत्पादकों के उभरने को प्रोत्साहन मिल सकता है।

116. प्राधिकारी ने आयातकों, उपभोक्ताओं और अन्य सहित सभी हितबद्ध पक्षकारों से विचार आमंत्रित करते हुए जांच शुरूआत अधिसूचना जारी की। प्राधिकारी ने प्रयोक्ताओं/उपभोक्ताओं के लिए एक प्रश्नावली भी निर्धारित की है ताकि वे वर्तमान जांच के बारे में संगत जानकारी प्रदान कर सकें, जिसमें उनके प्रचालनों पर पाटनरोधी शुल्क के संभावित प्रभाव भी शामिल हों। अन्य बातों के साथ-साथ विभिन्न देशों के विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद की प्रतिस्थापनीयता, घरेलू उद्योग की स्रोतों को बदलने की क्षमता, उपभोक्ताओं पर पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव, ऐसे कारक जो पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के कारण उत्पन्न नई स्थिति के लिए समायोजन में तेजी ला सकते हैं या देरी कर सकते हैं, के बारे में जानकारी मांगी गई थी।

117. हितबद्ध पक्षकारों ने आर्थिक हित प्रश्नावली प्रस्तुत की है। सभी हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों से यह नोट किया गया है कि संबद्ध वस्तु का उपयोग प्राथमिक रूप से पेंट उद्योग में किया जाता है, जो संबद्ध वस्तु की कुल मांग का एक बड़ा हिस्सा है और संबद्ध वस्तु पेंट की संरचना की कुल मात्रा का बहुत कम प्रतिशत बनाती हैं। आवेदकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत विश्लेषण से पता चलता है कि शुल्क लगाए जाने के प्रभाव के कारण संबद्ध वस्तु की लागत में अंतर कुछ खास नहीं होगा।

118. प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जांच में मांग - आपूर्ति में अंतर मौजूद है। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के इस अनुरोध को नोट किया है कि मौजूदा उत्पादकों और नए उत्पादकों द्वारा भी क्षमता विस्तार के लिए सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं। मेसर्स मेघमनी ऑर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड नामक एक नए उत्पादक ने जांच अवधि के बाद पहले ही नई क्षमताएं स्थापित कर ली हैं। यह भी माना जाता है कि पाटन का समाधान करने की आवश्यकता है ताकि इस तथ्य पर विचार करते हुए कि उद्योग एक पूंजी प्रधान उद्योग है, भारतीय उद्योग को क्षमता विस्तार की योजना बनाने के लिए उचित और समान अवसर प्रदान किया जा सके।

119. इस संबंध में यह भी नोट किया जाता है कि मांग - आपूर्ति में अंतर की मौजूदगी किसी भी स्थिति में पाटन को उचित नहीं ठहराती है। **डीएसएम इडेमिट्सू लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी**[10] में सेस्टेट द्वारा और एनओसीआईएल लिमिटेड बनाम भारत सरकार मामले में गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा इस बात को माना गया है। गुजरात उच्च न्यायालय ने इस संबंध में निम्नानुसार माना था:

> ***"जहां मांग - आपूर्ति में अंतर मौजूद है, वहां आयात अपरिहार्य हैं परंतु यह अनुचित और पाटित कीमतों पर भारत में आने वाले आयातों का औचित्य नहीं है।*** *याचिकाकर्ता द्वारा प्राधिकारी को उपलब्ध कराई गई सूचना के मद्देनजर,* ***यह स्पष्ट रूप से पाया गया है कि वर्तमान मामले में निरंतर पाटन हो रहा है और इसलिए मांग और आपूर्ति का अंतर ऐसे आयात की अनुमति देने का आधार नहीं है।"***

120. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देश से आयात की मात्रा संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान बढ़ी है। संबद्ध आयातों का हिस्सा कुल भारतीय मांग का 57 प्रतिशत बनता है। संबद्ध देश से आयात में वृद्धि ने गैर - संबद्ध देशों से आयात की मात्रा के बाजार हिस्से पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाला है, जिनका बाजार में हिस्सा आधार वर्ष में 43 प्रतिशत से घटकर जांच अवधि में 31 प्रतिशत हो गया है। उपभोक्ताओं के पास आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोत हैं। भले ही पाटनरोधी शुल्क लगाने के परिणामस्वरूप आयात की मात्रा

[10] (119)2000ईएलटी)308टीआरआई।(डीईएल-

में गिरावट आए, गैर- संबद्ध देशों से आयात ऐसे पाटित आयातों का स्थान ले लेंगे और इस प्रकार, प्रतिकूल प्रभाव यदि कोई हो, को कम कर देंगे।

<u>ड. प्रकटन पश्चात अनुरोध</u>

ड.1 अन्य अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध :

i. रूटाइल-सल्फेट टाइटेनियम डाइऑक्साइड को जांच के दायरे में शामिल नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह अनुप्रयोगों और मूल्य निर्धारण के मामले में रूटाइल-क्लोराइड से भिन्न है।

ii. घरेलू उत्पादकों के पास भारत की मांग को पूरा करने की क्षमता नहीं है, जिसकी कुल स्थापित क्षमता 82,500 एमटी है जबकि मांग *** एमटी है, जिससे आयात अनिवार्य हो जाते हैं।

iii. आयात और घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं है, क्योंकि कई अन्य बाजार कारकों ने घरेलू उद्योग की वित्तीय स्थिति को प्रभावित किया है।

iv. कच्ची सामग्री की कीमतों में उतार-चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और वैश्विक व्यापक आर्थिक मुद्दे घरेलू उत्पादकों द्वारा सामना की जाने वाली वित्तीय कठिनाइयों के लिए आयात के बजाय प्रमुख कारण रहे हैं।

v. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क देते हुए क्षति विश्लेषण पद्धति को चुनौती दी है कि प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को प्रभावित करने वाले गैर-आयात कारकों की पर्याप्त रूप से जांच नहीं की है।

vi. घरेलू विनिर्माताओं ने वर्षों के संरक्षण के बावजूद क्षमता का विस्तार नहीं किया है, जो दर्शाता है कि पाटनरोधी शुल्कों से घरेलू उत्पादन में वृद्धि नहीं हुई है।

vii. चीन से आयात मांग - आपूर्ति के अंतर को पाटने में मदद करता है, जिससे प्लास्टिक उद्योग के लिए स्थिर इनपुट लागत सुनिश्चित होती है।

viii. पाटनरोधी शुल्कों से प्लास्टिक, पेंट और कागज सहित प्रमुख डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों की लागत बढ़ जाएगी, जिससे तैयार वस्तु की कीमत स्थिरता प्रभावित होगी।

ix. आपूर्ति के कई वैकल्पिक स्रोत (जैसे ऑस्ट्रेलिया, मैक्सिको और मलेशिया से) मौजूद हैं, जिसका अर्थ है कि चीन पर पाटनरोधी शुल्कों से जरूरी नहीं कि

घरेलू उत्पादकों को फायदा हो, बल्कि व्यापार प्रवाह अन्य देशों में स्थानांतरित हो जाएगा।

x. जनहित के आधार पर पाटनरोधी शुल्क लगाने का कड़ा विरोध करते हुए यह बताया गया है कि ऐसे उपायों से वैश्विक प्लास्टिक उद्योग में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को नुकसान पहुंचेगा।

xi. क्लोराइड और सल्फेट प्रक्रियाओं के माध्यम से उत्पादित टाइटेनियम डाइऑक्साइड (टीआईओ$_2$) विभिन्न बाजार खंडों की आवश्यकता को पूरी करता है और डीजीटीआर को उन्हें पाटनरोधी गणनाओं के लिए प्रतिस्थापनीय नहीं मानना चाहिए।

xii. चीन जन. गण. को एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के रूप में वर्गीकृत करना गलत है, क्योंकि चीन की कीमत निर्धारण और लागत संरचनाएं बाजार संचालित हैं और उन्हें सामान्य मूल्य निर्धारण में स्वीकार किया जाना चाहिए।

xiii. घरेलू उद्योग के लिए नियोजित पूंजी पर 22% की आय (आरओसीई) का प्रयोग करना गलत है क्योंकि यह पुराना है और इसके परिणामस्वरूप कृत्रिम रूप से उच्च क्षतिरहित कीमत (एनआईपी) ज्ञात होती है।

xiv. प्राधिकारी द्वारा पाटन मार्जिन का निर्धारण गलत है, क्योंकि इसमें प्रयुक्त पद्धति सौदा स्तर की कीमत भिन्नताओं को नहीं दर्शाती है और इसे तदनुसार समायोजित किया जाना चाहिए।

xv. पाटनरोधी शुल्क लगाना जनहित में नहीं होगा क्योंकि इससे पेंट, प्लास्टिक और कागज जैसे प्रमुख डाउनस्ट्रीम उद्योगों के लिए इनपुट लागत में वृद्धि हो जाएगी।

xvi. वैश्विक आर्थिक कारकों ने टाइटेनियम डाइऑक्साइड की कीमतों को प्रभावित किया है और प्राधिकारी को सभी कीमत गतिविधियों के लिए पाटन को जिम्मेदार नहीं ठहराना चाहिए।

xvii. घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति आयात के कारण नहीं, बल्कि उत्पादन में अकुशलता, पुरानी तकनीक और उच्च प्रचालन लागत के कारण हुई है।

xviii. सामान्य मूल्य की गणना में प्रतिनिधि देश पद्धति का प्रयोग गलत है, जिसमें जोर दिया गया है कि चीन जन. गण. को बाजार अर्थव्यवस्था के रूप में माना जाना चाहिए।

xix. घरेलू उद्योग प्रतिस्पर्धी कीमतों पर टाइटेनियम डाइऑक्साइड की आपूर्ति करने में असमर्थ रहा है, जिससे पाटन के मामले के बजाय आयात की ओर स्वाभाविक बदलाव हुआ है।

xx. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने संदर्भ कीमत आधारित पाटनरोधी शुल्क का यह कहते हुए विरोध किया है कि ऐसे शुल्कों में गड़बड़ी की संभावना है और वे वास्तविक बाजार स्थितियों को प्रदर्शित नहीं कर सकते हैं।

xxi. अनुरोध है कि क्षति मार्जिन गणना का पुनर्मूल्यांकन किया जाए, जिससे यह सुनिश्चित हो कि कच्ची सामग्री और अन्य आर्थिक स्थितियों में लागत में उतार-चढ़ाव का उचित ढंग से लेखांकन किया जा सके ।

xxii. वैश्विक आर्थिक कारकों के कारण आयात की पहुंच कीमत में काफी उतार-चढ़ाव आया है।

xxiii. ब्राजील और यूरोपीय संघ में इसी तरह की पाटनरोधी जांच ने क्षति मूल्यांकन के लिए विभिन्न तरीकों का इस्तेमाल किया है, जो यह संकेत करता है कि प्राधिकारी को अपने दृष्टिकोण को वैश्विक प्रथाओं के अनुरूप बनाना चाहिए।

xxiv. पाटन मार्जिन की गणना वास्तविक बाजार व्यवहार को प्रदर्शित नहीं करती है, क्योंकि भारित औसत सौदा स्तर की कीमत अंतरों पर विचार नहीं करता है।

xxv. भारतीय आयातकों ने अपनी स्रोत की कार्यनीतियों में विविधता अपनाई है, जिसका अर्थ है कि चीन के आयातों पर शुल्क घरेलू उद्योग को लाभ पहुंचाने के बजाय अन्य आपूर्तिकर्ता देशों में स्थानांतरित हो सकता है।

xxvi. यह अनुरोध है कि डीजीटीआर उन पेंट कंपनियों के नामों का प्रकटन करें जिन्होंने कथित तौर पर घरेलू उद्योग से रूटाइल-सल्फेट टीआईओ$_2$ खरीदा है, जैसा कि प्रकटन विवरण में दावा किया गया है।

xxvii. भारत में पेंट उद्योग तेजी से बढ़ रहा है और उसे प्रतिस्पर्धी कीमतों पर टाइटेनियम डाइऑक्साइड की स्थिर आपूर्ति की आवश्यकता है, जिसे घरेलू उद्योग सुनिश्चित नहीं कर पाया है।

xxviii. घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति अतिशोक्तिपूर्ण है, क्योंकि पेंट और कोटिंग्स की मांग मजबूत बनी हुई है, जिससे उत्पादक लाभप्रद ढंग से प्रचालन करने में सक्षम है।

ड.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

i. अपेक्षाकृत स्थिर मांग के बावजूद क्षति अवधि में आयात में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे घरेलू बाजार के हिस्से में गिरावट आई है।

ii. घरेलू उद्योग का दावा है कि चीन के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के दर्जे को जारी रखा जाना चाहिए और तदनुसार, सामान्य मूल्य निर्धारित किया जाना चाहिए।

iii. चीन की अधिशेष उत्पादन क्षमता भारत की कुल मांग से काफी अधिक है, जिसका अर्थ है कि हस्तक्षेप न होने पर पाटित आयात जारी रहने की संभावना है।

iv. पाटित आयातों ने उत्पादन, बिक्री, लाभ और निवेश पर आय को प्रभावित किया है, जिससे वित्तीय दबाव और क्षमता का अल्प उपयोग हुआ है।

v. घरेलू उद्योग का तर्क है कि पाटित आयात और घरेलू उत्पादकों को हुई क्षति के बीच एक प्रत्यक्ष संबंध है।

vi. बिक्री की लागत में वृद्धि हुई है, परंतु बिक्री कीमत में गिरावट आई है, जिससे लाभ में तेजी से कमी आई है और निवेश पर नकारात्मक आय (आरओआई) हुई है।

vii. पाटित आयातों के कारण हाल के वर्षों में घरेलू विनिर्माताओं द्वारा नकद घाटा दर्ज किया गया है।

viii. कम कीमत वाले आयातों के कारण मूल्य ह्रास ने घरेलू उद्योग को बढ़ती लागतों के अनुसार कीमतें बढ़ाने से रोका है।

ix. चीन के आयातों का बाजार हिस्सा लगातार बढ़ा है जबकि घरेलू उत्पादन का हिस्सा काफी कम हो गया है।

x. घरेलू उद्योग जांच के दायरे से खाद्य, भेषज, स्किन केयर, कपड़ा और नैनो/अल्ट्राफाइन टाइटेनियम डाइऑक्साइड को बाहर रखने का समर्थन करता है।

xi. घरेलू उद्योग पाटनरोधी शुल्क के दायरे से रूटाइल-सल्फेट टीआईओ2 को बाहर रखने का कड़ा विरोध करता है। रूटाइल-क्लोराइड और रूटाइल-सल्फेट दोनों ग्रेड में समान रासायनिक और भौतिक गुण होते हैं।

xii. कीमतों में भिन्नता का वैध कारण नहीं है, क्योंकि उत्पादन लागत तुलनीय है।

xiii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि प्राधिकारी की पीसीएन पद्धति गलत है, परंतु घरेलू उद्योग का तर्क है कि पीसीएन पद्धति क्रिस्टलीय संरचना (रूटाइल और एनाटेस) पर आधारित होनी चाहिए, न कि प्रक्रिया (क्लोराइड और सल्फेट) पर।

xiv. संबद्ध देश के उत्पादकों/निर्यातकों ने उच्च लागत अंतर का दावा करके प्राधिकारी को गुमराह किया है, जबकि सत्यापित आंकड़े दर्शाते हैं कि लागत तुलनीय है।

xv. ब्राजील और यूरोपीय संघ के प्राधिकारियों ने रूटाइल-सल्फेट और रूटाइल-क्लोराइड ग्रेड को एक ही उत्पाद माना है और प्राधिकारी को भी ऐसा ही करना चाहिए।

xvi. घरेलू उद्योग यह बताए हुए निर्धारित एनआईपी पर प्रश्न उठाता है कि टीआईओ2 के लिए कोटिंग लागत को कम करके आंका गया है। घरेलू उद्योग ने उच्च वास्तविक कोटिंग लागत दर्शाते हुए वित्तीय रिकॉर्ड प्रदान किए हैं, जिन्हें अंतिम निर्धारण में शामिल किया जाना चाहिए। घरेलू उत्पादकों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के लिए क्षति मार्जिन और पाटन मार्जिन को इन समायोजनों में प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

xvii. घरेलू उद्योग संदर्भ कीमत आधारित पाटनरोधी शुल्क का कड़ा विरोध करता है। आयातक शुल्कों से बचने के लिए बीजकों में गड़बड़ी कर सकते हैं। पूर्ववर्ती जांचों से पता चलता है कि संदर्भ कीमत शुल्क निष्प्रभावी थे, जिसके कारण बाद की समीक्षाओं में उन्हें नीयत शुल्कों से बदल दिया गया।

xviii. यह सुनिश्चित करने के लिए कि शुल्क प्रभावी रूप से लागू किए जाएं और उनसे बचा न जाए, शुल्क की एक नीयत राशि लगाई जानी चाहिए।

xix. घरेलू उद्योग स्वीकार करता है कि भारतीय बाजार में मांग - आपूर्ति का अंतर है, परंतु यह भी दावा करता है कि भारतीय उत्पादक इस अंतर को पाटने के लिए सक्रिय रूप से अपनी क्षमता का विस्तार कर रहे हैं।

xx. मेघमनी ऑर्गेनिक्स ने नई उत्पादन इकाइयां स्थापित की हैं और मौजूदा उत्पादकों (केएमएमएल, टीटीपीएल) के पास उत्पादन बढ़ाने के लिए निवेश योजनाएं हैं।

xxi. यदि पाटन अनियंत्रित रूप से जारी रहता है, तो नियोजित विस्तार खतरे में पड़ जाएगा, जिससे दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता को नुकसान पहुंचेगा।

xxii. घरेलू उद्योग इस दावे को अस्वीकार करता है कि पाटनरोधी शुल्क उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचाएगा।

xxiii. टीआईओ2 पेंट, प्लास्टिक और कागज की कुल लागत का एक छोटा प्रतिशत बनाता है। अंतिम उत्पादों पर वास्तविक लागत प्रभाव मामूली (0.012 प्रतिशत से 1.44 प्रतिशत) है।

xxiv. गैर-संबद्ध देशों (जैसे ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया और मैक्सिको) के वैकल्पिक आपूर्तिकर्ता चीन के आयातों को प्रतिस्थापित करने के लिए मौजूद हैं।

xxv. घरेलू उद्योग ने इस बात पर ध्यान दिलाया है कि ब्राजील, सऊदी अरब, यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू), यूरोपीय संघ और अमेरिका सभी ने चीन के टीआईओ2 पर एडीडी लगाया है।

xxvi. इन वैश्विक रुझानों को देखते हुए भारत को भी बाजार विकृति और चीन से व्यापार विचलन को रोकने के लिए शुल्क लगाना चाहिए।

xxvii. घरेलू उद्योग पांच वर्ष की अवधि के लिए अमेरिकी डॉलर में एक नीयत राशि में पाटनरोधी शुल्क के लिए अनुरोध करता है।

ड.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

121. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रकटन के पश्चात की गई टिप्पणियों की जांच की है। यह नोट किया जाता है कि जो टिप्पणियां पुनरावृत्ति हैं और जिनकी पहले ही उपयुक्त ढंग से जांच की जा चुकी है तथा इस अंतिम जांच परिणाम के संगत पैराग्राफों में पर्याप्त रूप से ध्यान दिया गया है, उन्हें संक्षिप्तता के लिए प्राधिकारी द्वारा प्रकटन के पश्चात की जांच में दोहराया नहीं जा रहा है। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए मुद्दों के अलावा जो मुद्दे विस्तार से जांचे गए हैं तथा जिन्हें प्राधिकारी द्वारा प्रासंगिक माना गया है, उनकी जांच निम्नानुसार की गई है।

122. जहां तक घरेलू उद्योग के इस तर्क का संबंध है कि पीसीएन पद्धति क्रिस्टलीय संरचना पर आधारित होनी चाहिए, प्राधिकारी दोहराते है कि पीसीएन को सही ढंग से अपनाया गया था क्योंकि यह उत्पादन प्रक्रिया और लागत और मूल्य अंतर को शामिल करने के लिए क्रिस्टलीय संरचना से परे है। यह व्यापक वर्गीकरण मूल्य निर्धारण को

ध्यान में रखते हुए अधिक सटीक और निष्पक्ष तुलना की अनुमति देता है और दो प्रक्रियाओं के तकनीकी अंतर का ठीक से हिसाब लगाया जाता है।

123. सल्फेट और क्लोराइड रूटाइल टाइटेनियम डाइऑक्साइड दोनों की विनिमेयता और प्रतिस्पर्धी बाजार स्थिति को देखते हुए, प्राधिकारी का निष्कर्ष है कि विचाराधीन उत्पाद के दायरे में सल्फेट-रूटाइल टाइटेनियम डाइऑक्साइड को शामिल करना उचित और उचित है।

124. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि आंतरिक अक्षमता, कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों जैसे अन्य कारकों ने घरेलू उद्योग को नुकसान पहुंचाया है और कीमतों में कमी आई है, यह नोट किया गया है कि डंप किए गए आयात घरेलू उद्योग के मूल्य निर्धारण और लाभप्रदता को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक हैं। आँकड़ों की जाँच से पता चलता है कि घरेलू उद्योग का विक्रय मूल्य वर्ष 2022-23 से लगातार लागत से कम रहा है, जबकि आयात की उतराई कीमत बिक्री की लागत से भौतिक रूप से कम रही है, जिससे महत्त्वपूर्ण मूल्य दमन उत्पन्न हुआ है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग के नुकसान के लिए आंतरिक अक्षमताओं या आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों को जिम्मेदार ठहराने वाले दावों को किसी भी ठोस सबूत के साथ प्रमाणित नहीं किया गया है। कच्चे माल में कथित उतार-चढ़ाव, यदि कोई हो, एक ऐसा कारक है जो घरेलू उद्योग और निर्यातकों दोनों को समान रूप से प्रभावित करता है।

125. कैपिटल एम्प्लॉयड (आरओसीई) बेंचमार्क पर 22% रिटर्न का लगातार एंटी-डंपिंग जांच में उपयोग किया गया है, जो घरेलू उद्योग के लिए निवेश पर उचित रिटर्न सुनिश्चित करता है। प्राधिकारी को इस मामले में अपनी स्थापित प्रथा से हटने का कोई ठोस कारण नहीं मिला। एनआईपी का प्राधिकारी का निर्धारण एंटी-डंपिंग नियमों के अनुलग्नक III में उल्लिखित स्थापित सिद्धांतों पर आधारित है।

126. निर्यातकों ने पहले लेन-देन के लिहाज से डंपिंग मार्जिन का अनुरोध नहीं किया था और जांच के इस चरण में लेनदेन स्तर पर एनआईपी और सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा, रिकॉर्ड पर दी गई जानकारी विभिन्न अवधियों के बीच निर्यात मूल्य में सुसंगत और महत्वपूर्ण अंतर नहीं दिखाती

है। भारित औसत का उपयोग करने के लिए मामूली मूल्य भिन्नताओं का हिसाब लगाया जाता है, जिससे उचित तुलना सुनिश्चित होती है। निर्यातकों द्वारा यह दर्शाने के लिए कोई ठोस साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया है कि वैकल्पिक दृष्टिकोण से अधिक सटीक परिणाम प्राप्त होंगे।

127. घरेलू उद्योग ने प्रासंगिक साक्ष्य के साथ उन पेंट निर्माताओं के नाम प्रदान किए हैं जिन्हें माल बेचा गया है।

128. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश के निर्यातकों/उत्पादकों से आयातित सल्फेट-रूटाइल टाइटेनियम डाइऑक्साइड के बीच उचित तुलना सुनिश्चित करने के लिए, क्षति मार्जिन और डंपिंग मार्जिन निर्धारित करने के लिए कोटिंग लागत के कारण उचित समायोजन किया गया है।

129. कोटिंग लागत के कम आकलन के संबंध में घरेलू उद्योग के तर्क के संबंध में, प्राधिकारी नोट करता है कि कोटिंग लागत का आकलन घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए सत्यापित आंकड़ों पर आधारित है और एंटी-डंपिंग नियमों के अनुबंध III के तहत निहित सिद्धांतों के अनुसार प्रासंगिक लागत घटकों पर विचार करने के बाद किया जाता है।

ढ. <u>निष्कर्ष</u>

130. ऊपर यथा दर्ज किए गए अनुरोधों, उपलब्ध कराई गई सूचना तथा प्राधिकारी के समक्ष उपलब्ध तथ्यों के आधार पर पाटन और घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति के उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर, प्राधिकारी निम्नलिखित निष्कर्ष पर पहुंचे हैं:

i. विचाराधीन उत्पाद का दायरा चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "टाइटेनियम डाइऑक्साइड" है।

ii. संबद्ध वस्तु को सीमा शुल्क उपशीर्ष 28230010 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है तथा चूंकि यह एक पिगमेंट है, इसलिए संबद्ध वस्तु के आयात को 32061110 और 32061190 के अंतर्गत भी दर्ज किया जा रहा है।

iii. यह आवेदन मेसर्स केरल मिनरल्स एंड मेटल्स लिमिटेड, मेसर्स त्रावणकोर टाइटेनियम प्रोडक्ट्स लिमिटेड और मेसर्स वीवी टाइटेनियम पिगमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। आवेदक नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत घरेलू उद्योग बनाते हैं और आवेदन नियम 5(3) के अनुसार स्थिति संबंधी मानदंडों को पूरा करता है।

iv. चीन जन. गण. से निर्यातित संबद्ध वस्तु और घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित वस्तु, पाटनरोधी नियमावली, 1995 के नियम 2(घ) के अनुसार एक दूसरे के समान वस्तुएं हैं।

v. विचाराधीन उत्पाद को सामान्य मूल्य से कम कीमत पर भारत में निर्यात किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप पाटन हुआ है। पाटन मार्जिन न्यूनतम सीमा से अधिक और काफी अधिक है।

vi. संबद्ध आयातों की मात्रा क्षति अवधि के दौरान विशेष रूप से जांच की अवधि में समग्र और सापेक्ष रूप से बढ़ी है। संबद्ध देश के आयात, पूरी क्षति अवधि के दौरान भारत में हुए कुल आयातों का अधिकांश हिस्सा है।

vii. आयात घरेलू उद्योग की कीमतों पर काफी ह्रासकारी प्रभाव डाल रहे हैं।

viii. आधार वर्ष और 2021-22 से उत्पादन और क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई जिसके बाद गिरावट आई थी। देश में उच्च मांग के बावजूद क्षमता उपयोग कम है।

ix. घरेलू उद्योग की बिक्री में 2021-22 तक वृद्धि हुई, 2022-23 में गिरावट आई और जांच की अवधि में इसमें वृद्धि हुई।

x. घरेलू मांग में संबद्ध देश से आयात का बाजार हिस्सा बढ़ा है जबकि घरेलू उद्योग के हिस्से में क्षति अवधि में गिरावट आई है।

xi. क्षति अवधि के दौरान लाभ और नकद लाभ में गिरावट आई है, घरेलू उद्योग 2022-23 और जांच की अवधि से घाटे में है। आरओआई में भी भारी गिरावट आई है और जांच की अवधि में यह *** प्रतिशत नकारात्मक थी।

xii. क्षति अवधि के दौरान औसत सूची में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

xiii. क्षति अवधि के दौरान कर्मचारियों की संख्या और प्रदत्त मजदूरी में कमी आई है जबकि पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में जांच अवधि में इसमें मामूली वृद्धि हुई है।

xiv. आधार वर्ष और 2021-22 में प्रति कर्मचारी उत्पादकता में वृद्धि हुई, जबकि 2022-23 और जांच अवधि में इसमें कमी आई।

xv. पाटित मूल्य वाले आयातों ने घरेलू उद्योग की वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।

xvi. ऐसा प्रतीत होता है कि किसी अन्य कारक ने घरेलू उद्योग को क्षति नहीं पहुंचाई है। यह नोट किया जाता है कि पाटित आयातों के परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है, और संबद्ध देश से क्षति के खतरे का सामना करना पड़ रहा है।

ण. <u>सिफारिशें</u>

131. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच शुरू की गई थी और सभी हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया गया था तथा उन्हें क्षति, कारणात्मक संबंध और उपायों के प्रभाव के पहलू के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया था। पाटनरोधी शुल्क नियमावली के अंतर्गत यथा निर्धारित पाटनरोधी जांच के प्रावधानों के अनुसार जांच शुरू करने और संचालित करने के बाद, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि शुल्क संबद्ध वस्तु पर लागू किया जाना चाहिए। तदनुसार, प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं।

132. इसके अलावा, एचएस कोड 28230001 के अंतर्गत विचाराधीन उत्पाद के आयात के संबंध में निकाले गए निष्कर्ष को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी इस कोड के अंतर्गत आने वाले विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क के संग्रहण की सिफारिश करते हैं।

133. कम शुल्क नियम का पालन करने के संबंध में, प्राधिकारी डंपिंग के मार्जिन और क्षति के मार्जिन के बराबर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाने की सिफारिश करता है ताकि घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को दूर किया जा सके। तदनुसार, प्राधिकारी इस संबंध में अधिसूचना जारी होने की तारीख से 5 साल की अवधि के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी किए जाने वाले नीचे संलग्न शुल्क तालिका के कॉलम 7 में उल्लिखित राशि के बराबर,

विषयगत देश में उत्पन्न होने वाले या वहां से निर्यात किए गए विषयगत वस्तुओं के आयात पर निश्चित एंटी-डंपिंग शुल्क लगाने की सिफारिश करता है।

<u>शुल्क तालिका</u>

क्रम सं.	शीर्षक/उप-शीर्षक	माल का विवरण	मूल देश	निर्यात का देश	उत्पादक	कुल धनराशि	माप की इकाई	मुद्रा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1.	28230010, 32061110, और 32061190 *	टाइटेनियम डाइऑक्साइड **	चीन पीआर	चीन पीआर सहित कोई भी देश	अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड (समूह) कं, लिमिटेड	609	एमटी	अमरीकी डालर
					अनहुई गोल्ड स्टार टाइटेनियम डाइऑक्साइड ट्रेडिंग कं, लिमिटेड			
2.	-वही-	-वही-	चीन पीआर	चीन पीआर सहित कोई भी देश	शेडोंग जिन्हाई टाइटेनियम संसाधन प्रौद्योगिकी कं, लिमिटेड	563	एमटी	अमरीकी डालर

क्रम सं.	शीर्षक/उप-शीर्षक	माल का विवरण	मूल देश	निर्यात का देश	उत्पादक	कुल धनराशि	माप की इकाई	मुद्रा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
					शेडोंग ज़ियांगहाई टाइटेनियम संसाधन प्रौद्योगिकी कं, लिमिटेड			
3.	-वही-	-वही-	चीन पीआर	चीन पीआर सहित कोई भी देश	एलबी जियांगयांग टाइटेनियम उद्योग कंपनी लिमिटेड, और	460	एमटी	अमरीकी डालर
					एलबी सिचुआन टाइटेनियम उद्योग कं, लिमिटेड			
					एलबी लुफेंग टाइटेनियम उद्योग कं, लिमिटेड			
					एलबी समूह कं, लिमिटेड			
					हेनान			

क्रम सं.	शीर्षक/उप-शीर्षक	माल का विवरण	मूल देश	निर्यात का देश	उत्पादक	कुल धनराशि	माप की इकाई	मुद्रा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
					बिल्यन एडवांस्ड मटेरियल्स कं, लिमिटेड			
4.	-वही-	-वही-	चीन पीआर	चीन पीआर सहित कोई भी देश	****गैर-नमूना सहकारी उत्पादक	510	एमटी	अमरीकी डालर
5.	-वही-	-वही-	चीन पीआर	विषय देश के अलावा कोई भी देश	एसएन 1, 2, 3, और 4 के अलावा कोई भी निर्माता	681	एमटी	अमरीकी डालर
6.	-वही-	-वही-	विषय देश के अलावा कोई भी देश	चीन पीआर	कोई	681	एमटी	अमरीकी डालर

**नोट - सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है तथा पाटनरोधी शुल्क का निर्धारण पीयूसी के विवरण के अनुसार किया जाएगा।*

*****निम्नलिखित को छोड़कर:***

क्र.सं.	***बाहर रखे***	***बाहर रखे गए उत्पाद का वर्णन और विवरण***

	गए उत्पाद	
1	खाद्य	रंग जैसे खाद्य योजकों में उपयोग किया जाने वाला खाद्य टीआई02
2	फार्मा	*टेबलेट फिल्म कोटिंग में भाग के रूप में प्रयुक्त* टीआई02
3	*त्वचा देखभाल*	*टीआई02 का उपयोग यूवी- अवशोषक और फोटोकैटेलिस्ट अनुप्रयोगों के लिए कॉस्मेटिक्स और सनस्क्रील लोशन में में किया जाता है*
4	वस्त्र	*फाइबर के उत्पादन में उपयोग किया जाने वाला कपड़ा टीआई02। टीआई02 जिसका उपयोग मुख्य रूप से उसकी फोटो-कैटेलिटिक स्व-सफाई, यूवी-सुरक्षा और डिलस्टरिंग क्षमताओं आदि के कारण वस्त्र और रेशों के उत्पादन में किया जाता है, को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा गया है।* ***हालाँकि, इस प्रकार उसे बाहर रखा जाना टीआई02 पर लागू नहीं होता है जिसका उपयोग वस्त्र/परिधान/कपड़े/फैब्रिक पर छपाई के लिए वर्णक के रूप में किया जाता है।***
5	*फाइबर*	*फाइबर टीआई02 का उपयोग कृत्रिम फाइबर को डिलस्टर करने के लिए किया जाता है और इस फाइबर का उपयोग वस्त्रों के उत्पादन के लिए किया जाता है। फाइबर ग्रेड सामग्री का उपयोग फाइबर धागे के साथ मिश्रण करने के लिए किया जाता है ताकि कपड़ा खुद बनाया जा सके। टीआई02 रूटाइल ग्रेड डेकोर पेपर बनाने के लिए (फाइबर/पल्प स्टेज पर उपयोग किया जाता है)।*
6	*नैनो या*	*नैनो या अल्ट्राफाइन टाइटेनियम डाइऑक्साइड जिसका*

	अल्ट्राफाइन	*कण आकार 100 एनएम से कम है, का उपयोग कपड़ा/पेंट उद्योग में धूल मुक्त कपड़ा/पेंट जैसी विशेषताएं देने के लिए किया जाता है।*

*****गैर-नमूना सहकारी उत्पादक:*

1. *यिबिन तियानयुआन ग्रुप कंपनी लिमिटेड*
2. *पैंगांग समूह की चोंगकिंग टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड*
3. *पैंगांग ग्रुप टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड*
4. *जियांगशी तिकोन टाइटेनियम प्रोडक्ट्स कंपनी लिमिटेड (एक ट्रोनॉक्स कंपनी)*
5. *कुनमिंग डोंगहाओ टाइटेनियम कंपनी लिमिटेड*
6. *इंटर-चाइना केमिकल कंपनी लिमिटेड*
7. *अनहुई अन्नदा टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड*
8. *शेडोंग डोगाइड ग्रुप कंपनी लिमिटेड*
9. *कियानजियांग फ़ांगयुआन टाइटेनियम उद्योग कं, लिमिटेड*
10. *जिनान युक्सिंग केमिकल कंपनी लिमिटेड*
11. *निंगबो शिनफू टाइटेनियम डाइऑक्साइड कंपनी लिमिटेड*
12. *शेडोंग डॉन टाइटेनियम इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड*

134. इस अधिसूचना के प्रयोजनार्थ आयातों का पहुंच मूल्य सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) के अंतर्गत सीमा शुल्क द्वारा यथा निर्धारित आकलन योग्य मूल्य होगा तथा इसमें उक्त अधिनियम की धारा 3, 8ख, 9, 9क के अंतर्गत शुल्कों को छोड़कर सभी सीमा शुल्क शामिल होंगे।

त. <u>आगे की प्रक्रिया</u>

135. इस अंतिम जांच परिणाम से उत्पन्न प्राधिकारी के आदेश के विरुद्ध कोई अपील सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम के संगत प्रावधानों के अनुसार सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष की जाएगी।

दर्पण जैन

(दर्पण जैन)

निर्दिष्ट प्राधिकारी